फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 268 प्रभात जयपुर, मंगलवार 30 अप्रेल, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**Indian Military Changed the course Of The Two World Wars**

In late April 1915, during the Second Battle of Ypres, the Indian military were among the first to be exposed to chemical warfare.

**Nanoparticles Could Fight Multiple Strains Of Covid Virus**

# क्या गहलोत की टीम बाड़मेर में कांग्रेस के उम्मीदवार उम्मेदाराम बेनीवाल को हराने के लिये लगी रही अंत तक?

## उम्मेदाराम बेनीवाल को हराने के लिये गहलोत टीम बाड़मेर में निर्दलीय उम्मीदवार रविन्द्र सिंह भाटी के पक्ष में दिलो जान से कार्यरत रही

- गहलोत की टीम के सदस्य थे, मेवाराम जैन, वी.पी. सिंह राठौड़, अमीन खान। अमीन खान को तो कांग्रेस से निष्कासित भी किया गया है, रविन्द्र सिंह भाटी के पक्ष में भारी संख्या में मुस्लिम वोट डलवाने के कारण।
- बेनीवाल ग्रुप के लोग, दो कारों का किस्सा बड़े जोर-शोर से सुना रहे हैं, गहलोत टीम की इस साजिश को प्रमाणित करने के लिये।
- किस्से के अनुसार, गहलोत को बाड़मेर आना था, घोषित प्रोग्राम के अनुसार कांग्रेस उम्मीदवार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने।
- उनकी बाड़मेर यात्रा के लिए दो गाड़ियां बुक की गयीं, गहलोत के नाम से तथा उत्तरलायी एयरपोर्ट पर इन दोनों गाड़ियों को प्रवेश करने की इजाज़त के लिये स्वीकृति भी प्राप्त की गयी।
- पर, अन्ततोगत्वा गहलोत बाड़मेर नहीं आये तथा इन गाड़ियों का उपयोग रविन्द्र सिंह भाटी ने किया।
- ये गाड़ियां टैक्यिसां नहीं थीं, वरन् मेवाराम जैन के नजदीकी व्यक्ति की प्राइवेट गाडियां थीं, जो गहलोत के लिये उपलब्ध करायी गई थीं।

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। अपने पक्ष में अशोक गहलोत कह रहे हैं कि, गाड़ियाँ जैन ट्रैवल्स से किराए पर ली गई थीं, लेकिन, जब उनके पुत्र वैभव की सनलाइट ट्रैवल्स नाम की अपनी ही कंपनी है तो कारें किसी और कंपनी से किराए पर क्यों ली जानी चाहिए।

जानकार लोगों का कहना है कि, जो गाड़ियाँ इस्तेमाल की जा रही थीं वो टैक्सी नहीं, प्राइवेट गाड़ियाँ थीं।

ये कारें मेवा राम जैन के करीबी लोगों की थीं। ज्ञातव्य है कि, मेवा राम जैन को पार्टी से निकाल दिया गया था, लेकिन, वो अभी भी गहलोत के काफी करीब हैं और गहलोत उन्हें पार्टी में वापस लाने का प्रयास कर रहे हैं।

ये वही मेवा राम हैं, जिनके वीडियो से राजनीतिक क्षेत्रों में हलचल मच गई थी, और जिसके कारण उन्हें पार्टी से निकाल दिया गया था।

अशोक गहलोत तथा मेवा राम जैन के एक और करीबी व्यक्ति हैं वी.पी. सिंह राठौड़, जो कांग्रेस के आदमी हैं लेकिन उनका फेस बुक पेज रविन्द्र सिंह भाटी के प्रचार से भरा हुआ है।

अमीन खान की भी यही कहानी है, जिन्हें भी पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। इस पूरी टीम की निष्ठा अशोक गहलोत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'ट्रेन में यात्री के सामान की चोरी के लिए रेलवे जिम्मेदार'

- जिला उपभोक्ता आयोग ने रश्मि शाह के परिवाद पर यह निर्णय सुनाया और रेल्वे पर डेढ़ लाख रू. का हर्जाना लगाया।

जयपुर, 29 अप्रेल। जिला उपभोक्ता आयोग ने चलती ट्रेन में यात्री के सामान की चोरी के लिए रेलवे प्रशासन को जिम्मेदार माना है और उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक को कहा है कि, मानसिक संताप और परिवाद व्यय के तौर पर परिवादी को डेढ़ लाख रुपए अदा करे। इसके अलावा, चोरी हुए एक लाख सत्तर हजार रुपए व अस्सी हजार रुपए की अंगूठी की कीमत भी, परिवाद पेश करने की तिथि से नौ फीसदी ब्याज सहित अदा करे। आयोग अध्यक्ष अशोक शर्मा और सदस्य विनोद कुमार सैनी ने यह आदेश रश्मि शाह के परिवाद पर सुनवाई करते हुए दिए। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि परिवादी ए.सी. कोच में यात्रा कर रही थी और इस दौरान उसके सामान की रक्षा करने की जिम्मेदारी रेलवे के कर्मचारियों की थी। कर्मचारियों की लापरवाही के कारण परिवादी का सामान चोरी हो गया।

परिवाद में कहा गया कि, परिवादी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# बी.ए.पी. की कड़ी चुनौती के बाद भी बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट भाजपा के पास जाने के संकेत

## पर जीत का अंतर बहुत कम रहने की संभावना है

- इस सीट पर अंतिम समय में कांग्रेस और बाप पार्टी का गठबंधन हुआ और नेतृत्व के निर्देश के बाद भी कांग्रेस प्रत्याशी अरविन्द डामोर ने नाम वापस नहीं लेकर मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया और भाजपा की राह आसान कर दी।
- बाप पार्टी की तरफ से युवा नेता राजकुमार रोत मैदान में हैं, उनके पास युवा वर्ग का भारी समर्थन है, पर भाजपा प्रत्याशी महेन्द्रजीत सिंह मालवीय, जो कांग्रेस से आए हैं, का क्षेत्र में काफी दबदबा है, उनके पास धन और संगठन की ताकत है, साथ ही वे बेहद अनुभवी भी हैं।
- सूत्रों का कहना है कि, इस सीट पर मालवीया ही कांग्रेस के सबसे कद्दावर नेता थे, अब वे भाजपा में चले गए हैं तो स्वाभाविक ही है कि, कांग्रेस कमजोर पड़ गई है।

उदयपुर, 29 अप्रेल (कासं)। बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट के 8 विधानसभा क्षेत्रों में इस बार 72.77 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया। आंकड़ों में देखे तो यह मतदान पिछले चुनाव की तुलना में 0.13 प्रतिशत कम रहा है। यहां भारतीय आदिवासी पार्टी (बाप) और भाजपा के बीच सीधा मुकबला है। हालांकि यहां कांग्रेस प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लेकर त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति खड़ी कर दी, जिसका फायदा भाजपा को मिलता दिख रहा है। राजनीतिक जानकारों का भी मानना है कि जीत का संकेत भाजपा की ओर जाता दिख रहा है।

इस सीट पर 2009 में 52.68 फीसदी मतदान हुआ था तब कांग्रेस जीती थी। लेकिन बाद में 2014 में मतदान 68.86 और 2019 में 72.75 फीसदी मतदान हुआ तो दोनों ही बार फायदा भाजपा को मिला, दोनों बार मोदी लहर थी। इस बार 0.13 प्रतिशत वोटिंग कम हुई है और मोदी लहर भी बरकरार है, लेकिन जिस तरह से बी.ए.पी. यहां से हमेशा स्थानीय और जातिगत उठती रही है उससे इस सीट पर बाप पार्टी का जोर भी है और कांग्रेस को इसी वजह से गठबंधन करना पड़ा। बाप पार्टी ने चुनाव भी स्थानीय मुद्दों पर लड़ा है, हालांकि बाप पार्टी ने जोरदार कोशिश की है लेकिन, भाजपा प्रत्याशी महेन्द्र जीत सिंह मालवीय की जीत की संभावना ज्यादा प्रबल है भले ही जीत का अंतर कम रह सकता है। भाजपा प्रत्याशी महेंद्र जीत सिंह मालवीया वागड़ की राजनीति में एक बड़ा अनुभव रखते हैं। वर्ष 2014 में जब मोदी की लहर थी तब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के कई दिग्गज मंत्री और नेता हार गए लेकिन तब भी मालवीया जीते थे। इस सीट पर मालवीया के कारण ही कांग्रेस का वर्चस्व था, अब जब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'हमने जमानत के लिये अर्जी इसलिये नहीं डाली, क्योंकि गिरफ्तारी ही गैर कानूनी थी'

- केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट में केजरीवाल की जमानत पर पुरजोर बहस की। सिंघवी ने यह भी कहा कि, ''गिरफ्तार करने का अधिकार, गिरफ्तारी को आवश्यक नहीं बना देता। केवल संदेह (सस्पिशन) के कारण गिरफ्तारी नहीं की जा सकती, ''गिल्ट'' (दोष) स्थापित करना जरूरी है।

**-जाल खंबाता-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने शीर्ष अदालत से अनुरोध किया कि गिरफ्तारी का कारण सिर्फ संदेह ना होकर अपराध सिद्धि होना चाहिए। सिंघवी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए उसे संघीय ढांचे व स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों पर आधारित लोकतंत्र के सिद्धांतों पर एक अभूतपूर्व प्रहार की संज्ञा दी।

सिंघवी ने तर्क दिया कि माननीय जज ऐसा कोई भी केस नहीं ढूंढ़ पाएंगे जिसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पी.एम.एल.ए.) की धारा 50 पर ध्यान दिए बिना गिरफ्तारी की गई हो। उन्होंने कहा कि इसका एकमात्र अपवाद था संजय सिंह की गिरफ्तारी। उस केस में भी धारा 50 को रिकॉर्ड पर नहीं लिया गया था। उनकी गिरफ्तारी के दो साल बाद अपराध का पता चला।

सिंघवी ने ध्यान दिलाया कि ''एक को छोड़कर किसी भी गवाह के धारा 50 के बयानों में केजरीवाल का नाम नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि इलैक्टोरल बॉण्ड्स खरीदने वाले बी.एस.आर. रेड्डी ने 17 बयान दिए थे। उन्होंने अप्रेल में नाम लिया था।'' केजरीवाल गत 21 मार्च को गिरफ्तार किए गए थे।

केस की सुनवाई मंगलवार को भी जारी रहेगी। इस बीच कोर्ट ने सिंघवी से पूछा कि जमानत का आवेदन निचली अदालत में क्यों है।

सिंघवी ने अभियोजनकर्ता पर चूहा-बिल्ली का खेल खेलने का आरोप लगाया।

सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि ''हम यह तय करना अभियोजनकर्ता पर निर्भर हैं कि प्रासंगिक क्या है। यह निष्पक्षता नहीं है? शरज रेड्डी केजरीवाल को अप्रेल तक दोषी नहीं ठहराते हैं, लेकिन ई.डी. इसके कारण बता सकती है कि रेड्डी के दसवें बयान को ही क्यों विश्वसनीय माना गया। सह-अपराधी से सरकारी गवाह बने बयान की तुलनात्मक पुष्टि करनी चाहिए, जो कि आपराधिक विधि का एक मूल सिद्धांत है। राघव मगुंता ने 4 बयान दिए, जिनमें से एक भी दोष सिद्धि के लायक एवं विश्वसनीय नहीं था। सरथ रेड्डी अपने 9 बयानों में कोई भी दोषारोपण नहीं करते हैं। उन्हें अपर्याप्त दस्तावेजों में रख दिया गया था। अभियोजनकर्ता की निष्पक्षता सर्वाधिक विचारणीय होती है। दोषमुक्ति सिद्ध करने वाली सामग्री को प्रकाश में लाना अभियोजनकर्ता का दायित्व है। आप चयन ही किसी बयान विशेष का करते हैं। यह चूहे और बिल्ली का खेल

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तीस जून को रिटायर हुए कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि

- राजस्थान हाई कोर्ट ने आदेश दिए कि, 30 जून को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को एक अप्रैल से लागू होने वाली वेतन वृद्धि की गणना कर एरियर दिया जाए।

जयपुर, 29 अप्रेल। राजस्थान हाईकोर्ट ने तीस जून को रिटायर होने वाले कर्मचारियों को राहत देते हुए उन्हें एक जुलाई को होने वाली वेतन वृद्धि का लाभ दिया है। अदालत ने संबंधित कर्मचारियों को एक वार्षिक वेतन वृद्धि की गणना कर एरियर भी देने को कहा है। जस्टिस गणेश राम मीणा की एकलपीठ ने यह आदेश शंभू दयाल नागर व अन्य की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि, याचिकाकर्ता ग्राम विकास अधिकारी के पद से 30 जून, 2021 को रिटायर हुए थे। सिविल सेवा संशोधित नियम, 2008 के तहत कर्मचारियों को एक साल की सेवा पूरी करने के बाद एक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देवेगौड़ा के पौत्र का ''सैक्स स्कैण्डल'' कर्नाटक के द्वितीय चरण के मतदान से पूर्व रिलीज़ हुआ!

## जैसा कि विदित ही है, कर्नाटक में देवेगौड़ा की पार्टी व भाजपा, चुनावी गठबंधन के अंतर्गत मिल कर चुनाव लड़ रहे हैं

- कांग्रेस के प्रवक्ता के अनुसार, भाजपा के नेता देवराज गौड़ा ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को आठ दिसंबर 2023 को पत्र लिखकर आगाह किया था कि, ऐसी कोई पैन ड्राइव सार्वजनिक हो रही है, जिनमें प्रमाण मौजूद हैं, पूर्व प्र.मंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र प्रज्वल रैवन्ना के, 3000 महिलाओं के ''सैक्शुअल अब्यूज़'' के प्रकरण में लिप्त होने के बारे में।
- इस ''पैन ड्राइव'' के किस्से का कर्नाटक के द्वितीय चरण के मतदान पर असर पड़ेगा ही, साथ ही ''इंडिया गठबंधन'' को मौका मिल गया है, बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में तृणमूल पार्टी के नेताओं के ''सैक्शुअल अब्यूज़'' के कारनामों के जवाब में भाजपा गठबंधन के साथी जद (एस) पर भी कीचड़ उछालने का।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। भाजपा के सहयोगी जनता दल (सैक्यूलर) के प्रत्याशी प्रज्वल जो कर्नाटक के एक जाने माने राजनैतिक परिवार ''देवेगौडा'' परिवार से ताल्लुक रखते है, के सैक्स स्कैंडल के रहस्योद्घाटन का समय इससे अधिक बुरा नहीं हो सकता था क्योंकि अभी आधे कर्नाटक में लोकसभा चुनाव के वोट पड़ने शेष हैं।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि पश्चिम बंगाल में संदेशखाली को फोकस कर किया जा रहा भाजपा का तमाम चुनाव प्रचार कर्नाटक में 3,000 महिलाओं के साथ किए गए श्रृंखलाबद्ध यौन उत्पीड़न पर भाजपा की चुप्पी से बेजान साबित हो सकता है। इससे कर्नाटक में उसके प्रत्याशियों की संभावनाएं कमज़ोर पड़ना तय है।

जे.डी. (एस.) प्रत्याशी एवं पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा के पौत्र के इस सैक्स स्कैण्डल में शामिल होने के मुद्दे को कांग्रेस ने पहले ही लपक लिया है। कांग्रेस ने भाजपा से प्रश्न किया है कि सारे सबूतों की जानकारी रखने के बावजूद उसने इस कथित बलात्कारी को चुनाव मैदान में उतारने में दिलचस्पी क्यों दिखाई।

कांग्रेस ने इस संबंध में कर्नाटक के भाजपा नेता द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को लिखे गए एक पत्र को जारी किया। पत्र में कहा गया था प्रज्वल रैवन्ना द्वारा हजारों युवा लड़कियों से किए गए यौन दुर्व्यवहार के साक्ष्य एक पैन ड्राइव में हैं। पत्र में वह यह बताना चाहते थे कि भाजपा इस काण्ड से अनभिज्ञ नहीं है, लेकिन इसके बावजूद उसने उस कथित प्रत्याशी को चुनाव मैदान में उतारकर उसका समर्थन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी उसके लिए चुनाव प्रचार किया।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कर्नाटक के भाजपा नेता देवराज गौड़ा द्वारा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को 8 दिसम्बर 2023 को लिखे गए एक पत्र को ट्वीट किया। पत्र में एक पैन ड्राइव की मौजूदगी की बात कही गई है जिसमें प्रज्वल रैवन्ना के अश्लील वीडियो हैं। भाजपा नेता ने पत्र में प्रश्न किया है कि भाजपा ने इसके बावजूद भी जे.डी. (एस.) के साथ चुनावी गठबंधन क्यों किया और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि श्रृंखलाबद्ध बलात्कारों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर उन्हें पैन ड्राइव में रखने वाले के खिलाफ कोई एक्शन क्यों नहीं

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# अन्ततोगत्वा जोधपुर में गजेन्द्र सिंह शेखावत का पलड़ा भारी होता लग रहा है

## कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा ने कड़ी टक्कर देने की पूरी कोशिश की, पर शायद किन्हीं कारणों से क्षेत्र के कांग्रेसी नेताओं का उन्हें पूर्ण समर्थन नहीं मिला

- इसके विपरीत गजेन्द्र सिंह के पक्ष में भाजपा एक जुट नज़र आई। प्रदेश के सभी बड़े नेता जोधपुर पहुंचे प्रचार के लिये।
- यू.पी. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो ने तो माहौल एकदम बदल दिया।
- शेखावत और उचियारड़ा की स्थिति को राजपूत बहुल बी.जे.एस. कॉलोनी में हुई शेखावत व उचियारड़ा की सभा से समझा जा सकता है, जहां शेखावत की सभा में भारी भीड़ थी, वहीं, उचियारड़ा की सभा फीकी रही।
- पूरे चुनाव प्रचार में कुछ विश्वस्त कार्यकर्ताओं के साथ करण सिंह उचियारड़ा अकेले ही संघर्ष करते दिखे और उन्होंने मुकाबला कांटे का बना दिया, पर अंततः शेखावत का पलड़ा भारी होता लग रहा है।

जोधपुर, 29 अप्रेल (कासं)। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद जोधपुर से भाजपा प्रत्याशी तथा जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का पलड़ा भारी होता लग रहा है। कांग्रेस के प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा ने प्रचार में शेखावत को कड़ी टक्कर तो दी मगर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की उदासीनता ने शेखावत की जीत की राह आसान कर दी। शेखावत के पक्ष में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा फिल्म अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट की भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के रोड शो की अपार सफलता के बाद से ही शेखावत की जीत की संभावना बढ़ी है।

कांग्रेस प्रत्याशी करणसिंह उचियारड़ा चुनाव मैदान में अकेले ही संघर्ष करते नज़र आ रहे थे। कांग्रेस का कोई भी बड़ा नेता उनके पक्ष में प्रचार करने जोधपुर नहीं आया। उचियारड़ा ने अपने कुछ कार्यकर्ताओं के साथ तुफानी प्रचार कर अपने पक्ष में माहौल बनाने की भारी कोशिश की, पैसा पानी की तरह बहाया। मगर सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेतृत्व ने जोधपुर की उपेक्षा क्यों की? चर्चा है कि चूंकि करण सिंह को सचिन पायलट का बेहद करीबी माना जाता है, इसलिए न तो गहलोत ने उनकी मदद की ना ही किसी और को करने दी। दूसरे शायद गहलोत नहीं चाहते थे कि जोधपुर सीट जहां से उनका बेटा चुनाव हार चुका है , से कोई अन्य कांग्रेसी प्रत्याशी, खासकर जो पायलट खेमे का हो, चुनाव जीते।

यह बात शायद उचियारड़ा के मन में भी रही होगी, इसलिए उन्होंने अपने प्रचार की कमान खुद ही संभाले रखी। उन्होंने खुद को जोधपुर का जाया जन्मा तथा शेखावत को बाहरी बताने पर फोकस बनाए रखा। संजीवनी मामले को उठाकर पीड़ितों की सहानुभूति बंटोरने सहित जोधपुर में विकास कार्य नहीं करवाने की बात लगातार उठाई और चुनाव प्रचार में मुकाबला कड़ा बना दिया।

इधर प्रचार के दौरान ही राजपूत बाहुल्य क्षेत्र बीजेएस कालोनी स्थित शिव मंदिर के मैदान में हुई करणसिंह उचियारड़ा तथा गजेन्द्र सिंह शेखावत की जनसभा भी पिछले दिनों चर्चा में रही। क्षेत्र के निवासी वरिष्ठ नागरिक गोपाल सिंह राठौड़ (जालसू) ने बताया कि इन दोनों प्रत्याशियों की सभा की भीड़ ने ही स्पष्ट कर दिया था कि शेखावत का पलड़ा भारी है। शिवमन्दिर मैदान में शेखावत की सभा में उमड़ी भीड़ ने पिछले दस वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया जबकि इस सभा में शेखावत के अलावा वक्ता के रूप में केवल स्थानीय नेता ही थे। दूसरी तरफ उचियारड़ा की सभा में भीड़ नहीं जुट पाई।

इसके बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत ने शेखावत के समर्थन में रोड शो कर शेखावत के पक्ष में माहौल बनाया। दोनों रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी।

गजेन्द्र सिंह शेखावत को वर्ष 2014 में भाजपा ने पहली बार जोधपुर लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया था। उस समय शेखावत का चेहरा जोधपुर के लोगों के लिए नया था। मगर मोदी लहर के चलते उस चुनाव में शेखावत ने भारी अन्तर से शानदार जीत दर्ज की थी। शेखावत ने कांग्रेस प्रत्याशी तथा पूर्व जोधपुर नरेश गजसिंह की बहन चंद्रेश कुमारी को 4 लाख दस हजार से अधिक वोटों से हराया था और परिणाम स्वरूप उन्हें केन्द्र सरकार में राज्य मंत्री बनाया गया।

इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को दो लाख 74

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कोटा में एक और कोचिंग छात्र ने आत्महत्या की

- रोहतक का रहने वाला छात्र, 19 वर्षीय सुमित कुमार नीट के लिए आया था। सुमित के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

कोटा, 29 अप्रेल (निसं)। शहर के कुन्हाड़ी थाना इलाके के लैंडमार्क कोचिंग इलाके में एक और कोचिंग छात्र की आत्महत्या का मामला सामने आया है। छात्र हरियाणा के रोहतक से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजबिलिटी कम एन्ट्रेंस एग्ज़ाम की तैयारी करने कोटा आया था।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच तहकीकात शुरू कर दी। छात्र के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने एम.बी.एस. अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय, राजेश कुमार सोनी ने बताया कि घटना रविवार रात करीब

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

क्रोध यमराज है। –चाणक्य

# एक देश, एक चुनाव- संभावना और चुनौतियां

भारत सरकार ने पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ कराने की संभावना का परीक्षण करने एवं संविधान संशोधनों की आवश्यकता पर विचार करने हेतु पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन 2 सितंबर 2023 को किया। इस समिति ने राजनैतिक दलों, विशेषज्ञों आदि से विस्तृत विचार-विमर्श के पश्चात अपनी रिपोर्ट 14 मार्च 2024 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को सौंप दी है। इस समिति में सदस्यों के रूप में अमित शाह, गृहमंत्री भारत सरकार, गुलाम नबी आजाद, राज्यसभा में विपक्ष के पूर्व नेता, एन के सिंह, 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष, डॉ सुभाष कश्यप, लोकसभा के पूर्व महासचिव, श्री हरीश साल्वे, वरिष्ठ अधिवक्ता, श्री संजय कोठारी पूर्व मुख्य सतर्कता आयुक्त, विशेष आमंत्रित अर्जुन राम मेघवाल, राज्य मंत्री, कानून एवं न्याय सम्मिलित हैं। समिति के सचिव डॉ नितिन चंद्रा थे।

इस उच्च स्तरीय समिति ने विभिन्न राजनैतिक दलों और विधि विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया। समिति ने नागरिकों से भी इस बारे में सुझाव मांगे जिसके उत्तर में कुल 21558 सुझाव प्राप्त हुए। अधिकांश ने एक साथ चुनाव कराने के विचार का समर्थन किया। जिन विशेषज्ञों से समिति ने चर्चा की, उनमें भारत के उच्चतम न्यायालय के चार पूर्व मुख्य न्यायाधीश, प्रमुख उच्च न्यायालयों के 12 पूर्व मुख्य न्यायाधीश, चार पूर्व चुनाव मुख्य निर्वाचन आयुक्त, आठ राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त एवं विधि आयोग के अध्यक्ष प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त, समिति ने कई व्यावसायिक संगठनों जैसे फिक्की, सी आई आई एसोचेम के प्रतिनिधियों एवं अर्थशास्त्रियों से भी विचार-विमर्श किया। इन व्यावसायिक संगठनों ने यह विचार व्यक्त किया कि लगातार चुनाव होते रहने से आर्थिक प्रगति पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं शिक्षा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र भी इससे प्रभावित होते हैं।

प्राप्त सुझावों के परीक्षण और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों से गहन विचार-विमर्श के पश्चात समिति ने एक साथ चुनाव कराने का कार्य दो चरणों में करने हेतु सिफारिश की है। पहले चरण में, लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की अनुशंसा की गई है। दूसरे चरण में शहरी निकाय और पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव भी इनके साथ कराए जाने की सिफारिश की है। ये चुनाव, लोक सभा और विधानसभाओं के चुनाव पूरे होने के बाद 100 दिनों के में कराए जा सकते हैं। समिति ने यह भी सिफारिश की है कि सभी चुनावों के लिए, एक ही मतदाता सूची का प्रयोग होना चाहिए।

भारत का निर्वाचन आयोग कई सालों से एक साथ सारे चुनाव कराने की बात करता रहा है। आयोग द्वारा इस हेतु निम्न मुख्य आधार बताये गये हैं:–

1. एक साथ चुनाव कराने से, बहुत बड़ी धनराशि जो बार-बार चुनाव कराने पर व्यय की जाती है, उससे बचा जा सकता है।

2. मतदाता सूचियां का बार-बार पुनरीक्षण किए जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और केवल 5 वर्ष में एक बार ही इसे बनाना होगा।

3. बड़ी संख्या में सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों (जिनकी संख्या लगभग 25 लाख है) को बार-बार चुनाव की ड्यूटी में नहीं लगाना पड़ेगा। फलस्वरुप सरकारी कामकाज विपरीत रूप से प्रभावित नहीं होगा।

4. चुनाव के कारण, सरकारी विभागों के काम एक प्रकार से रुक जाते हैं, क्योंकि प्रत्येक चुनाव के दौरान आदर्श चुनाव संहिता के चलते ,नीति गत निर्णय नहीं हो पाते हैं।

5. चुनावों के कारण कर्मचारियों/अधिकारियों के स्थानांतरण भी चुनाव अवधि में नहीं किया जा सकते हैं। इससे भी सरकारी कामकाज बहुत विपरीत रूप से प्रभावित होता है।

6. राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों को भी बार-बार चुनाव लड़ने के हेतु बहुत अधिक धनराशि खर्च करनी पड़ती है।

विधि आयोग यह सिफारिश करता रहा है कि पूरे देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक ही साथ कराए जाएं।

संसद की विधि और न्याय से संबंधित स्थाई समिति ने भी 2015 में इन्हीं बिंदुओं के आधार पर पूरे देश में सभी चुनाव एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी।

उच्च स्तरीय समिति ने कुल 62 राजनीतिक दलों से अपनी राय मांगी थी, जिनमें से 47 ने अपनी राय समिति को भेजी। इनमें से 32 दलों ने इसके पक्ष में अपनी राय रखी और 15 ने इसका विरोध किया।

यह उल्लेखनीय है कि कुल छह राष्ट्रीय दलों में से केवल भारतीय जनता पार्टी और नेशनल पीपुल्स पार्टी ने इस अवधारणा का समर्थन किया एवं शेष चार राष्ट्रीय दल जैसे आदमी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सिस्ट) और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इस विचार का विरोध किया। इसके साथ ही कुछ प्रमुख राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों ने भी 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध किया। इन दलों में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस, ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, डी एम के, समाजवादी पार्टी प्रमुख हैं।

> **कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि 'एक देश, एक चुनाव' का सिद्धांत आदर्श स्थिति में तो अच्छा है, किंतु वास्तव में आदर्श स्थितियां देश में विद्यमान नहीं हैं। संभव है, सबसे बड़े दल को ऐसा लगता होगा कि केंद्र और सभी राज्यों पर उसका एकाधिकार हो जाए। यदि ऐसा हुआ तो हम संसदीय प्रणाली से राष्ट्रपति प्रणाली की ओर चले जाएंगे।**

अधिकांश प्रमुख विपक्षी दलों ने इस आधार पर 'एक देश, एक चुनाव' का विरोध किया कि यह संविधान में निहित संघीय ढांचे पर चोट करता है। इन्होंने यह भी कहा कि कुछ अधिक खर्च होने पर कोई अंतर नहीं पड़ेगा यदि इससे संसदीय प्रणाली जो कि संविधान प्रदत्त है, की रक्षा होती है। यह भी उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने विचार-विमर्श हेतु अपना कोई प्रतिनिधि समिति के समक्ष नहीं भेजा।

समिति ने चार पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्तों अचल कुमार जोति, ओ पी रावत, सुनील अरोड़ा एवं सुशील चंद्र से भी चर्चा की। सबने एक साथ चुनाव कराने पर बल दिया।

समिति ने अपनी, रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि वर्ष 2019 से 23 तक प्रतिवर्ष देश के किसी न किसी भाग में चुनाव होते रहे। इसके कारण सभी विकास कार्य, नीति गत निर्णय लेने की प्रक्रिया बाधित होती रही। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एवं सरकार के मंत्री शासन चलाने के काम को छोड़कर लगभग पूरा समय चुनाव संबंधी कार्य में ही लगे रहे। समिति ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बार-बार चुनाव होने से मतदाता में चुनाव के प्रति थकान ( Voter fatigue ) उत्पन्न हो जाती है जो मतदाता को उदासीन बना देती है।

हर समय चुनाव होते रहने के और भी दुष्प्रभावों की समिति ने चर्चा की है। कानून और व्यवस्था में लगे हुए अर्द्ध सैनिक बलों एवं पुलिस को चुनावी ड्यूटी में लगाना होता है, जिसके कारण अपराध पर नियंत्रण पूरी तरह नहीं हो पाता है। निरंतर चुनाव प्रचार होने के कारण, समाज में कटुता एवं वैमनस्यता बढ़ती है। बार-बार चुनाव होने के कारण, प्रवासी मजदूरों के मतदान के लिए अपने-अपने गांव/ शहर में जाने के कारण, औद्योगिक और सर्विस क्षेत्र में काम पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

समिति ने देश में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ करने के उद्देश्य से यह सुझाव दिया कि यदि किसी विधानसभा अथवा लोकसभा को पांच साल से पहले भंग करना पड़े तो, मध्यावधि चुनाव, 5 साल में से शेष बची हुई अवधि के लिए ही होगा, ताकि अगले चुनाव सब विधानसभा, लोकसभा के चुनाव के एक साथ ही हो सके।

'एक देश, एक चुनाव' की व्यवस्था को मूर्त रूप देने के लिए समिति ने संविधान में कई संशोधन करने का प्रस्ताव दिया है। समिति की अनुशंसा के अनुसार संविधान के जिन अनुच्छेदों को संशोधित करना होगा, वे इस प्रकार हैं:– 83 (2), 83 (3) ( 2), 83 (4), 172(1), 172 (3), 172 (4), 82A (1), 82A (2), 82A (3), 82A (4), 82A (5), 324A, 325 (2), 325( 3), 327।

पूरे देश में एक साथ चुनाव कराने की योजना प्रथम दृष्टया, बहुत सरल और आवश्यक लगती है, किंतु इसे लागू करने में कई चुनौतियाँ हैं। सबसे प्रमुख तो संविधान संशोधन को पारित कराना है जिसके लिए संसद में दो तिहाई बहुमत की आवश्यकता होगी। शायद इसीलिए, लोकसभा चुनावों में 'अबकी बार 400 पार' का नारा प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यकर्ताओं को दिया है। कुछ संशोधन जैसे– अनुच्छेद 325 और अनुच्छेद 324 ऐसे भी हैं, जिनके लिए आधी से अधिक विधानसभाओं का अनुमोदन भी लेना होगा।

'एक चुनाव एक देश' के सम्बन्ध में यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि इससे स्थानीय मुद्दे गौण हो जाएंगे और सब चुनावों पर राष्ट्रीय मुद्दे ही हावी रहेंगे। इसका सबसे बड़ा खामियाजा तो राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों को उठाना पड़ेगा जिनका अस्तित्व ही संकट में आ जाएगा। भारत, अत्यंत विविधताओं से भरा हुआ देश है और केवल प्रशासनिक सुविधा की दृष्टि से एक साथ चुनाव कराने का निर्णय लेने से पहले, इसके सम्भावित दुष्परिणामों के प्रति भी सचेत रहने की आवश्यकता है। यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि 'एक देश, एक चुनाव' के कारण कहीं 'एक देश, एक चुनाव और एक दल' की स्थिति न बनकर रह जाए। फिर भारत की भी वही स्थिति हो सकती है जैसी रूस अथवा चीन में है।

यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि यदि वास्तव में सत्ता धारी दल की 'एक देश, एक चुनाव' की मंशा होती तो वह बिना किसी संविधान संशोधन के भी उन भाजपा शासित प्रदेशों के चुनाव लोकसभा चुनाव के साथ चुनाव करवा सकता था, जहां 2024, 2025 में चुनाव होने हैं। इसके लिए केवल इन राज्यों की विधानसभाओं को भंग करने की सिफारिश संबंधित राज्य सरकारों द्वारा की जा सकती थी। ऐसा करके वे अपनी साफ़ नीयत प्रदर्शित कर सकता था।

यह सुझाव भी बहुत उपयुक्त प्रतीत नहीं होता कि 5 वर्ष से पूर्व बीच में यदि किसी भी विधानसभा और लोकसभा को भंग किया जाता है तो मध्य अवधि चुनाव उसे 5 वर्ष की अवधि के शेष समय के लिए ही कराए जाएं। इससे चुनाव की गंभीरता पर प्रश्न चिह्न लगेगा एवं कई दल एवं नेता शायद केवल एक या दो वर्ष के लिए चुनाव में भाग नहीं लेना चाहेंगे।

कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है कि 'एक देश, एक चुनाव' का सिद्धांत आदर्श स्थिति में तो अच्छा है, किंतु वास्तव में आदर्श स्थितियां देश में विद्यमान नहीं हैं। संभव है, सबसे बड़े दल को ऐसा लगता होगा कि केंद्र और सभी राज्यों पर उसका एकाधिकार हो जाए। यदि ऐसा हुआ तो हम संसदीय प्रणाली से राष्ट्रपति प्रणाली की ओर चले जाएंगे। फ़िलहाल तो सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता यह होनी चाहिए कि चुनाव आयोग लंबित चुनाव सुधार करके, चुनावों को अनावश्यक व्यय, बाहुबल और आपराधिक तत्त्वों के प्रभाव से मुक्त करा सके।

देखना है कि जो रिपोर्ट पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति ने दे दी है, वह किस प्रकार से क्रियान्वित हो पाती है? यह लोकसभा चुनाव के परिणाम पर भी निर्भर करेगा कि क्या सत्ताधारी दल संसद में दो-तीन बहुमत प्राप्त कर पाता है? फ़िलहाल तो हमें 4 जून, 2024 की प्रतीक्षा है जब लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होंगे।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# चुनाव में घटती वोटिंग प्रतिशत वर्तमान प्रणाली के प्रति जनता की अनिक्षा व अस्वीकारिता का द्योतक, नीति निर्धारक अभी चेतें



**प्रो. वीर बहादुर सिंह**

देश में संपन्न हुए विधायक के चुनाव और वर्तमान में हो रहे संसदीय चुनाव में एक महत्वपूर्ण बात प्रत्यक्ष दृष्टिगोचर हो रही है वह है वोटिंग का प्रतिशत पहले से कम होना। एक तो वर्तमान प्रणाली ही ऐसी है जिसमे अनेक राजनैतिक पार्टिओं/दलों के प्रत्याशी चुनाव में उतरते हैं उसमें भी यदि मतदाता की अनिक्षा वोट डालने की नहीं हो तो चुना हुआ व्यक्ति क्या वहां की जनता का सही प्रतिनिध ठहराया जा सकता है? उस पर यदि 50-55 प्रतिशत ही मतदान हो तो अन्य पार्टिओं के प्रत्याशिओं के होते हुए विजयी मुश्किल से 25-30 प्रतिशत वोट लेकर चुनाव जीतता है। जो चुनाव हार गए उनकी भूमिका शून्य अथवा नगण्य रह जाती है। इतनें कम समर्थन से देश में सरकारें बनती रही हैं, जो सक्रीय लोकतंत्र के लिए किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह न तो लोकतंत्र है और न ही प्रजातंत्र। बल्कि यह खिचड़ी तंत्र है जिसका उल्लेख संविधान में मेरे विचार से नहीं किया हुआ है। बाबा साहब को संभवत: यह अपेक्षा नहीं रही होगी कि देश का मतदाता भविष्य में इतना उदासीन हो जायगा कि अपना वोट ही न दे और दूसरी तरफ राजनैतिक दल मक्खिओं की भांति देश में पनपेंगे और चुनाव को एक मखौल बना कर रख देंगे? उन्हें जीतने वाले व्यक्ति के लिए एक निश्चित वोटों का प्रतिशत पाने के अनिवार्यता को दृणता से प्रतिपादित करना था।

वर्तमान चुनाव पद्धति के प्रति बढ़ती उदासीनता का दूसरा बड़ा कारण प्रत्यार्शी का चुनाव जनता द्वारा न होकर राजनैतिक पार्टियों द्वारा किया जाना भी है। इतना ही नहीं अब तो प्रत्याशी हाईकमान निर्धारित करता है। उसका न पार्टी को पता और न सम्बंधित जनता को। ऐसी स्थिति में कोई व्यक्ति वोट डालने क्यों जायेगा? जब अमुक कैंडिडेट से उसकी कोई वाकफियत या जानकारी ही नहीं है। उदयपुर में जहाँ लेखक निवास करता है वहां किसी भी पार्टी का प्रत्याशी अथवा उसके कोई कार्यकर्ता वोटर के पास एक बार भी नहीं आये। पोलिंग बूथ पर जाने पर इ वी ऍम मशीन पर चिपके नाम और चुनाव चिन्हों से कैंडिडेट्स का नाम पता पड़ा। जब चुनाव से पूर्व ऐसे हालात हैं तो चुनाव के बाद किसी के जीतने पर क्या अपेक्षा की जा सकती है? यदि यह चुनाव पार्टी के शीर्षतम नेता के नाम पर लड़ा गया है तो फिर केवल चुनाव चिन्ह ही काफी था नाम की आवश्यकता भी नहीं थी। कुल मिलाकर यह चुनाव अलग ही तरह का है ऐसा पहले कभी किसी विधायक या संसदीय चुनाव में नहीं देखा था।

हमारे चुनाव क्षेत्र की क्या प्राथमिकताएं थी मुझे नहीं मालूम। वर्तमान में मैं इसकी अपेक्षा भी नहीं रखता क्योंकि सम्पूर्ण चुनाव प्रधान मंत्री मोदी जी द्वारा पार्टी के लिए लड़ा जा रहा है फिर भी प्रत्याशिओं को क्षेत्र की प्राथमिकताएं तो मालूम होनी ही चाहिए। मुझे लगता है भारतीय जनता पार्टी के जीतने पर सभी विजयी सांसदों के लिए एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम, मोदी जी को चलाना पड़ेगा जिसमे प्रत्येक संसदीय क्षेत्र के बारे में वे दिशा निर्देश देकर एक विस्तृत विकास प्लान बनबायेंगे। प्रधान मंत्री जी की सोच और प्लानिंग के आगे अभी तो सभी नेता और टेक्नोक्रैट्स फ़ैल हैं।

वर्तमान चुनाव प्रचार और चुनाव प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन आवश्यक है। बाबा साहब ने उस समय की स्थिति और आवश्यकताओं के मुताविक अपने सुझाव रखे थे उन्होंने यह कभी नहीं कहा कि इन नि यमों में भविष्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाय ? एक शिक्षित और विवेकशील उन जैसा व्यक्ति ऐसा कभी भी नहीं कह सकता। यहाँ में कहना चाहता हूँ कि संविधान में अनेक परिवर्तन मोदी जी के पूर्व प्रधान मंत्रिओं ने किये हुए हैं। समय के साथ केवल ऐतिहासिक और भौगोलिक बातें नहीं बदलती, जबकि सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक स्थितिओं के बदलते क़ानून, नियम आदि सभी कुछ बदलना पड़ता है जो नहीं बदलते वे स्वत: निष्क्रिय होकर अर्थहीन हो जाते हैं। बदलाव प्रकृति का नियम है। ठहरा हुआ पानी भी कुछ समय बाद सड़ जाता है। इसलिए जो लोग संविधान को बदलने का विरोध करते हैं वे कुंठित मानसिकता से ग्रसित और विकास के पक्षधर नहीं हैं। यदि सब कुछ पुराना ही श्रेष्ठ है तो फिर प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री, संसद, मंत्री, विधायक, सचिव और पुराने पहनने के कपड़े आदि किसी को न बदला जाय? क्या यह श्रेयकर होगा? हम प्रतिदिन विभिन्न समितिओं में बैठकर बदलाव अथवा परिवर्तन ही तो करते हैं। हम सब बालक पैदा हुए, अब बूढ़े हो रहे हैं एक दिन जगह खाली कर चले जायेगे, हमारा स्थान कोई अन्य ले लेगा। ये परिवर्तन रुकने वाला नहीं, यह तो प्रतिक्षण घटित हो रहा है। इसलिए उन्नति के लिए परिवर्तन वांछनीय है। अत: कोई भी निजी स्वार्थवश इन परिवर्तनों का विरोध के लिए विरोध न करे यह मूर्खता का द्योतक है।

इसलिए मेरा सुझाव है कि देश के राष्ट्रपति एक उच्च स्तर की क़ानून विदों, शिक्षाविदों, समाजविज्ञानी, कृषक आदि क्षेत्रों से प्रतिष्ठित लोगों की समिति को आमंत्रित कर यह कार्य सोंपें जो सम्पूर्ण व्यवस्था पर अपने सुझाव दे। उन सुझावों पर फिर संसद सम्बाद करे। चुनाव के लिए प्रत्याशी का चयन वोटर/जनता के स्तर पर किया जाय। तत्पश्चात पार्टी उसे अपना कैंडिडेट बना सकती है। वोटर के लिए वोट देना जरुरी हो, नहीं देंनें पर दंड का प्रावधान किया जाय। जीतने के लिए कैंडिडेट को क्षेत्र के कुल वोटर्स का 35 प्रतिशत वोट पाना जरुरी किया जाय। आरक्षित चुनाव क्षेत्र समाप्त किये जाय अब 70 वर्षों बाद इस प्रावधान का कोई औचित्य नहीं रह गया है। देश में उचित तो यह रहेगा कि पार्टी सिस्टम डेमोक्रेसी को यथा संभव नही अपनाया जाय क्योंकि पार्टी सिस्टम भ्रष्टाचार का उद्गम होता है। एक रूसी समाज शास्त्री ने अपनी पुस्तक में इस बात को काफी बल पूर्वक उद्घाटित किया है। 1952 के लोकसभा चुनाव में राजनैतिक पार्टियां तो खास सख्या में नहीं थी कॉंग्रेस के अलावा ; निर्दलीय ही अधिक चुनाव लड़े थे। इसलिए पार्टी विहीन लोग निर्दलीय होकर चुनाव लड़ें और जीतने पर संसद में अपना नेता अथवा प्रधान मंत्री चुने।

पार्टी प्रणाली यदि रखना ही जरुरी हो तो पार्टिओं की संख्या को सीमित किया जाय। प्रदेश स्तर और देश स्तर की पार्टियां चिन्हित हों, प्रदेश स्तर की पार्टी के प्रत्याशी सांसद के चुनाव के लिए प्रत्याशी न बन सकें। प्रत्येक दल में प्रत्यार्शी का चुनाव पहले सम्बंधित जनता करे न कि पार्टी पदाधिकारी। चुनाव् लड़ने वाले व्यक्ति को न्यूनतम स्नातक होना वांछित हो। इसके अतिरिक्त छ: माह की फौज की ट्रेनिंग का अनुभव चुनाव के लिए आवश्यक किया जाये। चुनाव लड़ने वाले की अपराधिक प्रष्ट भूमि नहीं हो। चाल-चलन, व्यवहारिकता आदि भी सरल और ग्राह्य हो। सामाजिक क्षेत्र के अनुभव को चयन में वरीयता मिले। इनके अतितिक्त और बहुतेरे सुझाव रखे जा सकते हैं यदि पहले प्रस्तावित मॉडल स्वीकार्य हो। कैंडिडेट के चनाव जीतने के बाद यदि कोई राष्ट्र विरोधी गतिविधि में संलग्न पाया जाय तो उसकी सदस्यता तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी जाये। वर्तमान प्रणाली में डेल गए वोटों में यदि नोटा का प्रतिशत दस हो जाय तब वह चुनाव कैंसिल कर दिया जाय।

सांसद अथवा विधायक चुनने के बाद उनके लिए एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया जाय जहाँ कोड ऑफ़ कंडक्ट की समुचित जानकारी सभी सदस्यों को मिले। चुनाव में फ्री बीज की घोषनायें वर्जित हों, नहीं मानने वालों पर सख्त कार्यवाही हो। जनता को अथवा जनता के किसी खास वर्ग को कोई भी फ्री सुविधा केवल सदन में पारित कर दी जाय अन्यथा नहीं और उसका बजट में प्रावधान भी किया जावे। चुनाव प्रचार में भी किसी भी प्रकार का लालच घोषित न हो। मेरा सुझाव है वर्तमान में चुनाव प्रणाली में विस्तृत स्तर पर परिवर्तन अब समय की मांग है, अन्यथा भविष्य के चुनाव में वोटिंग प्रतिशत और अधिक गिरने की प्रवल सम्भावना है। समय रहते ही संभलना बुद्धिमानी है।

**–प्रो. वीर बहादुर सिंह,**
**सेवा निवृत कुलपति,**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय,**
**उदयपुर**

# बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित

**बीकानेर,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि विद्यार्थी वैदिक भारत के शाश्वत सिद्धांतों को आधार बनाकर ऐसे नवाचार करें जो प्रकृति के अनुकूल हों। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में निहित अद्वितीय क्षमताओं को पहचानते हुए उन्हें भविष्य के अवसरों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि मानवीय मूल्यों को तकनीकी शिक्षा में प्रधानता देने के लिए चिंतन की आवश्यकता है। विश्वविद्यालयों में इस तरह के शोध और अनुसंधान हों जिससे देश के संसाधनों से स्थानीय उत्पादों का निर्माण हो सके।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों स्वर्ण पदक प्रदान किये।

> **■ मानवीय मूल्यों को तकनीकी शिक्षा में प्रधानता देने के लिए चिंतन की आवश्यकता : राज्यपाल मिश्र**

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति में शोध और अनुसंधान की मौलिक परंपरा पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। इसी के अनुरूप भारतीय पारंपरिक ज्ञान को केंद्र में रखकर आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप तकनीक के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत की शिक्षा का दृष्टिकोण विज्ञान प्रौद्योगिकी भारतीय दर्शन और नवाचार प्रतीक के रूप में खड़ा है।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने चिंता जताते हुए कहा कि आज भी हमारे यहां वैज्ञानिक तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा अंग्रेजी में ही दी जाती है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत भारत सरकार द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रांसलेशन एंड इंटरप्रिटेशन की पहल की गई है। इसका उद्देश्य अंग्रेजी के साथ दूसरी भाषाओं में वैज्ञानिक, तकनीकी और चिकित्सकीय शिक्षा के पाठ्यक्रमों को सुलभ करवाना है। राज्यपाल ने बीकानेर साहित्यिक परम्परा को रेखांकित किया और परम्परागत ज्ञान को आगे बढ़ाने में डॉ. छगन मोहता, हरीश भादाणी, रामदेव आचार्य और यादवेंद्र शर्मा जैसे साहित्यकारों के योगदान का स्मरण किया।

राज्यपाल ने कहा कि बीकानेर में प्रौद्योगिकी विकास का भी अहम इतिहास रहा है। मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के अनुरूप ऐसे पाठ्यक्रम विकसित करें, जिसमें हमारे प्राचीन ज्ञान के संदर्भों के साथ आधुनिक वैश्विक ज्ञान का समन्वय हो। मिश्र ने कहा कि बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान दर्शन और कौशल आधारित पाठ्यक्रम के साथ कौशल निर्माण और नैतिक उन्नयन से जुड़े पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गए हैं। आने वाले समय में इसके बेहतरीन परिणाम आएंगे। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वर्ण पदक प्राप्त करने वालों में से 11 बालिकाएं हैं। यह संख्या इस बात की घोतक है कि अवसर मिलने पर बालिकाएं अपने भविष्य के साथ राष्ट्र के भविष्य को भी सुदृढ़ बना सकती हैं।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने स्वागत उद्बोधन दिया एवं नवाचारों व प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षांत समारोह में वर्ष 2024 बीआर्क, बी डिजाइन बीटेक एमटेक एमबी, एमसी, पाठयक्रम सहित कुल 20 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। वहीं बीटेक की 2 हजार 529 बीटेक ऑनर्स की 18एमबीए की 426 एमसीए की 139 एमटेक की 42 बीआर्क की 3 बी.डिजाइन की 14 सहित कुल 3 हजार 171 डिग्रियां वितरित की। इससे पहले विश्वविद्यालय परिसर पहुंचने पर राज्यपाल का गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मान किया गया। राज्यपाल ने स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। दीक्षांत समारोह की शुरुआत दीक्षांत परेड से हुई। इसके पश्चात विश्वविद्यालय का कुलगीत प्रस्तुत किया गया। कुलसचिव रामकिशोर मीणा ने आभार जताया।

# हिंदुस्तान जिंक को अवार्ड मिला

**उदयपुर,** (निसं)। वेदांता समूह की कंपनी और देश की अग्रणी जस्ता-सीसा-चांदी उत्पादक हिंदुस्तान जिंक ने सबसे बड़े एकीकृत चांदी निर्माता के लिए प्रतिष्ठित इंडिया सिल्वर कॉन्फ्रेंस एक्सीलेंस अवार्ड 2023 जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

यह मान्यता तब मिली है जब हिंदुस्तान जिंक को द सिल्वर इंस्टीट्यूट द्वारा आयोजित विश्व सिल्वर सर्वे 2024 द्वारा 3 सबसे बडे चांदी उत्पादक का स्थान दिया गया है। यह पुरस्कार चांदी विनिर्माण क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और सस्टेनेबल प्रणाली के प्रति हिंदुस्तान जिंक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कंपनी की साल-दर-साल 5 प्रतिशत की लगातार वृद्धि का श्रेय बढ़ते अयस्क उत्पादन और उन्नत ग्रेड को दिया है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। इस अवसर पर हिंदुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा कि हम इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त कर गौरवान्वित हैं, जो हमारे संचालन में नवाचार को बढ़ावा देने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

वित्त वर्ष 2024 में 746 टन के साथ, हिंदुस्तान जिंक तीसरे सबसे बड़े उत्पादक तक पहुंच गई है। यह विकास को बढ़ावा देने और स्थायी मूल्य बनाने के हमारे निरंतर प्रयासों को दर्शाता है। यह मान्यता हमारी उत्कृष्टता की निरंतर खोज और हमारी मूल्य श्रृंखला में स्थिरता पर हमारे फोकस को रेखांकित करती है। हिंदुस्तान जिंक की सिंदेसर खुर्द खदान विश्व की दूसरी सबसे अधिक चांदी उत्पादक खदान है, जो चांदी उद्योग में कंपनी के महत्वपूर्ण योगदान को और बढ़ाती है।

## राशिफल मंगलवार 30 अप्रेल, 2024



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा षाढ़ा नक्षत्र रात्रि 4:09 तक, साध्य योग रात्रि 10:24 तक, वणिज करण प्रात: 7:06 तक, चन्द्रमा दिन 10:37 से मकर राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-धनु, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरू-मेष, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज त्रिपुष्कर योग प्रात: 7:06 से रात्रि 4:09 तक है। रवियोग रात्रि 4:09 से आरम्भ होगा। आज भद्रा प्रात: 7:06 से सांय 6:26 तक रहेगी। शुक्र अस्त पूर्व रात्रि 3:30 पर होगा। आज सप्तमी तिथि का क्षय हुआ है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:09 से 10:46 तक, लाभ-अमृत 10:46 से 2:02 तक, शुभ 3:39 से 5:17 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:53, सूर्यास्त 6:55

### मेष




नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।

### वृष




आज नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### मिथुन




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। दिन के मध्यान्ह पश्चात अष्टम चन्द्र शुभ नहीं है।

### कर्क




स्वास्थ्य संबंधित परेशानियां दूर होने लगेंगी। दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित शुभ संदेश प्राप्त होंगे। नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। दिन के मध्यान्ह पश्चात नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ से राहत मिलेगी।

### कन्या




घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी।

### तुला



व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

### वृश्चिक




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों, भाई-बंधुओं के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। आय में वृद्धि होगी।

### धनु




व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अतिथियों का आगमन बना रहेगा। अतिथियों के आगमन से दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो सकती है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### कुंभ



आर्थिक/वित्तिय मामलों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। दिन के मध्यान्ह पश्चात समय अनर्गल कार्यों में खराब हो सकता है। घर-गृहस्थी के खर्चों में वृद्धि होगी।


### मीन



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखना ठीक रहेगा।

# किन्नर के साथ हैवानियत, प्राईवेट पार्ट में लकड़ी डालकर पटका

## गंभीर हालत में किन्नर को सीकर रैफर किया गया, पीड़ित किन्नर जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है



घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया।

- पुलिस ने घटना को गंभीरता से लिया और कहा कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही दुष्कर्म की पुष्टि होगी
- 'महरौली के रहने वाले युवक के साथ प्रेम-प्रसंग और रुपयों का लेनदेन था, बयानों के आधार पर महरौली के पास रहने वाले सचिन बलाई को पुलिस ने राउंडअप किया है'

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** महरौली के पास में सुबह एक नग्न अवस्था में लहूलुहान स्थिति में तथा प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डली अवस्था में महिला (किन्नर) के मिलने के बाद हड़कंप मच गया। मामले में पुलिस ने तत्परता के साथ घायल पीड़िता को अस्पताल पहुंचाया और प्राइवेट पार्ट से लकड़ी निकाल चिकित्सकों ने ईलाज के लिए हायर सेंटर सीकर के लिए रैफर करवाया। मामले में दोपहर को नया मोड़ सामने आ गया। होश में आने बाद अस्पताल में पीड़िता ने पर्चा बयान में अपने आपको किन्नर बताया। थानाधिकारी जयसिंह बसेरा ने बताया कि महरौली में अरनिया-मूंडरु रोड पर एक जोहड़ में सुबह ट्रांसपोर्ट नगर (जयपुर) का रहने वाला किन्नर बेहोशी की हालत में मिला। जिसके गुप्तांग और चेहरे समेत शरीर पर गहरे चोटों के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर घायल किन्नर को सीएचसी में भर्ती कराया।

सीएचसी के डॉ. निर्मल शर्मा ने बताया कि किन्नर को हॉस्पिटल में बेहोशी की हालत में लाया गया था। उसके गुप्तांग में लकड़ी भी मिली है। हॉस्पिटल में लाने के समय पर वह कुछ बताने की स्थिति में नहीं था। जिसे गंभीर हालत में हायर सेंटर सीकर के लिए रैफर किया गया। नीमकाथाना एएसपी गिरधारीलाल लाल शर्मा ने बताया कि पीड़ित किन्नर जयपुर के ट्रांसपोर्ट नगर का रहने वाला है।

डिप्टी उमेश गुप्ता ने बताया कि किन्नर ने ईलाज के दौरान बयान दिया कि वह कल जयपर से महरोली पहुंचा था और लेनदेन के मामले को रांउडअप किए युवक और परिजनों के साथ झगड़ा हुआ था और किन्नर ने बताया कि उसके परिजनों तथा लड़के ने मारपीट की। रात्रि में उसके साथ दुष्कर्म किया और मारपीट कर पटककर चले गए। फिलहाल पुलिस का कहना है कि दुष्कर्म होने की घटना का पता तो मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही चलेगा। फिलहाल मौके पर अस्पताल ड्यूटी ऑफिसर किन्नर के बयान ले रहे हैं। इधर पुलिस रांउडअप किए युवक से पूछताछ कर रही है। पुलिस द्वारा राउंडअप किया गया युवक महरौली निवासी शादी का झांसा देकर किन्नर से अब तक लाखों रुपए ऐंठ चुका है। इस संबंध में चार महीने पहले जयपुर के सिंधी कैंप थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

डिप्टी उमेश गुप्ता ने बताया कि घायल किन्नर ने होश में आने के बाद बताया है कि महरौली के रहने वाले युवक के साथ प्रेम प्रसंग और रुपयों का लेनदेन था। इसी को लेकर पूरा घटनाक्रम हुआ है। बयानों के आधार पर महरौली के पास रहने वाले सचिन बलाई को पुलिस ने राउंड अप किया है। किन्नर ने दर्ज बयानों में बताया कि सचिन ने शादी का झांसा देकर करीब 8 लाख रुपए ऐंठ लिए और शादी करने से मना कर रहा है। रुपए वापस लेने के लिए महरौली में सचिन के घर गई थी। कहासुनी के बाद आरोपी और उसके परिजनों ने मिलकर मारपीट की। इसके बाद सचिन ने मेरे साथ दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालत में फेंक दिया।

डिप्टी उमेश गुप्ता ने बताया कि थानाधिकारी जयसिंह बसेरा को दिशा-निर्देश देकर घटना स्थल का बारीकी से निरिक्षण करने को कहा। इस पर निरिक्षण के दौरान किन्नर की स्वयं की निशानदेही पर घटनास्थल से कुछ दूरी पर पुलिस को मोबाइल फोन व एक चैन तथा एक अंगूठी मिली। जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया। इधर किन्नर ने अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी को बयान दिया कि कहा परिजनों तथा युवक ने मारपीट की और रात्रि में उसके साथ दुष्कर्म कर हैवानियत कर उसे बेहोशी की हालत में पटकर चला गया। वहीं शादी का झांसा देकर लाखों रूपये एंठने का भी आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार युवक सचिन जो कि करीब दो साल से सिंधी कैंप पर प्राइवेट ट्रेवल्स के काउंटर पर टिकट काटने का काम रहा था। इस दौरान करीब एक साल पहले किन्नर और सचिन की मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच रुपयों का लेनदेन भी हुआ। वहीं किन्नर ने सचिन को आईफोन भी दिलवाया था। करीब चार महीने पहले सचिन की सगाई होने के बाद किन्नर से दूरी बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद 9 जनवरी को किन्नर ने सचिन के खिलाफ शादी का झांसा देकर आठ लाख रुपए ऐंठने का आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। किन्नर ने 9 जनवरी को सिंधी कैंप थाने में आरोपी सचिन के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया गया कि सचिन से रेलवे स्टेशन पर मई 2023 में मुलाकात हुई थी। प्यार का झांसा देकर आईफोन, मां का ऑपरेशन करवाने, सट्टे में पैसे हारने के बहानों से अलग-अलग बार में आठ लाख रुपए ले लिए। इसके बाद माता-पिता से बात करने का बहाना बनाकर शादी करने से ये कहते हुए मना कर दिया कि माता-पिता राजी नहीं है। किन्नर ने रिपोर्ट में बताया कि 8 जनवरी आरोपी सचिन को फोन कर दिए हुए रुपए वापस मांगे थे। इस पर सचिन ने रुपए लौटाने से मना कर दिया और जान से मारने की धमकी दी।

घटना के बाद नीमकाथाना एसपी प्रवीण नायक नुनावत, एडिशनल एसपी गिरधारीलाल शर्मा डिप्टी अजितगढ़ उमेश गुप्ता, थानाधिकारी अजीतगढ़ मुकेश सेपट, थानाधिकारी श्रीमाधोपुर जयसिंह बसेरा पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।

# श्रीगंगानगर में करोना की दस्तक, आठ रोगी पॉजीटिव मिले

## पिछले 28 दिनों में करोना पॉजीटिव रोगियों की संख्या चौदह हो गई है

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पिछले दो दिनों में जिला मुख्यालय पर राजकीय जिला चिकित्सालय में दो महिलाओं समेत आठ रोगी करोना पॉजीटिव पाए गए है। लगातार खांसी ठीक नहीं होने पर पिछले अड़तालीस घंटे में 36 रोगियों की कोविड जांच कराई गई तो यह खुलासा हुआ। करोना पॉजीटिव में एक बालक और दो महिलाएं भी शामिल है। कुल आठ में से तीन रोगी तो पुरानी आबादी क्षेत्र के है।

वहीं सादुलशहर क्षेत्र गांव थांदेवाला का एक, सादुलशहर वार्ड 14 का एक, कालूवाला चक का एक, जिला मुख्यालय पर गणगौरनगर का एक और सूरतगढ़ क्षेत्र ढाबां झल्लार का एक रोगी भी करोना की चपेट में आया है। पिछले चार महीने के बाद कोरोना पॉजीटिव रोगी मिले है। इस साल में अब तक 17 रोगी करोना पॉजीटिव आ आए है, इसमें से अप्रेल माह में ही चौदह रोगी शामिल है। हालांकि जिला चिकित्सालय में इन रोगियों को भर्ती की बजाय कोविड प्रोटोकॉल के तहत होम आइसोलेट किया गया है।

राजकीय जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपक मोंगा का कहना है कि इससे किसी को घबराने की जरूरत नहीं है। लगातार खांसी या निमोनिया रोगियों में करोना के संक्रमण पाए जा सकते हैं। वहीं जिला चिकित्सालय के उपनियंत्रक डॉ. बृजेश महावर का कहना है कि लोगों को पैनिक होने की जरूरत नहीं हैं।

विदित रहे कि पिछले साल कोविड-19 के नए मामले केरल में मिले थे, केरल में तीन रोगियों की मौत के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर राज्य सरकार ने कोविड संक्रमण के संबंध में एडवाइजरी भी जारी की थी। चिकित्सकों की माने तो लगातार खांसी होने या निमोनिया की चपेट में आए रोगियों में करोना संक्रमण सक्रिय की आशंका बनी रहती है। जिन रोगियों के लगातार उपचार के बावजूद खांसी ठीक नहीं हो रही है तो उन्हें करोना जांच कराई जा रही है। जिला चिकित्सालय में कोरोना लैब में इन दिनों औसतन दस से पन्द्रह रोगियों की कोविड जांच हो रही है। इस साल एक जनवरी से लेकर एक अप्रेल तक सिर्फ तीन रोगी सामने आए थे लेकिन पिछले 28 दिनों में करोना पॉजीटिव रोगियों की संख्या चौदह हो गई है।

## मृत अवस्था में पड़ा मिला तेंदुआ

**उदयपुर, (निसं)।** उदयपुर के सेमारी थाना क्षेत्र के नलाफला घोडासर रोड पर रविवार को एक वयस्क तेंदुआ मृत अवस्था में पड़ा मिला। तेंदुआ की दांयी आंख बाहर निकली हुई थी। सिर और पेट पर चोट के निशान मिले और पीछे के हिस्से से खून बह रहा था। बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से लेपर्ड की मौत हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर वन नाका टोकर के वनपाल करण सिंह और जितेन्द्र सिंह घटना स्थल पहुंचे। वन विभाग के कर्मचारियों ने पंचनामा बनाकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी। वन विभाग के अनुसार मृत तेंदुए को टोकर स्थित वन विभाग की कुंडाल नर्सरी में ले जाया गया। जहां तीन डॉक्टरों की टीम ने उसका पोस्टमॉर्टम किया। जिसके बाद मृत लेपर्ड का नियमानुसार अंतिम संस्कार किया गया।

# नाबालिग छात्रा ने आत्महत्या की

## घर से 100 मीटर दूर पेड़ पर लटका मिला शव

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के देवल फला घोघरा गांव में 9 वीं कक्षा की एक छात्रा ने अपने घर के पास आम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सदर थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के देवल फला घोगरा गांव निवासी शर्मिष्ठा पुत्री रमेश चन्द्र ने हाल ही कक्षा 9 की परीक्षा दी थी। रविवार रात को शर्मिष्ठा ने परिवार के लोगों के साथ खाना खाया था और सोने चली गई थी। सोमवार सुबह जब घर वाले उठे तो अपने बिस्तर में नहीं थी। परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका शव घर से 100 मीटर की दूरी पर एक आम के पेड़ से लटका हुआ मिला। घटना की सूचना पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने लोगों की मदद से शव को पेड से नीचे उतारा और इसे लेकर परिजन निजी वाहन से डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर सदर थाना पुलिस भी डूंगरपुर जिला अस्पताल पहुंची और शव को अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द किया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

# सी.बी.आई. जांच की दस्तक मात्र से टोल वसूली नाका हटा

## बसोली नाके से रातों-रात बजरी टोल वसूली नाका हटाया

**बून्दी, (निसं)।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 52 एवं 148-डी बसोली मोड़ पर स्थित बजरी नाका नेताओं और आमजन के विरोध प्रदर्शन के बावजूद नहीं हट सका, वह बजरी नाका सीबीआई की दस्तक मात्र से ही उठ गया। गौरतलब है कि शनिवार को तालाब गांव में सीबीआई के अधिकारियों द्वारा बजरी के मामले को लेकर दी गई दस्तक के बाद यहां पर बजरी माफियाओं व अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

गत तीन वर्ष से बसोली मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग 52 एवं 148-डी दोनों स्थानों पर एक बजरी संवेदक द्वारा तीन वर्ष से लगा रखे बजरी नाके को शनिवार रात को अचानक हटा लिया गया। जबकि यहां पर एक संवेदक द्वारा कांग्रेस शासन से ही बजरी का नाका लगाया गया था, जिसे हटाने के लिए कई आंदोलन हुए। इस बजरी का नाके पर संवेदक के दो दर्जन से अधिक युवा बजरी से भरी प्रत्येक गाड़ी को चेक कर यहां से भिजवाते थे। ऐसे में सुबह देखा तो नाका पूरी तरह हटा दिया गया। यहां पर बन रहे क्वार्टर से चद्दर तक हटा दिए गए, जिससे करीब पांच दर्जन से अधिक युवा भी बेरोजगार हो गए हैं। वहीं जानकारी के अनुसार भीलवाड़ा जिले के टीकड़ के पास लगा लंबे समय से बजरी नाका भी गत दिनों हटा लिया गया है।

तालाब गांव निवासी जब्बार प्रकरण के बाद बजरी माफियाओं में ऐसा हड़कंप मचा कि सीबीआई की आहट आने के बाद सब माफिया भूमिगत हो गए हैं। नाके पर कार्यरत लोगों का कहना था कि कुछ समय पहले बसोली मोड़ पर स्थित नाके पर 300 से 400 डंपर, ट्रेलर व ट्रक बजरी से भरे निकलते थे। लेकिन इन दिनों बजरी से भरे गिनती के वाहन निकल रहे हैं। उनका कहना है कि अवैध बजरी पर लगाम लगी हुई है। कुछ लोग सवाई माधोपुर के रास्ते से बजरी का व्यापार कर रहे हैं।

सूत्रों का कहना है कि सीबीआई तालाब गांव आने के साथ-साथ बनास व चंबल नदी के क्षेत्र में भी जाकर जांच करें, ताकि वहां पर हो रहे अवैध खनन की पोल नजर आएगी। नदी में जाने के बाद कितनी मात्रा में अवैध खनन हो रहा है, इसकी वस्तु स्थिति का पता लगेगा।

बसोली चौराहे पर स्थित बजरी टोल नाका पिछले वर्ष आंदोलन को लेकर खासा चर्चा में भी रहा था। ग्रामीणों ने कोटा उत्तर के पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल के नेतृत्व में टोल नाके को अवैध बताते हुए हटाने की मांग को लेकर आंदोलन किया था। यहां तक कि नेशनल हाईवे 52 पर जाम भी लगाया था। तब पुलिस व खनिज विभाग ने टोल नाके को वैध बताते हुए लाठीचार्ज करते हुए विरोध को दबाया था लेकिन अब क्षेत्रवासियों में चर्चा है कि ऐसा क्या हो गया कि संवेदक को नाका बंद करके भागना पड़ा। लोगों में चर्चा आम है कि कहीं सीबीआई के खौफ से तो नाका बंद नहीं हुआ।

## हॉस्टल से किशोरी लापता

**उदयपुर, (निसं)।** क्रिश्चन हॉस्टल में रहते हुए पढ़ने वाली किशोरी के लापता होने पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित ने बताया कि मेरी पुत्री रानी रोड स्थित क्रिश्चन हॉस्टल में रहती थी एवं कम्प्यूटर कोर्स कर रही थी जो 17 अप्रेल को घर आने के लिए हॉस्टल से रवाना हुई लेकिन आज दिन तक वह नहीं आई। इस पर उसकी तलाश की लेकिन सुराग नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया, जिसकी जांच एएसआई रणजीतसिंह कर रहे हैं।

## छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण

**वजीरपुर।** निदेशालय महिला अधिकारिता विभाग की आई एम शक्ति उडान योजना के तहत राजकीय कन्या महाविद्यालय, वजीरपुर में छात्राओं को सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया। यह जानकारी महाविद्यालय के नोडल अधिकारी प्रोफेसर रमेश चंद बैरवा ने दी।

# टी.एम.सी. सरकार दे रही गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को बढ़ावा : भजनलाल

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस के समर्थन में मारवाड़ी समाज एवं उद्योगपतियों के सम्मेलन को संबोधित किया

**पश्चिम बंगाल।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि टीएमसी सरकार के कार्यकाल में पश्चिम बंगाल की दुर्दशा हो रही है। यह सरकार गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता देश के विकास के लिए इस लोकसभा चुनाव में भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी और राजस्थान की तरह बंगाल भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बंपर जीत का तोहफा देगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस के समर्थन में मारवाड़ी समाज एवं उद्योगपतियों के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 के बाद दुनिया का भारत के प्रति नजरिया बदला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विगत वर्षों में धारा 370 हटाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर का निर्माण जैसे कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश के किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए जितना कार्य किया है, आज तक किसी ने भी नहीं किया। हम सब को तीसरी बार भाजपा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है, ताकि गरीब कल्याण की योजनाओं का विस्तार हो तथा देश प्रगति के पथ पर और तेजी से अग्रसर हो। शर्मा ने भाजपा कार्यकर्ताओं का आव्हान करते हुए कहा कि आज पूरा देश भाजपा कार्यकर्ता की तरफ देख रहा है। कार्यकर्ता घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलायी गई जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें, ताकि इस चुनाव में "अबकी बार 400 पार" का संकल्प साकार हो सके। शर्मा ने श्रीरामपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कबीर शंकर बोस को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल मां काली की धरती है। यहां की माताएं-बहनें ठान लेती है तो दुनिया की कोई ताकत उन्हें नहीं रोक सकती। उन्होंने उम्मीद जतायी कि 4 जून को पश्चिम बंगाल के नतीजे भाजपा के पक्ष में होंगे और पार्टी को यहां 35 से अधिक सीटें मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि 21वीं सदी भारत की होगी। उनके इस सपने को साकार करने के लिए हम सब को एकजुट होकर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनानी होगी।

# फिरौती मांगने के आरोपी को पुलिस ने पैदल घुमाया

## गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया

- व्यापारी से विदेशी एप से 20 लाख रुपए की फिरौती मांगी तथा धमकी दी थी

**सादुलपुर, (निसं)।** शहर के एक व्यापारी को विदेशी एप से 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने तथा परिवार के एक सदस्य की हत्या करने तथा पुलिस को सूचना देने पर फिरौती की राशि डबल 40 लाख रुपए देने की धमकी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का पुलिस रिमांड लिया है। वहीं पुलिस ने आमजन में विश्वास अपराधियों में डर का संदेश देते हुए आरोपी को पुलिस दल के साथ पैदल शहर में घूमते हुए न्यायालय में पेश किया।

थानाधिकारी पुष्पेंद्र सिंह झाझड़िया ने बताया कि आरोपी सिकंदर खान तेली (28) वार्ड 39 सादुलपूर को शहर की प्रमुख मार्गो से पैदल घूमते हुए न्यायालय पेश किया ताकि आम लोगों में एक मैसेज जाए कि इस प्रकार के अपराधियों से भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है तथा आमजन में पुलिस के प्रति लोगों में विश्वास बढ़े तथा कानून के डंडे से ऊपर कोई नहीं है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी सिकन्दर खान तेली को पुलिस थाने से पुलिस दल के साथ पैदल न्यायालय में पेश किया तथा राजगढ़ थाने से रेलवे स्टेशन, नंद प्लाजा, बस स्टैंड होते हुए न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड लिया है। वहीं जगह-जगह पर आरोपी को देखने के लिए लोग उत्सुक थे। लोगों ने कहा कि अपराधी की कोई लंबी उम्र नहीं होती जाना तो सलाखों के पीछे ही है। बस स्टैंड पर लोगों ने चर्चा करते हुए कहा कि पुलिस ने अच्छा कदम उठाकर अपराधियों में भय पैदा करने के लिए यह कमद उठाकर पुलिस का आम जन में विश्वास का संदेश दिया है।

थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र झाझड़िया ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी सिकंदर खान ने बताया कि वार्ड नंबर नौ निवासी मुरारी लाल गोयल के अलावा शहर के एक मेडिकल व्यवसायी सहित कई लोगों को फोन पर धमकी देकर फिरोती की मांग की थी। इसके अलावा अपने आप को साइबर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर शहर के अनेक लोगों को भी धमकाया था। इस संबंध में थाना अधिकारी पुष्पेन्द्र झाझड़िया ने बताया कि मामले की जांच के चलते आरोपी द्वारा जिन लोगों को धमकी दी गई उनके नाम उजागर अभी नहीं कर सकते हैं, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अजमेर की आनासागर झील में फैली जलकुंभी की दुर्गंध से बीमारी का खतरा बढ़ा




आनासागर झील से मशीनों से जलकुंभी निकली जा रही है।

- निगम प्रशासन द्वारा हर स्तर पर जलकुंभी निकालने का काम किया जा रहा है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है
- रामप्रसाद घाट के पास सड़क पर फैल रहे जलकुंभी के पानी के लिए बनाई नाली से लोगों को मिलेगी राहत

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर की ऐतिहासिक आनासागर झील इन दिनों में सबसे खराब दौर से गुजर रही है। शहर की खूबसूरती में चार-चांद लगाने वाली और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र रही झील को जलकुंभी ने अपनी चपेट में ले रखा है। निगम प्रशासन द्वारा हर स्तर पर जलकुंभी निकालने का काम किया जा रहा है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। वहीं जलकुंभी की दुर्गंध से आस-पास की कॉलोनियों सहित अन्य क्षेत्रों में बीमारी का खतरा भी बढ़ रहा है। साथ ही रामप्रसाद घाट के पास डाली जा रही जलकुंभी के पानी से गिर रहे वाहन चालकों की परेशानी को देखते हुए कच्ची नाली बनाकर गंदा पानी नाले में डाला जा रहा है। वहीं नगर निगम द्वारा नई डी-वीडिंग मशीन भी खरीदी गई, पिछले कुछ दिनों में पूरी झील में जलकुंभी फैल गई।

शहर की ऐतिहासिक आनासागर झील में फैली जलकुंभी को नगर निगम द्वारा निकाल कर झील के रामप्रसाद घाट के सामने खाली भूमि पर डाली जा रही है, जिसके कारण जलकुंभी से रिसाव होकर सड़क पर आ रहे पानी से वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो वाहन चालक स्लीप हो रहे हैं, इसी समस्या को लेकर सोमवार को नगर निगम के अधिकारियों ने एक कच्ची नाली बनाकर जलकुंभी के पानी को नाले में छोड़ दिया है, अब यहां से गुजरने वाले लोगों व वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रमुख प्रो. प्रवीण माथुर ने कहा कि जलकुंभी पानी की गुणवत्ता को कम कर देती है। चौपाटी आने वाले पर्यटक झील के बदबूदार पानी से हतोत्साहित हो रहे हैं। वहीं क्रिश्चियन गंज क्षेत्र में सहित आस-पास रहने वाले क्षेत्रवासियों ने बताया कि चौपाटी पर सुबह और शाम सैकड़ों बुजुर्ग और युवा टहलने के लिए आते हैं, लेकिन बदबू के कारण पैदल चलना संभव नहीं हो रहा है। दुर्गंध से बीमारी का भी खतरा बढ़ा है। लोगों इस बात से नाराज हैं कि स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत भारी भरकम रकम खर्च कर दी गई, लेकिन झील की कोई निगरानी नहीं की गई। आनासागर झील में अभी भी कई नालों का पानी गिर रहा है, जिससे झील में जलकुंभी का फैला अधिक हो रहा है। यदि समस्या ऐसी ही बनी रही तो झील में ऑक्सीजन का स्तर कम होने से मछलियां भी मर रही है।

नगर निगम प्रशासन द्वारा दो पॉकलेन और दो जेसीबी मशीन जलकुंभी निकालने के काम से हटा कर चारों मशीनें रामप्रसाद घाट और बाडी नदी के पास उतार गई है, जलकुंभी बिखेरने और वहां सफाई के काम में लगी है। इसका असर जलकुंभी निकालने की गति पर पड़ा। निगम ने छह पॉकलेन और चार जेसीबी लगा रखी है। निगम से एक पॉकलेन किराए पर भी ले रखी है। हाल ही में मुंबई से बड़ी डीविडिंग मशीन भी मंगाई है। नई डीविडिंग अकेले करीब पचास डंपर जलकुंभी निकाल रही है।

# 3 दिन में दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली

## धमकी भरा ई-मेल मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया

-कार्यालय संवाददाता-

- **बम और डॉग स्क्वायड के साथ सुरक्षा जवानों ने एयरपोर्ट परिसर के चप्पे-चप्पे को खंगाला, संदिग्ध कुछ नहीं मिलने पर राहत की सांस ली**
- **बताया जा रहा है कि जयपुर ही नहीं बल्कि देश के वाराणसी, चंडीगढ़, श्रीनगर सहित के कई एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी गई है। इन एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आई.डी. पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है।**

**जयपुर**। जयपुर एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी भरा ई-मेल बीते 3 दिन में दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को को मिला है। एयरपोर्ट पर बम की सूचना और धमकीभरा मैसेज मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई और सांगानेर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। केंद्रीय एजेंसियों के साथ राजस्थान पुलिस भी एक्टिव हो गई। डॉग स्क्वायड और बम स्क्वायड को भी मौके पर बुलाकर जांच की गई, लेकिन एयरपोर्ट पर किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

पुलिस ने बताया कि तीन दिन के भीतर दूसरी बार जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को बम से उडाने की धमकी मिली है। एयरपोर्ट को ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाने की बात लिखी गई है और साथ ही बताया कि जयपुर ही नहीं बल्कि देश के वाराणसी, चंडीगढ़, श्रीनगर सहित भारत के कई एयरपोर्ट को बम से उडाने की धमकी दी गई है। इंडिया के इन सभी एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल आईडी पर ये धमकी भरा मैसेज भेजा गया है। मेल करने वाले ने सभी को एक साथ धमकी भरा मेल किया है। जिसमें एयरपोर्ट पर बम लगाने की बात कही गई है। सुरक्षा एजेंसियां पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

पुलिस के मुताबिक धमकी भरा मेल प्राप्त होने के बाद जयपुर एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और क्यूआरटी ने भी चप्पे-चप्पे पर पुलिस के साथ सर्च किया। एयरपोर्ट बिल्डिंग,पार्किंग एरिया, एप्रन एरिया समेत चप्पे- चप्पे पर चेकिंग की गई। जांच में एयरपोर्ट पर कहीं पर भी कोई विस्फोटक नहीं मिला। इसके बाद एयरपोर्ट प्रशासन ने राहत की सांस ली। जयपुर एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से एयरपोर्ट थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। साथ ही इस मामले में साइबर एक्सपर्ट की भी मदद ली जा रही है।

पुलिस ने बताया कि सोमवार सुबह एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर ई-मेल भेजकर धमकी दी गई है, धमकी देने वाले का कहना है कि, एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों में बम लगा दिया है। साथ ही तीन एयरलाइंस में भी बम प्लांट किए जाने की बात कही है। साथ ही टेरेराइजर्स-111 ग्रुप की ओर से बता कर मेल में लिखा गया है कि इसको हल्के में मत लेना। पुलिस ने एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन शुरू किया। बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉड की ओर से पूरे एयरपोर्ट परिसर और उसके आस-पास की जांच की जा रही है। सर्च ऑपरेशन में अभी तक एयरपोर्ट परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। विजिलेंस टीम ई-मेल करने व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि इससे पहले 26 अप्रैल 2024 और उससे पहले 16 फरवरी 2024 और 27 दिसंबर 2023 को भी धमकी भरा मेल प्राप्त हो चुका है। जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट को तीन दिन पहले बम से उडाने की धमकी देने वाला आरोपी आंध्र प्रदेश में पकड़ा है। जिसे मुंबई पुलिस आरोपी को लेकर आई है। वहीं जयपुर पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए मुंबई रवाना हो गई है। आरोपी ने 26 अप्रैल को जयपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को बम से उडने की धमकी भरा मेल भेजा था और खुद को बेंगलुरू निवासी बताया था। इस मामले को लेकर जयपुर पुलिस जल्द खुलासा कर सकती है।

# के.के.टावर में हो रहे अवैध निर्माण ने बुजुर्ग दुकानदार की जान ली

## *झोटवाड़ा स्थित रघुनाथपुरी में ग्रेटर नगर निगम की बिना परमिशन अवैध तरीके से बन रहा है कॉम्पलेक्स*

-कार्यालय संवाददाता-

- **बुजुर्ग अपनी दुकान खोलने के बाद बोर्ड लगाने बाहर निकला था, तभी निर्माणाधीन छत में शटरिंग में काम आने वाला लकड़ी का फंटा उसके सिर पर गिर गया था**
- **गंभीर घायल त्रिलोकचंद को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई**
- **स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बिल्डिंग में अवैध निर्माण हो रहा है, इसकी शिकायत नगर निगम ग्रेटर में की थी, 10 दिन पहले निगम टीम मौके पर आई थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की**

**जयपुर**। झोटवाड़ा स्थित रघुनाथपुरी में मुख्य सड़क पर बने कॉम्पलेक्स "के.के.टावर" में अवैध निर्माण ने बुजुर्ग दुकानदार की जान ले ली। इस बिल्डिंग में चौथी मंजिल पर छत डालने का काम चल रहा था, तभी दुकानदार त्रिलोकचंद अपनी दुकान खोलने के बाद बोर्ड लगाने बाहर निकला तो शटरिंग में काम आने वाली लकड़ी की प्लेट का बड़ा हिस्सा नीचे उसके सिर पर गिर गया, इससे बुजुर्ग दुकानदार गंभीर घायल हो गया और उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में रोष और उन्होंने अवैध निर्माण को लेकर ग्रेटर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

जानकारी के मुताबिक झोटवाड़ा स्थित रघुनाथपुरी में मुख्य सड़क पर हाल ही में "के.के.टावर" कॉम्पलेक्स बना है। इस कॉम्पलेक्स में कालवाड़ रोड सिंधी कॉलोनी निवासी त्रिलोकचंद (72) की दुकान थी। वे रविवार सुबह अपनी दुकान खोलने के लिए के.के. टॉवर में आए थे। इसी कॉम्प्लेक्स में चौथी मंजिल पर निर्माण का काम चल रहा था, छत डालने के लिए शटरिंग लगी हुई थी। तभी मजदूरों से शटरिंग में काम आने वाला फंटा गिर गया। वह सीधे त्रिलोकचंद के सिर पर गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल त्रिलोकचंद को निजी हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे शास्त्री नगर स्थित कावंटिया हॉस्पिटल रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान त्रिलोकचंद ने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि बिल्डिंग में अवैध निर्माण हो रहा है। इसकी शिकायत नगर निगम ग्रेटर में की थी। शिकायत पर निगम की टीम 10 दिन पहले मौके पर आई थी, लेकिन टीम ने यहां कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस को स्थानीय लोगों ने बताया कि त्रिलोकचंद दुकान खोलने के बाद अपनी दुकान का बोर्ड लगाने बाहर आए थे। बोर्ड लगाकर जैसे ही वह दुकान के अंदर जाने लगे तभी ये हादसा हो गया। लोगों का आरोप है कि चौथी मंजिल का काम करने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था का भी ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण ये हादसा हो गया।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस को मिला 38238 करोड़ का न्यू बिजनेस प्रीमियम

**जयपुर**। देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च को समाप्त वर्ष के दौरान 38 हजार 238 करोड़ रुपये का न्यू बिजनेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान यह 29,589 करोड़ रुपये था। पिछले वर्ष की तुलना में सिंगल प्रीमियम में 44 फीसदी की वृद्धि हुई है। सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए, एसबीआई लाइफ का न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए 4,165 करोड़ रुपये रहा, जो 15 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है। सुरक्षा व्यक्तिगत न्यू बिजनेस प्रीमियम 31 मार्च को समाप्त वर्ष के लिए 951 करोड़ रुपये रहा। व्यक्तिगत नया व्यवसाय प्रीमियम पिछले वर्ष की तुलना में 14 फीसदी वृद्धि के साथ 23,832 करोड़ रुपये रहा।

# हाईकोर्ट के आदेश पर जे.डी.ए. ने न्यू सांगानेर रोड पर 125 अतिक्रमियों को थमाया नोटिस

## शिव शंकर नगर, केसर विहार और अशोक विहार में सड़क सीमा में किए गए अवैध निर्माण ध्वस्त

**जयपुर** (कासं)। हीरापथ बी-टू बाईपास न्यू सांगानेर रोड से वंदे मातरम मार्ग तक प्रस्तावित सेक्टर रोड के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने 125 अतिक्रमियों को धारा-72 के नोटिस थमाए हैं। यह कार्रवाई राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा सिविल रिट पीटीशन संख्या 11818/2023 में दिए गए निर्णय की पालना में की गई है।



मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश की पालना में 125 अतिक्रमियों को धारा-72 के नोटिस जारी करके शीघ्र ही उन्हें अतिक्रमण हटाने के लिए पाबंद किया है। अगर अतिक्रमी स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाते हैं, राजस्थान उच्च न्यायालय के आदेश पर जे.डी.ए. प्रशासन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करेगा। महेन्द्र शर्मा ने बताया कि सोमवार को जोन-9 स्थित शिव शंकर नगर, केसर विहार और अशोक विहार में कार्रवाई कर सड़क सीमाओं में हुए अवैध कब्जे व अतिक्रमण ध्वस्त किए। शिव शंकर नगर में स्थानीय लोगों ने सड़क पर कब्जा कर करीब 10 स्थानों पर अवैध रूप से चबूतरे, रैम्प, लोहे के जाल और एंगल लगाकर कब्जा कर रखा था। केसर विहार में भी इसी तरह करीब 15 जगहों पर अवैध कब्जा था। अशोक विहार में मंदिर के पास अवैध रूप से दीवार का निर्माण किया गया था, इन सभी अतिक्रमणों को जे.डी.ए. के प्रवर्तन दस्ते ने जे.सी.बी और मजदूरों की मदद से ध्वस्त किया।

## परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

**जयपुर**। ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव अक्षय तृतीया 10 मई को विद्याधर नगर के भगवान परशुराम सर्किल से शाम छह बजे सप्तम ध्वज शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा की रवानगी भगवान परशुराम की सैकड़ों दीपकों से होने वाली महाआरती के साथ होगी। सोमवार को प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेशजी महाराज को प्रथम निमंत्रण दिया गया। ब्राह्मण समाज के लोगों ने गणेशजी को न्यौता देकर आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न करने की कामना की। सोमवार को उपमुख्य मंत्री तथा स्थानीय विधायक दीया कुमारी विधायक गोपाल शर्मा ने आयोजन के पोस्टर का विमोचन किया। दीया कुमारी और गोपाल शर्मा ने शोभायात्रा में शामिल होने का समाज का आमंत्रण स्वीकार किया।

## सार-समाचार

### सीनियर वर्ग में मलोत हॉस्पिटल और स्पोर्टीडोक शूटर्स फाइनल में



**जयपुर**, (का.सं.)। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में अक्षत चतुर्थ संस्करण डॉक्टर प्रीमियर टेनिस में सीनियर और जूनियर टीम वर्ग में रोमांचक मुकाबले हुए। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया की दबंग सिंगल्स में अंडर 45 में डॉ आदित्य और सुधांशु व अबव 45 में डॉ. रवि और डॉ. कपिल ने अपने सेमीफइनल मुकाबले जीतकर फाइनल में स्थान पक्का किया। आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि दबंग डबल्स में डॉ. पुनीत-डॉ. संदीप और डॉ. निशान्त-डॉ. कपिल फाइनल में पहुंचे। लीग को चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया की मलंग सिंगल्स बिलो 45 में डॉ. लोकेश और डॉ. गीतेश और अबव 45 में डॉ. रामचंदानी और डॉ. अजीत ने अपने प्रतिद्वंदियों को हराकर फाइनल में पहुंचे। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. ओम मील ने बताया कि मलंग डबल्स में डॉ. अजीत-डॉ. चेतन और डॉ. सुनील-डॉ. संकल्प की जोड़ी ने फाइनल में स्थान पक्का किया। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि जूनियर वर्ग में टीम आंजेन्या हॉस्पिटल ऑर टीम एडवांस्ड ऑर्थोपडीक़ हॉस्पिटल में ख़िताबी मुकाबला होगा। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपक सैनी ने बताया कि दबंग ट्राइओ में टीम डॉ दिनेश चौधरी और टीम निशांत के बीच में होगा फाइनल मुकाबला।

### लैंगिक संवेदनशीलता पर संगोष्ठी

**जयपुर**। लैंगिक समानता व संवेदनशीलता के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से जयपुर में जामडोली स्थित अग्रसेन स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय, केशव विद्यापीठ में लैंगिक संवेदनशीलता एवं समानता विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में शिक्षा एवं शिक्षक द्वारा रूढ़िगत विचारों से उठकर बिना लैंगिक भेदभाव किये समाज में एवं शिक्षा के क्षेत्र में समानता के लिए किये जाने वाले प्रयासों पर विभिन्न शिक्षाविदों द्वारा चर्चा की गई। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा, केशव विद्यापीठ समिति के सचिव ओ.पी. गुप्ता, अतिरिक्त सचिव अशोक गुप्ता, महाविद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष डॉ. रामकरण शर्मा, उपाध्यक्ष सूर्य नारायण सैनी, प्राचार्य प्रो. रीटा शर्मा, उप प्राचार्य डॉ. सतीश मंगल ने भाग लिया। संगोष्ठी में प्रो. अल्पना कटेजा ने चिंता जताते हुए कहा कि आज 21वीं सदी में भी लैंगिक विषमता जैसे विषय पर संगोष्ठी के आयोजन की आवश्यकता पड़ रही है। आज के युवा वर्ग की मानसिकता में परिवर्तन कर समाज के आर्थिक एवं तकनीकी विकास के लिए लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर लैंगिक समानता की स्थापना करना अत्यन्त आवश्यक है। विषय विशेषज्ञों के रूप में प्रो. मधुरेश्वर पारीक, प्रो. रीटा अरोड़ा, प्रो. सरोज यादव, प्रो. रामनारायण शर्मा, डॉ. प्रमिला दुबे, प्रो. दिनेश चहल, डॉ. संजीव सिंघल, डॉ. बुद्धिप्रकाश गोस्वामी, प्रो. बनवारी लाल जैन, डॉ. कमलेश मीणा, डॉ. आर. के शर्मा, डॉ. मुकेश मीणा, डॉ. मोनू सिंह गुर्जर आदि ने इस संगोष्ठी में इस समस्या पर अपने विचार प्रस्तुत कर समस्या का समाधान ढूँढने का प्रयास किया।

### युवक ने छात्र को सरेराह डंडे से पीटा

**जयपुर**। चित्रकूट इलाके में एक प्राइवेट स्कूल के स्टूडेंट को बेहरमी से डंडे से पीटने का मामला सामने आया है। दरअसल, स्कूल में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स के बीच आपस में झगड़ा हो गया था। एक स्टूडेंट की तरफ से आए युवक ने डंडे से दूसरे पर हमला कर दिया। मामले में चित्रकूट थाना पुलिस ने स्टूडेंट्स और दूसरे व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि स्कूलवालों का कहना है कि तीनों स्टूडेंट्स 12वीं क्लास में पढ़ते हैं। गत 26 अप्रैल को स्कूल की छुट्टी के बाद किसी बात को लेकर तीनों में झगड़ा हो गया। चित्रकूट स्टेडियम के पास झगड़ा बढ़ने पर रोड पर दो क्लासमेट लडने लग गए थे। मौके पर मौजूद लोगों के बीचबचाव करने के दौरान एक युवक झगड़े में कूद गया। युवक ने डंडे से एक स्टूडेंट को जमकर पीटा, वहां मौजूद लोगों ने समझाइश कर उसे रोका। झगड़े के दौरान लोगों ने वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद भी स्कूल प्रशासन के शिकायत नहीं देने पर पुलिस ने अपनी ओर से एफआईआर दर्ज की है। जांच करने पर जयश्री पेडीवाल स्कूल प्रशासन की ओर से लेटर पुलिस को दिया गया।

### ब्राह्मण रत्न सम्मान समारोह 12 मई को

**जयपुर**। भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के तहत सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित "ब्राह्मण रत्न" सम्मान समारोह 12 मई को आयोजित किया जायेगा। सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश की लब्ध प्रतिष्ठित प्रतिभायें जिन्होनें क्षेत्र विशेष में उल्लेखनीय कार्य किया है। जिनके कारण राजस्थान की एक पहचान है। ऐसी प्रतिभाओं को "ब्राह्मण रत्न" के अलंकरण से विभूषित किया जायेगा। इसमें साहित्य, कला, समाज सेवा, पुलिस सेवा, प्रशासनिक सेवा, पत्रकारिता, चिकित्सा सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं द्वारा की गई उपलब्धियों के लिये ये सम्मान दिया जायेगा।

# सुरेश कुमार पूनियां ने कांस्य पदक जीता



**जयपुर**। भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड की ओर से भोपाल में 15 से 18 अप्रैल तक आयोजित हुई अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल प्रतियोगिता-2024 में बी.एस.एन.एल. वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सुरेश कुमार पूनिया ने कांस्य पदक जीता। सुरेश पूनियां पूर्व में भी स्वर्ण तथा रजत पदक जीत चुके है। राजस्थान दूरसंचार परिमंडल के मुख्य महाप्रबन्धक संजय कुमार ने सुरेश कुमार पूनियां को बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ महाप्रबंधक (प्रशासन एवं एचआर) अखलेश अग्रवाल, राजस्थान दूरसंचार खेलकूद व सांस्कृतिक बोर्ड सचिव सुनील दत्त जोशी भी उपस्थित थे।

## आई.पी.एल.मैच पर सट्टा लगाते दो बुकी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। आमेर थाना पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच पर सट्टा लगाते हुए दो बुकी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखों रुपयों के हिसाब-किताब की पर्चियां सहित अन्य सामान बरामद किया है। आरोपियों ने सट्टे की खाईवाली की लाइन कहाँ से प्राप्त की है और कौन कौन लोग इसमें शामिल है इसके बारे में पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त उत्तर राशि डोगरा ने बताया कि आमेर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना इलाके में स्थित मोदी फॉर्म हाउस रोड कूकस से कार में आईपीएल टी-20-20 मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा है। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और आईपीएल टी-20-20 मैच पर ऑनलाइन सट्टा लगाते ताराप्रकाश टेलर (28) निवासी राम बगीची का मोहल्ला जमवारामगढ निवासी व शुभम सैनी (22) निवासी जमवारामगढ को गिरफ्तार किया।

# राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता कार्यशाला

**जयपुर**, (का.सं.)। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड-उत्तरी क्षेत्र व यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आज जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राष्ट्रीय शिक्षुता जागरूकता कार्यक्रम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ राजस्थान चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ के एल जैन, एन के जैन-अध्यक्ष राजस्थान नियोक्ता एसोसिएशन, एस के मेहता-निदेशक राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड भारत सरकार, प्रो डॉ बिस्वेजॉय चटर्जी वाईस चांसलर यू ई एम, जयपुर, मानस खवास-सहायक निदेशक राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड भारत सरकार, डॉ प्रदीप शर्मा-रजिस्ट्रार आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम में निदेशक एस के मेहता ने बताया कि राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप जागरूकता वर्कशॉप और पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य कौशल विकास और श्रम वृद्धि में अपरेंटिसशिप के महत्व को प्रोत्साहित करने और पहचान करने के लिए एक शानदार पहल है। वर्कशॉप में दिए गए सुझावों में राष्ट्रीय अपरेंटिसशिप का परिचय तथा कार्यक्रम के उद्देश्य और लक्ष्यों का परिचय कराना, आज की अर्थव्यवस्था में अपरेंटिसशिप के महत्व को हाइलाइट करने के लिए अपरेंटिसशिप या व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रमुख व्यक्ति को आमंत्रित करना, पैनल चर्चा, "कौशल अंतर की पुलिंग में अपरेंटिसशिप की भूमिका- उद्योगपति, शिक्षक और नीति निर्माताओं को आमंत्रित करना ताकि अपरेंटिसशिप की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और सुधार के अवसरों पर चर्चा करना आदि।

यूनिवर्सिटी वाईस चांसलर प्रो चटर्जी ने बताया कि वर्कशॉप और प्रशिक्षण सत्र जैसे प्रभावी अपरेंटिसशिप कार्यक्रम कैसे विकसित करें, अपरेंटिस भर्ती और रिटेंशन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन कैसे करें, अपरेंटिसशिप प्रशिक्षण में प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे करें, अपरेंटिसशिप कार्यक्रम में विविधता और समावेश का सम्मान कैसे करें आदि के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई।

कार्यक्रम में केस स्टडी और सफलता, अपरेंटिसेज़ के अनुभवों को साझा करना आदि विषयों पर चर्चा की गयी। साथ ही साथ उद्योग के विशेषज्ञों, शिक्षकों, और नीति निर्माताओं के साथ नेटवर्किंग करने का अवसर प्रदान किया गया और नवाचारी अपरेंटिसशिप कार्यक्रमों और संसाधनों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के उपरांत पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया जिसमे उन संगठनों, नियोक्ताओं, शिक्षकों, और अपरेंटिसेज़ से जुड़े हुए अनेक लोगों को सह सम्मान से पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने अपरेंटिसशिप के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान किया है। कार्यक्रम की श्रेणियों में "सर्वश्रेष्ठ अपरेंटिसशिप कार्यक्रम", "वर्ष का श्रेष्ठ अपरेंटिस", "मेंटरशिप में उत्कृष्टता," आदि शामिल को शामिल किया गया।

# ए.टी.एम. कार्ड बदलकर लूट की वारदातें करने वाली मेवाती गैंग का शातिर सरगना गिरफ्तार

## आरोपी के कब्जे से 40 हजार रु. नकद और 17 ए.टी.एम. कार्ड बरामद

**जयपुर**। श्याम नगर थाना पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर लूट की वारदात करने वाली मेवाती गैंग के सरगना को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 हजार नकद और 17 एटीएम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने प्रताप नगर, भांकरोटा, मानसरोवर, महेश नगर, चित्रकूट, ब्रहमपुरी में भी कई वारदात की हैं। साथ ही आरोपी पूर्व में भी रेवाडी, फरीदाबाद, पानीपत (हरियाणा), नगर, ब्रह्मपुरी (जयपुर) तथा दिल्ली में गिरफ्तार हो चुका हैं। फिलहाल पुलिस पूछताछ करने में जुटी है।



गिरफ्तार आरोपी साकिब ( बायें )

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि श्याम नगर थाना पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए एटीएम कार्ड बदलकर लूट की वारदात करने वाली मेवाती गैंग के सरगना साकिब निवासी पलवल हरियाणा को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मेवात तथा पलवल जिले का निवासी है तथा शनिवार,रविवार या छुट्टी वाले दिन कार से जयपुर आता है और एटीएम के पास गाडी लगाकर खड़े होकर एटीएम में आने वाले बुजुर्ग या महिला को निशाना बनाते है। गैंग का एक सदस्य पहले एटीएम में मौजूद व्यक्ति के पास जाता है तथा जैसे ही वह पैसा निकालकर रवाना होता है तो आरोपी पीछे से कार्ड लैस का ऑप्शन दबा देता है, जिससे कई फंक्शन खुल जाते है। इसके बाद आरोपी आवाज देकर वापस बुलाता है। इतने में दूसरा आरोपी भी एटीएम में आ जाता है। पीड़ित व्यक्ति से कहते है कि अभी आपका ट्रांजेक्शन कम्पलीट नहीं हुआ है। आप अपना एटीएम व पिन दोबारा डालो। इसी दौरान दोनों आरोपी पीडित का ध्यान भटका कर एटीएम कार्ड बदल देते है। आरोपी का तीसरा साथी एटीएम के पास ही गाडी लगाकर खड़ा रहता है।

मौके से निकलकर आस-पास के दूसरे एटीएम से पैसा निकलवा लेते है तथा अपने पास रखी पीओएस मशीन से लिमिट के अनुसार पैसा ट्रांसफर कर लेते है। यह लोग जयपुर में ही हाईवे के पास होटल में कमरा लेकर रुक जाते है तथा कुछ दिन शहर में घूम कर वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपी के पास से 40 हजार नकद और 17 एटीएम कार्ड बरामद किये हैं। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से उसके अन्य साथियों सहित अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

गौरतलब है कि 13 अप्रैल को श्याम नगर थाना इलाके में श्याम नगर मेट्रो स्टेशन केनरा बैंक एटीएम में पीड़ित पैसा निकलने गया। इसी दौरान वहां पर दो लडके खड़े थे और उन्होंने पीड़ित के पैसे निकालने के लिए कहा। जिस पर पीडित ने अपना एटीएम कार्ड मशीन में लगाकर कोड लगा दिया। बदमाशों ने साइड से कोड देख लिया। जिसके बाद बदमाशों ने चालाकी से एटीएम कार्ड बदलकर निकल गए। कुछ देर में ही बदमाशों ने खाते से 1 लाख 40 हजार रुपए निकाल लिये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की और बदमाशों की तलाश में टीमे गठित कर आरोपी को चिन्हित करते हुए पकडा है।

# 71 लाख की लूट मामले में एक और बदमाश गिरफ्तार

- **सीकर के ग्राम विकास अधिकारी से गत दिनों हुई 71 लाख की लूट के मामले में पुलिस अब तक 7 बदमाशों को गिरफ्तार कर चुकी**

**जयपुर**। मुहाना थाना पुलिस ने 23 अप्रैल की शाम को सीकर के ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र जांगिड़ से 71 लाख रुपये की लूट मामले में फरार चल रहे पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पूर्व में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है।



पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने 23 अप्रैल की शाम को सीकर के ग्राम विकास अधिकारी देवेन्द्र जांगिड़ से 71 लाख रुपये की लूट मामले में फरार पच्चीस हजार रुपये के इनामी आरोपी बसराम उर्फ विश्राम निवासी पचेवर जिला टोंक को बापर्दा गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि 71 लाख लूट मामले में मुख्य आरोपी धाबास निवासी रवि पंडित,मुकेश सामोता और दूदू निवासी सुरेंद्र देवलिया, रामसिंह गोरा निवासी पचेवर जिला टोंक सहित लूटी गई रकम को ठिकाने लगाने में मुंगथला दूदू निवासी गोपाल जाट, सुरेंद्र और बद्रीनारायण को गिरफ्तार किया था।




## International Jazz Day

*International Jazz Day* is a beautiful time to celebrate the gift of music and to come together as a community. It's a chance to listen to a variety of musicians and hear their talents live, all around the world. International Jazz Day highlights the ability for 'jazz' to unite people from all walks of life and draw together folks from around the globe. The day brings together artists, schools, communities, historians, academics, and jazz aficionados to raise awareness around this type of music and educate the public about the roots, impact, and future of jazz.

#COVID-19

# Nanoparticles Could Fight Multiple Strains Of Covid Virus

COVID-19 can still hospitalize vaccinated individuals, especially the elderly. New strains also continue to emerge, requiring constant updates to vaccines to maintain their effectiveness.



Teardrop-shaped particles, designed to inactivate multiple strains of the SARS-CoV-2 virus could one day complement existing treatments for COVID-19, according to a new study. The COVID mRNA vaccines have been highly effective at preventing severe cases of the disease, but COVID-19 can still hospitalize vaccinated individuals, especially the elderly. New strains also continue to emerge, requiring constant updates to vaccines to maintain their effectiveness.

"Our immune system has to learn about a virus to generate the antibodies to fight back against infection, but by that time, it may be too late for some people," says Nicholas Kotov, a professor of Chemical Sciences and Engineering at the University of Michigan and co-corresponding author of the study in the Proceedings of the National Academy of Sciences.

Treatments are essential to help people at risk of severe COVID-19, but there are only a few options in the market today. Pfizer's Paxlovid antiviral pill has become the go-to treatment after it received emergency use authorization from the Food and Drug Administration, with clinical trials showing hospitalization risk reduced by 89%. However, it may only reduce that risk by 50%, possibly as low as 26%, and the pill might not be appropriate for patients with cardiovascular disease.

"The nanoparticles could help vulnerable people during outbreaks of pandemic virus," says Liguang Xu, professor of Food Science and Technology at Jiangnan University and co-corresponding author of the study.

The SARS-CoV-2 spike protein, the piece of the virus that both, allows it to attack human cells and be attacked by the immune system, is made of building blocks called amino acids, and the sequence of amino acids may change from one strain of the virus to another. Antibodies tend to target a specific amino acid sequence, which is why these changes can enable new strains to evade immunity acquired from prior exposure to other SARS-CoV-2 variants or older versions of the mRNA vaccines.

Instead, the team's nanoparticles work on the direction and degree of the twist in spike proteins, also known as their 'chirality.'


"The overall structures of coronavirus spike proteins are similar, and the chirality of these spike proteins is the same, so, the particles can interact with many coronaviruses," says Chuanlai Xu, professor of Food Science and Technology, who led the work done at Jiangnan University.

The team tested the particles on common cold viruses and the Wuhan-1 and Omicron variants of SARS-CoV-2. They did this by treating mice infected with pseudoviruses, that bore coronavirus spike proteins on their surfaces, with different pseudoviruses representing different strains. When the mice inhaled the particles, the treatment cleared 95% of the viruses from their lungs, and they could resist infection for up to three days.

Chirality comes in two directions, left- and right-handed. Coronavirus spike proteins have left-handed twists. So, left-handed twists at the nanoparticles' points fit best.

"The matching left-handed twist makes the virus better at binding with the particles than with animal and human cells," says André Farias de Moura, associate professor of Chemistry at the Federal University of São Carlos in Brazil and a co-author of the study. "This makes it more likely that the virus will be captured by the particles before it has a chance to infect cells."

The researchers still don't know how quickly the particles are expelled from the body and whether they come with any dangerous side effects in humans, but they hope to learn those details with further study.



# Indian Military Changed the course Of The Two World Wars

The contribution of Indian soldiers, fighting the World Wars as part of the victorious Allied armies, has been the focus of a joint project between the Ministry of External Affairs (MEA) and the USI since 2014. Prime Minister Narendra Modi has taken personal interest in speaking about this contribution during his official visits to Australia, France and Israel.



Marshal of the Air Force Arjan Singh, then a flight lieutenant, with pilots of No. 1 Squadron by a Hawker Hurricane aircraft in World War II in Burma.



The British Commander and Indian crew of a Sherman tank of the 9th Royal Deccan Horse.



An Indian soldier, held Prisoner of War by the Japanese, is attended to by nursing staff on board the hospital ship Oxfordshire.

■ **Ranjit Bhushan**

There is growing unanimity among global scholars that the course of the two World Wars and indeed the world itself would have been different, if Indian soldiers had not fought the way they did, even as a colonial power.

*Indian Military history* is a subject of recent and rising interest. The role of the *Indian Armed Forces* or more especially, *the British Indian Army in Europe* and *France*, in the two World Wars currently occupies the top-of-the-mind space.

Leading the charge in re-igniting a theme that sets the pace for India at international forums, more than a century ago, when Independence was yet nowhere in sight is the country's oldest military think-tank, the *United Service Institution of India* (USI).

The contribution of Indian soldiers, fighting the World Wars as part of the victorious Allied armies, has been the focus of a joint project between the Ministry of External Affairs (MEA) and the USI since 2014. Prime Minister Narendra Modi has taken personal interest in speaking about this contribution during his official visits to Australia, France and Israel.

During the World Wars, Indian soldiers served with honour in France, Belgium, Aden, the Arabian Peninsula, East and West Africa, Somalia, Gallipoli, Egypt, Iraq, Palestine, Iran, Greece, Russia and even China. At a recent joint international conference, organised by the USI and Indian Council of World Affairs (ICWA), the country's oldest think-tank on International Relations, titled 'The Diplomatic Dimensions of Military History,' speakers and military historians were unanimous in their view that but for the participation of the Indian soldiers, the course of the two World Wars, would have been vastly different.

> At a recent joint international conference, organised by the USI and Indian Council of World Affairs (ICWA), speakers and military historians were unanimous in their view that but for the participation of the Indian soldiers, the course of the two World Wars, would have been vastly different.

Setting the agenda for the conference, the Director General of the USI, Major General B.K. Sharma, AVSM, SM** (Retd.) correctly pointed out that "war and diplomacy go hand in hand."

Dominiek Dendooven, Researcher and Curator at the Flanders Fields Museum, Ypres, Belgium, quoting from the *Commonwealth War Graves Commission* said that 1,38,000 soldiers from India were sent Europe during the first World War. Most of them were deployed in the Ypres Salient and at nearby Neuve Chapelle in France during the period 1914-15. "A very large number lost their lives in the campaign to halt the German advance," he said.

The Indian Army's involvement on the Western Front started on 6th August, 1914. That day, the War Council in London requested two Infantry Divisions and a Cavalry Brigade from the Viceroy's government to be sent to Egypt. On 27th August, these troops were ordered to Europe.

#GLORIES



Canada and the Second Battle of Ypres.



How India Bailed Out The West In World War-II.



Martha Gellhorn, legendary correspondent ex-wife of Ernest Hemingway interviews Indian soldiers in 1944.



15TH Maratha Light Infantry Florence, 1944.

The supreme sacrifices of the Indian soldiers in Europe are recorded in the major World War I Memorial in continental Europe, Menin Gate, in Ypres, Belgium and at the Memorial for India-Chappelle in nearby Neuve in France.

In 2002, at the request of the Indian government, an Indian Memorial was erected on the lawn, south of the Menin Gate.

According to Dendooven, the contribution of the Indian troops on the Western Front, though largely underplayed by the British commanders, no doubt inspired by a racist, white supremacist streak, was highly crucial. "They held the gaps, gaps that could have potentially allowed a German breakthrough. Deployed as storm troops encounter offensives, where all circumstances were to their disadvantage, they explored and prepared the field so that it could be expanded into a new allied line of defence by others after them," he said. Dendooven's extensively researched project proves that for the Indian military, the deployment in Ypres in 1914 and 1915 was very important. "It had its baptism with research during the first World War while simultaneously fighting for the first time on European soil. Probably, even more important was the fact that the Indian Army faced brutal confrontation with war on an industrial scale in which heavy artillery played a decisive part and in which aeroplanes were used. In late April 1915, during the Second Battle of Ypres, the Indian military were among the first to be exposed to chemical warfare," the researcher explained.

> It had its baptism with research during the first World War while simultaneously fighting for the first time on European soil. Probably, even more important was the fact that the Indian Army faced brutal confrontation with war on an industrial scale in which heavy artillery played a decisive part.

During the Second World War, the Indian Army contributed almost 2.5 million men by August 1945. It was the largest volunteer army in human history. Indian soldiers were deployed in the east against Japanese and in the Middle East, East Africa, North Africa, Greece and Italy against the Germans and Italians, yet, the first Indian contingent, called *K6 force*, was dispatched in 1940 to support the Expeditionary Force in France.

Ghee Bowman, a PhD from the University of Exeter, UK, who has pursued his interest in the little-known Indian presence at the pivotal Battle of Dunkirk in the Second World War, reflected on selective writing of history. "Dunkirk had no mention either of Indian soldiers or French," he noted.

Bowman revealed for the first time the astonishing story of the Indian contingent, the Muslim soldiers, who fought that Dunkirk, from their arrival in France on 26th December 1939 to their return to an India on the verge of Partition. This historian's forensic journey of research into the role of Indian soldiers, which has spanned five countries, culminated in the publication of a book in 2020, '*The Indian contingent: The Forgotten Muslim soldiers of Dunkirk*.' Bowman, who is now working on a second book that will examine Indian Prisoners of War in Europe said that he has noticed increased interest in this subject in this country, which has gathered momentum in the last few years.

At the recent joint international conference, organised by the USI and Indian Council of World Affairs (ICWA), speakers and military historians were unanimous in their view that but for the participation of the Indian soldiers, the course of the two World Wars, would have been vastly different.

*rajeshsharma1049@gmail.com*



British Indian army uses a Bren light machine gun near Villa Grande.

#INSIGHT

# The Johri

The interiors of *Johri* are lime and pink colour. The floors flaunt the araish work that comes from a mixture of lime and egg shells. The walls are beautifully painted with floral motifs.







**Sadhana Garg**
*Journalist & social entrepreneur*





The kaleidoscope of the colour, craft jewellers and coloured stones give *Johri bazaar* an iconic international status. In continuum of this past and present stands a gem, *The Lal Haveli.* Built about 150 years ago, by a rich merchant namely, today it's an upscale fine dining boutique restaurant, named '*The Johri.*'

Situated in *MSB ka rasta*, one walks past a 200-year-old Banyan tree and its roots like the shards of time and are as unstoppable, engulfing as a *rang rez's* 100 year-old chanty. This relic from Noah's Arc leads you to a quadrangle or '*Chowk,*' as it is called in the local parlance. The *Chowks*, placed in every lane of the walled city, served as innards of a city founded by Sawai Jai Singh.

The interiors of *Johri* are lime and pink colour. The floors flaunt the araish work that comes from a mixture of lime and egg shells. The walls are beautifully painted with floral motifs. Central seating area of 70 packs transports you to a past, when leisure was a way of life.

The Bar on the left has been curated around the local flavours. A must try is piquant *mathania* chilli infused tequila, lime juice, tamarind puree, jaggery, saline solution. *Inverted Negroni* vies with it, as it is as popular with guests, who revel in stepping back in time. A concoction of tanqueray, chamomile tea infused martini extra dry, garibaldi foam and orange.

Both set the mood for the evening. What's a summer, if you can't have happiness in a mocktail? A slice of lime, a dash of mint and a whole lot of splash of flavour, blended to perfection.

The others are melting moments of gourmet cooking. *Sangri ki Shammi* are cutlets from *Ker Sangri,* made with dried *ker* berries and *sangri* beans. The *Papad Piyaz kebabs* are exotic. All restaurants in Rajasthan delve into numerous '*papad* variation dishes' but few get it right or are able to exalt the 'humble *Papad'* to a signature starter. The *Tulsi Paneer tikka*, for its unique flavour and the *Palak patta chaat*, for not being a calorie bombshell as it is in other places, is also something to binge on.


The full-service restaurant at *The Johri* serves an evolving menu of 'organic vegetarian.'

Indian dishes focused on farm-fresh produce and inventive flavours, defined by the seasons. If the design heritage is immersive, then the menu is enticing. It is elaborate wherein culinary heritage has been infused with present-day tastes and trends.


My all-time favourite was the 'humble *Batti,*' once a picnic food of this arid land, now has been upgraded by *soya* stuffing and is served in a generous onion garlic gravy. *Kachi Mirch ka Paneer* and *Kataifi masala paneer* are a delight. The green apple gravy and adding to this, our local *methi*, indianising well the Greek dish.

The *Nihari Kathal*, inspired by the *Awadhi* cuisine and the *Gucchi Mushroom Mussallam* in cashew, poppy seed gravy are distinctive as are the other items in the *Johri menu*. The stellar meal is best rounded of by the *Pista Kulfi*, heavily garnished by *churma,* made in house. If it leaves you asking for more than savour, the filtered Coffee *Rasmalai*, a delectable Gen-Z dessert is the answer. If you come away from '*The Johri feeling'* over-indulged, worry not. This absolute classic and bonafide Jaipur landmark is all about 'Paradise Gained.'






## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीण पानी की टंकी पर चढ़े

## जलदाय विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर समस्या समाधान का आश्वासन दिया



मण्डावर नगरपालिका अंतर्गत सायपुर पाखर में ग्रामीणों ने टंकी पर चढ़कर आक्रोश जताया।

**हिंडौन सिटी,** (निसं)। मण्डावर के नगरपालिका अंतर्गत सायपुर पाखर में गत दो दिन से पानी की समस्या को लेकर ग्रामवासियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जल जीवन मिशन योजना के तहत जलदाय विभाग के द्वारा पाखर-2 में पानी की पुख्ता व्यवस्था करने के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च कर ट्यूबवैल व पानी भंडारण के लिये पानी की विशाल टंकी बनवाई गई थी। साथ ही ट्यूबवैल के लिये बिजली का कनेक्शन भी करा दिया गया था लेकिन उक्त ट्यूबवैल से पानी की लाईन टंकी तक नहीं डाली गई थी। इसी दौरान ग्रामीणों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है और मंडावर शहरी क्षेत्र में से माथे पर रखकर पानी भरकर

- **ग्रामीणों को पानी के लिये भटकना पड़ रहा है और टैंकर मंगाकर प्यास बुझा रहे हैं**

ले जाना पड़ रहा है, या फिर पानी का टैंकर मंगाकर प्यास बुझाई जा रही है जो ग्रामीणों के लिये एक बड़ी समस्या बन चुकी है।

वहीं पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों का रोष फूट पड़ा और समस्त ग्रामवासी महिला-पुरुष तथा युवा मंडावर शहर के लिये संचालित पानी की टंकी पर पहुंचे और वहां टंकी पर चढ़कर अपना विरोध जताया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस के हाथ पाँव फूल गये। आनन-फानन में शीघ्र जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। जलदाय विभाग के कर्मचारियों ने दूरभाष पर दो घंटे में पहुंच कर समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। तब पुलिस द्वारा की गई समझाईश से ग्रामीणों ने अपना प्रर्दशन स्थगित किया व टंकी से नीचे उतर गये।

आश्वासन अनुसार दोपहर में ग्रामीणों के बीच जलदाय विभाग के सहायक अभियंता राधाकृष्ण मीना पहुंचे जहां वार्ता करने के बाद ग्रामीण उनकी बातों से संतुष्ट नहीं हुये और फिर पुनः विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी। इसी क्रम में ही रविवार को समस्त ग्रामीणों ने व्यापक रूप से इकट्ठा होकर उक्त टंकी पर वापिस चढ़ते हुये जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया और पानी की समुचित व्यवस्था नहीं होने तक प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी दी।

इसी दौरान जलदाय विभाग की कनिष्ठ अभियंता मेघा सैनी प्रदर्शनकारी ग्रामीणो के बीच पहुँची, तब उनके समक्ष ग्रामीणो ने गहरा रोष जताया तथा पेयजल की समस्या शीघ्र हल नही होने पर उक्त प्रदर्शन को और अधिक उग्र करने की चेतावनी दी। उन्होंने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुये उनकी मांग पर अन्दर ग्राम मैं जाकर भी मौका स्थिति को देखा और समझा फिर इस संबंध में ग्रामीणों से समझाईश करते हुये किसी भी तरह अगले दो दिनो में पाखर-2 के ग्रामीणों की पेयजल की समस्या को मध्येनजर रखते हुये जलदाय विभाग द्वारा किसी भी तरह वैकल्पिक व्यवस्था करते हुये पानी उपलब्ध कराने की बात कही तब जाकर ग्रामीणों ने उनके द्वारा दिये गये आश्वासन के बाद टंकी पर चढ़ रहे समस्त ग्रामीणों ने नीचे उतरकर अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

## ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट गहराया

**डूंगरपुर,** (निसं)। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। पेयजल संकट से निजात दिलाने के प्रशासन और जलदाय विभाग के दावे फैल होते दिखाई दें रहे हैं। इसी को लेकर पोहरी खातुरात पंचायत के ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते हुए उनकी पंचायत क्षेत्र के गांवों में टैंकर से जलापूर्ति कर राहत दिलाने की मांग की है।

ग्राम पंचायत पोहरी खातुरात पंचायत के सरपंच हरीश के नेतृत्व में ग्रामीण सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। सरपंच हरीश ने बताया कि इस साल बारिश कम होने से उनके पंचायत क्षेत्र में पेयजल संकट गहराता जा रहा है। तालाब और नाले सूख चुके हैं। वहीं कुओं और हैंडपंप में भी जलस्तर नीचे चला गया है। जिसके चलते पंचायत के गजपुर, घोडाखरा और पोहरी गांव में लोग पेयजल को लेकर परेशान हैं। वहीं मवेशियों के लिए भी पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो

- **लोगों ने जिला कलेक्टर से टेंकरों से पानी सप्लाई करने की मांग की**

गया है।

पेयजल नहीं होने से ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच हरीश के नेतृत्व में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंच जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। वहीं ज्ञापन में पेयजल संकट वाले तीनों गांवों में टैंकर से जलापूर्ति करते हुए लोगों को राहत पहुंचाने की मांग की है। गर्मी के मौसम में पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने एक प्लान तैयार किया था,लेकिन उस प्लान के मुताबिक अभी तक पेयजल संकट वाले गांवों में जलदाय विभाग की ओर से टैंकर से जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है।

# मीटिंग कर रहे लोगों पर लाठियों व डंडों से हमला

## हमले में मजदूर नेता सहित आधा दर्जन लोग घायल, अस्पताल में भर्ती करवाया



पुलिस ने अस्पताल में घायलों से पूछताछ की।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित रीको एरिया में कुछ दिनों से चल रही वर्चस्व की लड़ाई अब खूनी संगर्ष का रूप ले रही हैं। रीको में ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन को लेकर माधव चौराहे पर मीटिंग कर रहे लोगों पर दो ब्लैक स्कॉर्पियो से आये लोगों ने लाठियों व डंडों से हमला कर दिया। हमले में मजदूर नेता सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये, जिन्हें एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

प्रतापनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पटेल नगर निवासी और श्रमिक नेता पन्नालाल पुत्र खेताराम चौधरी सहित कुछ लोग रीको के माधव नगर चौराहे पर सोमवार सुबह ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजन को

- **पीड़ित पक्ष ने भी हमलावरों पर कुर्सियां व पत्थर फैंके, जिससे हमलावर फरार हो गये**

लेकर मीटिंग कर रहे थे। इसी दौरान ब्लैक कलर की दो बिना नंबरी स्कॉर्पियो में सवार होकर आए युवकों ने डंडे व लाठियों से हमला कर दिया। अचानक हुये हमले को लेकर वहां अफरा-तफरी मच गई। वहीं पीड़ित पक्ष ने भी बचाव में हमलावरों पर कुर्सियां व पत्थर फैंके, जिसके चलते हमलावर स्कॉर्पियो में बैठकर फरार हो गये।

एएसआई चिराग अली कायमखानी ने बताया कि हमले में पुर निवासी रामलाल पुत्र रामसुख माली, देवालाल पुत्र कजोड़ माली, प्यारचंद पुत्र घीसू गाडरी, भवानीराम पुत्र बालू माली, जाटों का खेड़ा निवासी रामेश्वर पुत्र गंगाराम कुमावत व पटेल नगर निवासी पन्नालाल पुत्र खेताराम चौधरी घायल हो गये। इन सभी को एमजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उधर, हमले के बाद फरार हुये हमलावरों की तलाश के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। गौरतलब है कि रिको एरिया में गत कुछ दिनो से अपने अपने वर्चस्व को लेकर दो गुटों में तनातनी का माहौल बना हुआ है। हमले के पीछे भी यही वजह मानी जा रही है, क्योंकि गत दिनों भी दो गुटों में मारपीट और झगड़ा हो चुका है।

# सम्पत्ति के विवाद को लेकर भाई ने की भाई हत्या, आरोपी गिरफ्तार

- **फुफेरा भाई भी वारदात में शामिल था, हत्या कर शव को पांच किमी दूर घाटी में फेंका**
- **प्रॉपर्टी बंटवारे को लेकर दोनों भाईयों में 13 अप्रैल को कहासुनी हो गई थी**
- **हत्या की आशंका जता परिजनों ने मामला दर्ज कराया**

**हिंडौन सिटी/टोडाभीम,** (निसं)। पिता की मौत के बाद प्रॉपर्टी हड़पने के लिए रेलवे कर्मचारी ने फुफेरे भाई के साथ मिलकर बड़े भाई की डंडों और पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर से पांच किलोमीटर दूर पहाड़ी की घाटी में फेंक दिया। घटना करौली जिले के टोडाभीम (गंगापुरसिटी) के मिर्जापुर गांव की है। घटना 15 अप्रैल को हुई थी। युवक का शव 16 अप्रैल को मिला था। पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

थानाधिकारी दिलीप कुमार वर्मा ने बताया कि मिर्जापुर निवासी नवल सिंह मीणा (35) पुत्र सवाई सिंह का शव 16 अप्रैल को टोडाभीम घाटी में मिला था। पुलिस ने मामले की जांच की तो छोटे भाई कमल मीणा (25) पर शक गया। बाद में मिर्जापुर निवासी कमल और उसके फुफेरे भाई राजेश कुमार (30) को गिरफ्तार कर लिया गया। राजेश खेड़ी पुलिस थाना क्षेत्र के बैजुपाडा (दौसा) का रहने वाला है।

थानाधिकारी ने बताया कि प्रॉपर्टी बंटवारे को लेकर दोनों भाई नवल और कमल में 13 अप्रैल को कहासुनी हो गई थी। जयपुर के इंदिरा नगर स्थित प्लाट से किराएदारों को नवल ने निकाल दिया था। इसकी देखभाल उसका फुफेरा भाई राजेश कर रहा था। नवल प्लाट में हिस्सा मांग रहा था। ऐसे में कमल और राजेश ने मिलकर मर्डर का प्लान बनाया। 15 अप्रैल को कमल और राजेश बाइक लेकर गांव मिर्जापुर गए। शाम करीब 8.15 बजे नवल को घर से जबरन बाइक पर बैठाकर आधा किलोमीटर दूर खेत में ले गए। वहां उस पर डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। नवल को अधमरी हालत में लेकर दोनों बाइक से जयपुर के लिए निकल गए। जयपुर के इंदिरा नगर में प्लाट पर पहुंचने से पहले ही नवल की मौत हो गई। जयपुर पहुंचने के बाद शव को कार में डालकर दोनों आरोपी वापस टोडाभीम ले आए और घाटी में शव फेंककर जयपुर चले गए।

पुलिस उपाधीक्षक मुरारी लाल मीणा ने बताया कि घटना के अगले दिन 16 अप्रैल को शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची। हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों ने मामला दर्ज कराया। पुलिस ने वारदात के 11 दिन बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। नवल और कमल के पिता सवाई सिंह मीणा की ड्यूटी के दौरान करीब सात साल पहले मौत हो गई थी। वे रेलवे में टेक्नीशियन के पद पर तैनात थे। पिता की मौत के बाद अनुकंपा पर रेलवे में छोटे भाई कमल की नौकरी लग गई। ऐसे में दोनों भाईयों के बीच प्रॉपर्टी बंटवारे को लेकर लगातार विवाद चल रहा था। बड़ा भाई नवल बेरोजगार था।

## सूने मकान से लाखों के जेवर चोरी

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शाहपुरा के कुंडियाकलां में चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए 93 हजार रुपये की नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चुरा लिए। वारदात के समय गृहस्वामी परिवार सहित रात जगाने देवस्थल गया हुआ था। कुंडियाकलां निवासी सांवरलाल (41) पुत्र पन्नालाल खारोल ने थाने में रिपोर्ट दी कि वह, उसके छोटे भाई लादूलाल व हरदेव और मां तुलसी देवी कुण्डिया कलां में एक साथ ही रहते है। वे, कालाजी के स्थान पर जागरण होने से सभी जागरण में गये हुये थे। मकान पर ताला लगा हुआ था। रात्रि में चोरों ने उनके मकान के ताले तोड़ दिये और अंदर प्रवेश किया। चोर, मकान से एक किलो चांदी की कनगती, मांदलिया, टोप्स, भंवरकिया एक तोला व 93 हजार रुपये नगद चुरा लिये। इसी तरह परिवादी की मां तुलसी देवी के एक थैले में रखे रुपये भी चोर ले गये। वारदात की जानकारी सुबह जागरण से वापस आने पर हुई। पुलिस ने परिवादी सांवर की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातें सामने आई

## परिवार सोता रहा, चोरों ने मोबाइल व नगदी पर हाथ साफ किया

**अजमेर,** (कासं)। शहर के दो थाना क्षेत्रों में अलग-अलग चोरी की वारदात अंजाम देकर एक बार फिर पुलिस को चुनौती दी है। गंज थाना क्षेत्र के फॉयसागर रोड स्थित रावत नगर में चोरों ने एक मकान में वारदात अंजाम दी, परिवार के लोग सोते रहे और चोर तीन मोबाइल फोन सहित नगदी चुरा कर फरार हो गए। रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले रेलवे कर्मचारी के सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए ताला तोड़कर मकान से करीब डेढ़ लाख रुपए का माल समेट कर फरार हो गए। पीड़ितों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

गंज थाना क्षेत्र के फॉयसागर रोड रावत नगर निवासी अर्जुन जुनवाल ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज रिपोर्ट में पीड़ित जुनवाल ने बताया कि रविवार देर रात को अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर चोरी की वारदात अंजाम दी। उन्होंने बताया कि देर रात्रि को परिवार के सभी सदस्य घर सोए हुए थे, देर रात्रि को चोरों ने घर में घुस कर चोरी की वारदात अंजाम देते हुए तीन मोबाइल फोन सहित नकदी

- **रेलवे कर्मचारी के सूने मकान को बनाया निशाना**

पर हाथ साफ कर फरार हो गए। चोरी का पता सोमवार सुबह उठे तब चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल का मौका मुआयना किया। पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है।

वहीं रामगंज थाना क्षेत्र में रहने वाले एक रेलवे कर्मचारी के सूने मकान का अज्ञात चोरों ने ताला तोडक़र करीब डेढ़ लाख रुपए का माल समेट कर फरार हो गए। रेलवे कर्मचारी असलम की शिकायत पर रामगंज थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। असलम ने दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ शादी समारोह में गया हुआ था और दोपहर को उनके पड़ौसी का फोन आया कि मकान का गेट खुला है। उक्त सूचना के बाद वह तुरंत मौके पर पहुंचे और यहां आकर देखा तो कमरे में रखे दो लेपटॉप व एक पीसीआर गायब मिला। पुलिस ने पीडित् की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चार बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

**डूंगरपुर,** (निसं)। बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित हेल्पलाइन 1098 पर सूचना मिली कि डूंगरपुर शहर के कलेक्ट्रेट क्षेत्र में पाइप लाइन खोदने का कार्य चल रहा हैं, वहां 14 से 15 साल के बच्चों से बालश्रम कराया जा रहा है। बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक पिंकी मीणा ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन समन्वयक मेहुल शर्मा के नेतृत्व में टीम सुपरवाइजर हेल्पलाइन, कोतवाली पुलिस थाना, श्रम विभाग व सृष्टि सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में डूंगरपुर शहर के कलेक्ट्री क्षेत्र में पाइप लाइन खोदने का कार्य कर रहे 2 बालकों व 2 बालिकाओं को बालश्रम से मुक्त करवाया गया। इन बच्चों को सहायता के लिए उन्हें बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष भावेश कुमार जैन, सदस्य विजय रावल, बालकृष्ण परमार, उमेश रावल व जयश्री भट्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से बच्चों को अग्रिम आदेश तक आश्रय प्रदान करते हुए बालकों को राजकीय किशोर गृह तीजवड व बालिकाओं को बालिका गृह मुस्कान संस्थान में आश्रय प्रदान किया गया। साथ ही बाल कल्याण समिति द्वारा नियोक्ता के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर रणछोड मीणा, पंकज यादव, श्रम विभाग के पंकज पाटीदार, जयन्तिलाल मीणा व सृष्टि सेवा समिति से सुरेन्द्र ढोली व राजेन्द्र कटारा सहित अन्य मौजूद रहे।

# अशरफ हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

## कॉलोनीवासियों ने जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



गत 12 अप्रैल रात्रि को हुए अशरफ हत्याकांड में शामिल अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**चूरू,** (कासं.)। गत 12 अप्रैल रात्रि को हुए अशरफ हत्याकांड में शामिल अन्य दो आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर सोमवार को शेखावत कॉलोनी के निवासियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन के माध्यम से शरीफ शेख की पत्नी हसीना ने बताया कि 12 अप्रैल की रात करीब आठ बजे मेरा पुत्र अशरफ बाहर दुकान पर सामान लाने गया हुआ था, तभी पीछे से एक राय होकर आये वार्ड 20 निवासी असलम पुत्र कासम, अरशद पुत्र असलम व फरजाना पत्नी असलम इलाही ने लोहे के पाइप से पीट-पीट कर मेरे पुत्र की हत्या कर दी। घटना के बाद से हम सभी परिवार के सदस्य भयभीत होकर जीवन यापन कर रहे हैं। ज्ञापन में बताया कि हत्या में शामिल अन्य दो आरोपी अरशद व फरजाना को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और इन दोनों के खिलाफ निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन के माध्यम से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्याय की अपिल की। ज्ञापन देने वालों में खैरूद्दीन झाबर, मुस्लिम, अनवर, जाफर, महबूब, केफ शेख सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# बहरूपिया कला में प्रसिद्ध जानकीलाल भांड का भीलवाड़ा में स्वागत

## जानकीलाल भांड ''पद्मश्री पुरस्कार'' मिलने के बाद पहली बार भीलवाड़ा पहुंचे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। बहरूपिया कला के लिए देश-विदेश में प्रसिद्ध जानकीलाल भांड का सोमवार को पद्मश्री पुरस्कार मिलने के बाद पहली बार भीलवाड़ा पहुंचने पर शहरवासियों ने पलक पावड़े बिछाकर स्वागत किया। पद्मश्री जानकीलाल के भीलवाड़ा पहुंचने पर उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया और रेलवे स्टेशन चौराहे से बड़े मंदिर तक भव्य जुलूस का आयोजन किया गया।

पद्मश्री जानकीलाल भांड ने कहा कि इस कला को जीवित रखने के लिए यदि सरकार मेरी सहायता करे, कोई प्लॉट या लोन उपलब्ध कराये तो हमारे समाज में ऐसे कई कलाकार हैं जो इस कला को सीखना चाहते हैं। हम लोग उनके लिए एक इंस्टिट्यूट खोल सकते हैं, जिसके माध्यम से इस कला को हमेशा जीवित रखा जा सकता है। पद्मश्री जानकीलाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति और देश के संविधान के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए कहा है कि मुझ जैसे सामान्य व्यक्ति को कला के लिए पद्मश्री अवार्ड मिलना



बहरूपिया कला के लिए प्रसिद्ध जानकीलाल भांड का भीलवाड़ा पहुंचने पर जुलूस निकाला।

बेहद खुशी का पल है। मुझे मेरी मेहनत का पुरस्कार मिला है। जानकीलाल भांड के बेटे लादू लाल भांड का कहना है कि पिताजी ने इतने समय तक अपनी कला को का प्रदर्शन किया और आज मैं काफी खुश हूं कि उन्हें उनकी कला का सम्मान मिला है। उन्हें पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है यह मेरे लिए काफी गौरव का पल है।

प्रसिद्ध जानकीलाल भांड को पिछले सोमवार 22 अप्रैल को नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पद्मश्री सम्मान से अलंकृत किया था। भीलवाड़ा के जानकीलाल पिछले 6 दशक से बहरूपिया कला को

- **भीलवाड़ा के जानकीलाल पिछले छह दशक से बहरूपिया कला को जीवित रखे हुये हैं**

जीवित रखे हैं। 26 जनवरी की पूर्व संध्या पर बहरूपिया कला के लिए जानकी लाल भांड को पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित किया गया था। बहरूपिया बाबा के नाम से मशहूर जानकी लाल एक बहरूपिया कलाकार है, जो समाप्त होती बहुरूपिया कला को आज भी जिंदा रखे हुए हैं। इन्होंने भीलवाड़ा सहित देश-विदेश में अपनी बहरूपिया कला को प्रदर्शित किया है। 83 साल के जानकी लाल को यह कला विरासत में मिली है और इससे पहले उनकी तीन पीढ़ियां बहरूपिया कला के प्रति समर्पित रही है। जानकी लाल को पद्मश्री मिलने के बाद भीलवाड़ा वासियों में हर्ष है। पद्मश्री जानकीलाल को चाहने वाले बड़ी संख्या में उनका स्वागत अभिनंदन करने पहुंचे।

## संक्षिप्त

### मंदिर परिसर में 11 परिंडे लगाये

**कोटपूतली,** (निसं)। समाजिक कार्यकर्ता रतनलाल शर्मा द्वारा पक्षियों के लिये चलाये जा रहे परिन्डा अभियान के तहत रविवार को तुलसीदास आश्रम खेडक्री वीरभान में महंत श्री श्री 1008 मानदास जी महाराज के सानिध्य में मंदिर परिसर में 11 परिंडे लगाये गये। इस मौके पर मानदास जी महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान की पूजा करने के समान ही हर जीव की रक्षा के लिए मनुष्य को कार्य करना चाहिये। क्योंकि हर जीव में प्रभु का वास होता है। प्रभु हर जीव में होता है। इस दौरान कृष्ण दास महाराज, संदीप चतुर्वेदी, रामसिंह, महेश, शिवकुमार पुजारी, तुलसीराम, राजकुमार सैन, मोहित सैन, टीपू शर्मा, अंजली समेत अन्य मौजूद रहे।

### दैनिक रेलयात्री महासंघ की बैठक

**फुलेरा,** (निसं)। फुलेरा के गणगौरी बाजार स्थित स्थानीय रामद्वारा भवन परिसर में दैनिक रेल यात्री महासंघ की एक बैठक का आयोजन महासंघ के संयोजक श्रवण लाल वर्मा की अध्यक्षता में किया गया है। इस दौरान उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही सभी सदस्यों ने आगे की कार्य योजना पर अपने-अपने सुझाव दिये। इसी क्रम में महासंघ के अध्यक्ष विष्णु कयाल ने सभी सदस्यों के विचार-विमर्श से सहमत होकर फुलेरा जंक्शन के सर्वांगीण विकास के लिए पुलिया पर यात्रीयों की सुविधा हेतु एस्केलेटर व लिफ्ट की मांग पर जोर देते हुए संघठन की आगे की कार्ययोजना तैयार की है तथा इसके लिए रेलवे के सम्बन्धित अधिकारियों से मिलने की भी योजना तैयार की गई। इस अवसर पर चिरंजी लाल मेहरा, केशर लाल वर्मा, राहुल शर्मा, राजेश बंजारा, अरविन्द शर्मा, अनिल कुमावत, रेवती मौर्य, मुकेश शर्मा, सुरज वर्मा, कमल जाजोरिया सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### जांच एवं परामर्श शिविर आज

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। लायंस क्लब श्रीमाधोपुर के सौजन्य से प्रत्येक माह के अंतिम दिवस पर आयोजित किया जाने वाला निः शुल्क जांच एवं परामर्श शिविर इस माह भी 30 अप्रैल मंगलवार को सुबह 10 से 12 बजे तक डा.महेंद्र प्रताप तिवाडी हॉस्पिटल स्टेशन रोड श्रीमाधोपुर के बरामदे में आयोजित किया जाएगा। लायंस क्लब के अध्यक्ष सीताराम सैनी सेवानिवृत वैज्ञानिक ने बताया कि शिविर में शुगर, ब्लड प्रेसर की जांच निःशुल्क की जाएगी साथ ही वजन निःशुल्क तौलने की सुविधा भी शिविर में उपलब्ध रहेगी । शिविर में डा. महेंद्र प्रताप तिवारी द्वारा मरीजों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श सुविधा भी देंगे। क्लब अध्यक्ष सैनी ने श्रीमाधोपुर और आसपास के निवासियों से शिविर का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

### बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**निवाई,** (निसं)। सदर थाना पुलिस ने सोमवार को गांव लुहारा से अवैध बजरी से भरा एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। सदर थानाधिकारी जयमल सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान गांव लुहारा से अवैध बजरी भरकर आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। चालक मौके फरार हो गया। उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवाओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया

**कोटपूतली,** (निसं)। स्थानीय राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में जारी रक्तमणि अभियान में रविवार को नागेंद्र सिंह पुत्र मालसिंह तंवर निवासी ग्राम ढाढा सुदरपुरा, सुमित पुत्र सिकंदर कुमार सोनी निवासी कोटपूतली व पवन पुत्र पीताम्बर सिंघल निवासी सुन्दरपुरा ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस मौके पर अभियान संयोजक मुकेश गोयल, दयाराम कुमावत व विक्रम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ग्रीष्मकालीन शिविर कल से

**राजगढ,** (निसं)। महिला समिति की ओर से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर एक मई से आर्य समाज मंदिर में आयोजित होगा। शिविर सायं 4 से 5 बजे तक संचालित होगा। समिति के अध्यक्ष मीतू सिंह आर्य व सचिव रमा आर्य ने बताया कि मेहंदी ढोलक एवं डांस शाहिद अन्य कल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# कोटपूतली के अमाई में नलों में नहीं पहुंच रहा पानी, लोग त्रस्त

**कोटपूतली,** (निसं)। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में जहां एक और पानी के लिए त्राही-त्राही मची हुई है। वहीं अधिकारी है कि सीट छोडकर फिल्ड में निकलने तक को तैयार नहीं है। ऐसे में देश के प्रधानमंत्री मोदी की हर घर नल हर घर जल योजना महज कल्पना मात्र साबित हो रही है। लोग सुबह से लेकर शाम तक भीषण गर्मी के मौसम में अपने रोज मर्रा के काम छोड कर पानी की जुगत बिठाते नजर आते है। ऐसे हालातों को देख कर जलदाय विभाग का सिस्टम फेल माना जा रहा है।



अमाई के ग्रामीणों ने सरपंच लीलाराम गुर्जर के नेतृत्व में पेयजल समस्या को लेकर कलेक्टर व पीएचईडी एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा।

लम्बे समय से पेयजल की समस्या से जूझ रहे निकटवर्ती ग्राम पंचायत अमाई के ग्रामीणों ने सरपंच लीलाराम गुर्जर के नेतृत्व में पेयजल समस्या को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर व पीएचईडी एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि गांव अमाई व आसपास की कॉलोनियों में पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है। यहाँ जल जीवन मिशन के तहत बनी 5 बोरिंगों की मोटरें जली हुई है जिससे पेयजल सप्लाई बाधित हो रही है।

ग्रामीणों ने पेयजल टंकी के पास प्रत्येक लाईन के लिये अलग-अलग

- ग्रामीणों ने पेयजल समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन

वॉल लगवाने, लीक पाईप लाईन को सही करवाने, अधुरी पेयजल सप्लाई लाईन को पूरी करवाकर उक्त समस्या से निजात दिलवाने की मांग की है।

इसके अलावा कस्बे के बडाबास मौहल्ले, बुचाहेडा मौहल्ले सहित अन्य ईलाकों में भी पेयजल की भारी समस्या बनी हुई है। जिसको लेकर अधिकारी लम्बे समय से नजर अंदाज कर रहे है जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड रहा है। इस दौरान सरपंच लीलाराम गुर्जर, कैलाश चन्द समेत अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## लैंस प्रत्यारोपण शिविर कल


**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। जिला अंधता निवारण समिति जयपुर के आर्थिक सहयोग व रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज तथा श्री मेहंदीपुर बालाजी की देखरेख में शंकरा आई हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा बुधवार 1 मई को श्रीमाधोपुर के स्व. चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में " 56 वां निशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर " का आयोजन किया जाएगा।

क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में मरीजों की आंखों की जांच की जाकर तथा इनमें से चयनित मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन और लैंस प्रत्यारोपण के लिए शंकरा आई हॉस्पिटल जयपुर बस से रेफर किया जाएगा जहां चयनित मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बताया गया है की चयनित मरीजों के आने-जाने कि व्यवस्था से लेकर मरीजों के खानपान व रहने की संपूर्ण व्यवस्था निःशुल्क की जाएगी।

# बाबा श्री जाटड़े वाले का वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कल्याणपुरा खुर्द-राहेडा स्थित बाबा श्री जाटडे वाले मंदिर का वार्षिकोत्सव समारोह बडे ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस मौके पर आयोजित मेले में श्रद्धालूओं की भीड उमडी। ग्रामीणों ने बाबा के दर्शन कर आर्शीवाद ग्रहण किया।

सोमवार को मेले की शुरूआत ग्राम कल्याणपुरा खुर्द व राहेडा से बाबा की शोभा यात्रा निकाल कर हुई। इस मौके पर बच्चों ने मेले में झूलों का आनन्द लिया एवं महिलाओं ने अपनी खरीददारी की। मेले में प्रतिवर्ष की भांति विभिन्न वर्ग की विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। कामडे की कुश्ती पहलवान विकास टोडिया का बास व चिराग लाडपुर के मध्य हुई। जिसमें 31 हजार रूपयों की राशि दोनों पहलवानों में बराबर बांट दी गई। इस



विभिन्न वर्ग की विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ।

मौके पर रैफरी की भूमिका बनवारी यादव, रामरतन पहलवान व महेश पीटीआई द्वारा निभाई गई। इस दौरान पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, पूर्व विधायक रामचन्द्र रावत, पूर्व जिला पार्षद रामकुंवार गुर्जर, मालीराम कम्पाउन्डर, सेडूराम कसाना, सरपंच रामस्वरूप कसाना, रामसिंह सिनेटर, लालचन्द डेलीगेट, सांवत सरपंच, डॉ. अशोक भ्रमर, डॉ. राजेन्द्र कसाना, राजपाल कसाना, सरपंच बादामी देवी, उप सरपंच योगेश

- कुश्ती दंगल प्रतियोगिता में बराबरी पर छुटी कामड़े की कुश्ती

बावता, पूर्व सरपंच सांवत रावत, रामावतार कसाना, ओमप्रकाश हवलदार, सुरेश गुर्जर, दाताराम बावता, कैलाश कम्पाउन्डर, प्रो. हुकुम चंद, भोलाराम उप सरपंच, राजीव कसाना, पन्नाराम कसाना, भैरूराम, महिपाल, सत्यपाल, सुरेश एसीबी ओ, किसान नेता रोहिताश कसाना, हवासिंह मास्टर, फौजीराम आर्य, देवेन्द्र आर्य, रामजीलाल गिरदावर, सूरजाराम, जेईएन दिनेश मीणा, निहाल सिंह मीणा, रामचन्द्र मीणा, बजरंग मीणा व एक्सईएन दीपक मीणा सहित बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पेंडिग प्रकरणों का निस्तारण कर वांछित अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करें : एसपी



एसपी वंदिता राणा ने अधिनस्थ अधिकारियों की बैठक ली।

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली-बहरोड जिला एसपी वन्दिता राणा द्वारा सोमवार को जिले के एएसपी, डीएसपी व थानाधिकारियों की अपराध गोष्ठी ली गई। जिसमें अपराध नियंत्रण एवं पेंडिग प्रकरणों के त्वरित निस्तारण, वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी, जिले में कानून-व्यवस्था, यातायात व्यवस्था बनाये रखने एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्य योजना अन्तर्गत प्रभावी कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान एएसपी कोटपूतली नेमसिंह,

- पुलिस अधिकारियों की अपराध गोष्ठी का आयोजन

एएसपी नीमराणा शालिनी राज, डीएसपी कोटपूतली राजेन्द्र बुरडक, डीएसपी नीमराणा सचिन शर्मा, डीएसपी बानसूर सत्य प्रकाश, कोटपूतली थानाधिकारी राजेश शर्मा, महिला थानाधिकारी मोहन लाल, पनियाला थानाधिकारी मोहर सिंह, सरूण्ड थानाधिकारी मो. इमरान रंगरेज, प्रागपुरा थानाधिकारी राजेश मीणा, भाबरू थानाधिकारी रविन्द्र कुमार, विराटनगर थानाधिकारी मनोहर लाल, बानसूर थानाधिकारी अरूण सिंह, हरसौरा थानाधिकारी प्रदीप कुमार, बासदयाल थानाधिकारी किशन लाल, नारायणपुर थानाधिकारी शिम्भुदयाल, सदर बहरोड थानाधिकारी राजेश यादव, बहरोड थानाधिकारी महेश तिवाडी, माण्ढण थानाधिकारी बाबूलाल, नीमराणा थानाधिकारी महेन्द्र सिंह, शाहजहांपुर थानाधिकारी पुखराज, अपराध सहायक राजकुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# बीसीएमओ ने स्वास्थ्य केन्द्रों का किया निरीक्षण

**कोटपूतली,** (निसं)। पावटा एसडीएम की अध्यक्षता में विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक का सोमवार को आयोजन किया गया। जिसमें सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। एसडीएम द्वारा बीसीएमओ कोटपूतली डॉ. पूरणचन्द गुर्जर से स्वास्थ्य केन्द्रों में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जांच योजना की प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली गई साथ ही सीएचसी, पीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्र वाईज संस्थागत प्रसव की रिपोर्ट एवं मौसमी बीमारियों की समीक्षा भी की गई। एसडीएम ने बीसीएमओ को स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिये।

जिस पर बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर-आरोग्य परम धनम् प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बुचारा व उप स्वास्थ्य केन्द्र टसकोला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र टसकोला बंद पाया गया। जिस पर बीसीएमओ द्वारा वहां कार्यरत स्टॉफ को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। बीसीएमओ ने पीएचसी बुचारा में साफ-सफाई, ओपीडी, दवा वितरण, वार्ड समेत अनेक व्यवस्थाओं की जांच की। साथ ही मौसमी बीमारियों को देखते हुये एएनएम व आशा सहयोगिनी को नियमित रूप से एन्टीलार्वा सर्वे करने के निर्देश दिये। बीसीएमओ ने कहा कि आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रति जागरूक किया जायें। वहीं आगामी दिनों में स्वास्थ्य केन्द्रों का एसडीएम व बीसीएमओ द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जायेगा। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा सोमवार को राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविधालय में विधार्थियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें स्वच्छता के बारें में बताया गया। साथ ही इंसीनरेटर मशीन के उपयोग की विधि बताई गई। बीसीएमओ ने विधार्थियों से स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिये जाने की बात कही। इस मौके पर एएनएम निर्मला गुर्जर व फार्मासिस्ट राजेन्द्र प्रसाद स्वामी भी मौजूद रहे।

# करंट से झुलसे कर्मचारी को मुआवजा व एक को सरकारी नौकरी देने की मांग

**निवाई,** (निसं)। राजस्थान विद्युत तकनीकी एफआरटी कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में सोमवार को एसडीएम सुरेशकुमार हरसोलियां को डीपी ठीक करने के दौरान करंट से झुलसे कर्मचारी मांगीलाल जैन को 25 लाख रूपए का मुआवजा दिलवाने, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने एवं सरकारी लाइनमैन को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में बताया कि रविवार की सुबह वनस्थली मोड पर स्थित चौहान एनक्लेव सर्वोदय कांटा के पास लगी हुई डीपी को ठीक करने के लिए कर्मचारियों की टीम पहुंची। साथ में सरकारी लाइनमैन सुरेश वर्मा थे। डीपी पर चढने से पूर्व कर्मचारियों ने लाइनमैन वर्मा से शटडाउन लेने के लिए कहा। लेकिन उन्होंने धमकाते हुए कर्मचारियों को डीपी चेक करने के लिए कहा। इस पर कर्मचारी मांगीलाल जैन डीपी पर चढ गए और डीपी को चेक करने लगे तभी उसमें करंट आ गया और वह




अहिंसा सर्किल पर एफआरटी कर्मचारी व कार्यकर्ताओं ने अनिश्चितकालीन धरना दिया।

झुलस गया। जिसे साथियों ने राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे जयपुर रेफर कर दिया। राजस्थान विद्युत तकनिकी एफआरटी कर्मचारी एसोसिएशन ने विद्युत विभाग के लाइनमैन सुरेश वर्मा के खिलाफ बिना शटडाउन लिए हेल्पर से काम करवाने के मामले में पुलिस थाने में मामला दर्ज

- लाइनमैन को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

करवाया था। कर्मचारी के परिवार में उसके अलावा और कोई कमाने वाला नहीं है। करंट से झुलसने से वह अब वह काम नहीं कर सकता है। ऐसे में कर्मचारी के परिवार को 25 लाख का मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। ज्ञापन देने के साथ ही सभी कर्मचारियों ने मांगों को लेकर अनिश्चितकाल के लिए हडताल की घोषणा कर दी और कनिष्ठ अभियंता कार्यालय के बाहर धरना शुरू कर दिया। धरने में भाजपा नेता रतनदीप गुर्जर, पार्षद नितिन छाबडा, मनोज पाटनी, एफआरटी राजूलाल गुर्जर, जितेन्द्र स्वामी, हेल्पर सतीश स्वामी, सोनू सैनी, कर्मचारी सतीश स्वामी व शंकरलाल मीणा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

## 11 केवी लाइन टूटी, पेड़ पौधे जले

**टोंक,** (निसं)। उनियारा उपखंड के सुंथडा कस्बें में स्थित जैन धर्म के श्री मुनिसुव्रतनाथ सुखोदय अतिशय तीर्थक्षेत्र मंदिर परिसर में होकर गुजर रही 11 केवी की लाइन एक बार फिर अचानक टूटकर गिर गई। जिससे वहां बगीचे में लगे पेड पौधे जलकर नष्ट हो गए। इसके पूर्व में करीब 4 माह पहले भी इस क्षेत्र में ऐसी घटना हो चुकी है जिससे मंदिर में लगे लाखों रुपए के उपकरण जलकर नष्ट हो गए थे।

जानकारी अनुसार चार माह पूर्व आये तूफान में मंदिर परिसर से होकर गुजर रही 11 केवी विधुत लाइन में फाल्ट आने के बाद टूट कर गिर गई थी। उस समय बिल्डिंग में दौडे करंट से लाखों रुपए कीमत के विधुत उपकरण, सीसी टीवी, फ्रिज, इन्वेंटर सहित अन्य उपकरण जल कर राख हो गए थे। उस समय जब घटना घटित हुई तब मंदिर परिसर में दर्जनों भक्त भगवान का अभिषेक पूजन कार्य में व्यस्त थे। अचानक हुई बिजली के विस्फोट से सारे भक्तों ने मंदिर परिसर से भाग कर अपनी जान बचाई थी। गनीमत रही कि घटना के समय कोई श्रावक भक्त घटना स्थल पर मौजूद नही था।

## सार-समाचार

### लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर दिये निर्देश

**दूदू,** (निसं)। अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने सोमवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग व समाज कल्याण विभाग के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के चालू कार्य, नवीन कार्य प्रस्ताव, संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों का निस्तारण करने तथा निस्तारित प्रकरणों के जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए साथ ही अतिरिक्त जिला कलेक्टर गोपाल परिहार ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पेंशन व पालनहार योजना के लंबित प्रकरणों की स्थिति, विभागीय कार्य योजनाओं की स्थिति की तथा संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को लंबित परिवादों पर शीघ्र कार्यवाही कर निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता गुरुशरण वर्मा, अधिशाषी अभियंता अमित शर्मा तथा समाज कल्याण विभाग की उप निदेशक हेमलता सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### दो दिन से लापता महिला का शव मिला

**दौसा,** (निसं)। जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र के नादरी गांव में सोमवार दोपहर एक महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक महिला दो दिन से लापता थी। इस सम्बन्ध में उसके पति ने पुलिस थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। घटनाक्रम का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो वहीं बड़ी तादात में लोगों की भीड जुट गई। पुलिस ने प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानते हुए मौके पर एफएसएल, साइबर सेल और डीएसटी टीम को बुलाया है। महिला के शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है।पुलिस थाने में नादरी निवासी राकेश मीणा ने गुमशुदगी की दर्ज करवाई थी कि उसकी पत्नी अनीता (26), जिसके हाथ में अनीता नाम गुदा हुआ है। 27 अप्रैल को करीब 10 बजे गांव का ही युवक जगराम मीणा तुडा भरवाने की बात कहकर ले गया था लेकिन खेत में नहीं पहुंचे। वापस नहीं लौटने पर उसे इधर-उधर और रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन पता नहीं चला। युवक का भी फोन बंद आया और वह घर पर नहीं मिला। महिला के पति ने गांव के युवक जगराम पर संदेह जताते हुए प्रकरण दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू की। पुलिस को लापता 26 वर्षीय महिला का शव नांदरी गांव के ही जंगल में पहाड़ के समीप क्षत-विक्षत हालत में पड़ा मिला। इसकी सूचना पर मानपुर डिप्टी एसपी दीपक मीणा समेत पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंची। पुलिस टीम में मौके से साक्ष्य जुटाए व आसपास के इलाके सर्च अभियान चलाया। पुलिस महिला की मौत के कारणों की पडताल में जुट गई है।

### होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

**फुलेरा,**(निसं)। कस्बे में बलाई समाज सेवा समिति के तत्वाधान में सिंघानिया धर्मशाला में समिति की बैठक एवं होली स्नेह मिलन समारोह अध्यक्ष भंवर लाल नरानिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान समिति के महासचिव हनुमान कटारिया ने पिछले पांच वर्षों में समिति द्वारा किये गये कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। वहीं समिति के कोषाध्यक्ष गुमान लाल रोडीवाल ने आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसी क्रम में बैठक के दौरान समिति के पंचवर्षीय चुनाव भी कराये गये। इसके चलते अध्यक्ष भंवर लाल नरानियां ने जगदीश डेनवाल को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया। उन्ही की देखरेख में समिति के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न कराये गये। जिसमें हनुमान कटारिया को अध्यक्ष पद पर चुना गया। इसके साथ ही लक्ष्मी नारायण को महासचिव तथा श्याम सुन्दर को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। चुनाव अधिकारी ने तीनों पदाधिकारीयों को पद की शपथ दिलवाई। बैठक में होली मिलन समारोह भी मनाया गया। समिति के सभी सदस्यों ने एक दूसरे पर पुष्प वर्षा कर होली मिलन समारोह मनाया। बैठक में समिति के चार नये सदस्य पूरण दास बलाई, शंकर लाल काल्या, ओंकार रोडीवाल, योगेश तालापा बनें। जिनका समिति ने माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर पन्ना लाल खारडिया, मोहन डेनवाल, मोहन कटारिया, लक्ष्मीनारायण, लाल चन्द पंवार, गंगाराम, कानाराम, शेखर डेनवाल, विष्णु रोडीवाल, अशोक कटारिया, मदन लाल देवन्दा, ओमप्रकाश खारडिया, टीकमचन्द पंवार, ओंकारमल पवार, रतन देवन्दा, ज्ञानचन्द एरोदिया, बिरदीचन्द सांचोरिया, जगदीश, जितेन्द्र वर्मा, राजेश वर्मा, श्यामसुन्दर, रमेश, हनुमान लाल, श्रवण वर्मा सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### माली समाज की आमसभा आयोजित

**फुलेरा,** (निसं)। श्रीरामनगर स्थित माली सैनी समाज संस्थान भवन में माली सैनी समाज संस्था की आमसभा नगर पालिका उपाध्यक्ष योगेश सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान सर्वप्रथम समाज बन्धुओ ने फुले दम्पती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण किया। तत्पश्चात संस्था महामंत्री महेन्द्र कुमार सैनी ने आम सभा में ऐजेण्डा रखा। जिसमें संस्था के अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सैनी ने वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर अपने कार्यकाल में सभी समाजिक बन्धुओ के सहयोग का आभार व्यक्त किया तथा कार्यकाल समाप्त होने पर चुनाव को लेकर चर्चा की गई। इस पर उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से 19 मई को माली समाज के अध्यक्ष पद हेतु चुनाव करवाने पर सहमति बनी। इसके चलते सभी सदस्यों की सहमति से एडवोकेट राहुल सैनी को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राहुल सैनी ने बताया कि 10 मई तक सदयस्ता अभियान एवं 13 मई तक अध्यक्ष पद हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि है।

### कलश यात्रा का आयोजन

**पावटा,** (निसं)। ग्राम कूनेड स्थित ढाणी पुराना मे हीरामल बाबा मंदिर में 18वां विशाल महोत्सव व कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहाँ कलश यात्रा के दौरान 251 महिलाओं ने कुंडा धाम फतेहपुरा से भजनों की धुन पर नाचते गाते करीब 8 किलोमीटर पैदल यात्रा करते हुए कलश उठाए। वही कलश यात्रा का ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। पुराना हीरामल धाम पर आज विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान छगाराम, गिरधारी लाल, मालाराम, मानसिंह बोहरा, मंगाराम, सुवालाल, गिरधारी, बग्गाराम, रामकुमार, रामअवता,र सुगराम फूलचंद , पुरण ,मालाराम, ओमप्रकाश ,कैलाश मान्यवाली सुंदरम घोघड, लीलाराम मान्यवली, राजू, रामजीलाल, प्रहलाद बोहरा आदि उपस्थित रहे।

# व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**कोटपूतली,** (निसं)। नगर व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष मैथली शरण बंसल के नेतृत्व में सोमवार को एसपी वंदिता राणा से भेंटकर विगत 25 अप्रैल की शाम को कस्बे के लम्बा बाजार में एम.यु. कलैक्शन पर हुई व्यापारी अशोक शर्मा व जितेन्द्र शर्मा से मारपीट के मामले में ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की।

ज्ञापन में बताया कि दोनों व्यापारियों से की गई मारपीट में गंभीर चोटें आई है तथा व्यापारियों में दहशत का माहौल है। इस सम्बंध में 26 अप्रैल को बाजार भी बंद किया गया था। साथ ही पुलिस ने धरना स्थल पर आकर जल्द से जल्द कार्यवाही का आश्वासन दिया था लेकिन इसके बावजूद व्यापारियों को व्हॉट्सअप पर धमकाया जा रहा है। जिससे कस्बे में दहशत का माहौल है। साथ ही व्यापारियों के साथ बाजार में मारपीट, सामान के पैसे नहीं देना व लूटपाट जैसी घटनायें हो रही है। अनैतिक कार्यो के लिये कई गैंग बन गई है। ज्ञापन में दोषियों के विरूद्ध जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुये सोशियल मीडिया पर व्यापारियों को मिल रही

- अपराधियों द्वारा व्यापारियों को व्हॉट्सअप पर धमकाये जाने के आरोप
- व्यापारी से मारपीट के मामले में कार्यवाही की मांग

धमकियों को देखते हुये सुरक्षा उपलब्ध करवाये जाने की मांग की गई है। ताकि कस्बे में दहशत समाप्त होकर पुलिस व प्रशासन के प्रति विश्वास बन सकें।

ज्ञापन सौंपने वालों में नगर महासंघ के महामंत्री जितेन्द्र चौधरी, वस्त्र व्यापार संघ के अध्यक्ष होशियार कसाना, स्वर्णकार यूनियन के अध्यक्ष धर्मपाल सोनी, किराणा व्यापार समिति के हरिराम सैनी, हार्डवेयर यूनियन के नवल खण्डेलवाल, फूट वियर यूनियन के अध्यक्ष किशन लाल, नृसिंहदास अग्रवाल, घनश्याम शर्मा, सूर्यकांत मणि बिदाणी, उमेश गुप्ता व राजेश सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### रितु बाला को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**किशनगढबास**, (निसं)। भारतीय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज किशनगढबास में सेवाएं दे रही अलवर निवासी रितु बाला को उत्तर प्रदेश की ग्लोकल यूनिवर्सिटी ने डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है। अलवर निवासी रितु बाला ने बताया कि ग्लोकल यूनिवर्सिटी सहारनपुर उत्तर प्रदेश की ओर से उन्हें शिक्षक शिक्षा में स्थानबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रति सेवारत शिक्षकों एवं बीएड प्रशिक्षणार्थियों के अभिमतों एवं जागरूकता स्तर का अध्ययन विषय पर पूर्ण किए जाने पर उन्हें डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षक शिक्षा में शोध शिक्षा संकाय में डॉक्टर भरत रंजन के निर्देशन में पूरा किया है। रितु बाला को डॉक्टरेट की उपाधि मिलने पर भारतीय टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रबंधन समिति एवं प्रशिक्षणार्थियों व कॉलेज स्टाफ ने बधाई दी।


रितु बाला

### अनूपा दाधीच को मिली पी.एच.डी.

**फुलेरा**, (निसं)। कस्बे के श्रीराम नगर के निवासी वैद्य गणेश चन्द्र दाधीच की सुपत्री एवं एडवोकेट राम अमित दाधीच की धर्मपत्नी को ज्योति विद्यापीठ द्वारा पीएचडी की उपाधि से नवाजा गया। डॉ. अनुपा दाधीच को यह उपाधि मिलने पर दाधीच समाज के अध्यक्ष बेनिगोपाल दाधीच, पूर्व अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, राजू दाधीच, रवि दाधीच, पूर्व बरकतुल्ला स्टेडियम कोच उमा दाधीच, प्रभु दयाल दाधीच, किशन दाधीच, महेश दाधीच, विजयगोल दाधीच सहित समाज के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बधाईयां प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।


अनूपा दाधीच

### धर्मेन्द्र कुमार सैनी बने अध्यक्ष

**जयपुर**, (निसं)। सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था राजस्थान रेलवे शाखा कोरकमेटी की मीटिंग श्री के.एल.भाटी की अध्यक्षता में हुई। इसमें रेलवे शाखा के अध्यक्ष का चुनाव आगामी कार्यकाल के लिए हुआ जिसमे बृजेश सैनी ने धर्मेन्द्र कुमार सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका उपस्थित सभी सदस्यों ने एकसाथ ध्वनिमत से समर्थन किया तथा नई कार्यकारिणी बनाने के लिए धर्मेन्द्र कुमार सैनी को अधीकृत किया। उप स्टेशन अधीक्षक(वाणिज्य) हुक्म चन्द सैनी व सभी कोर कमेटी के सदस्यों ने धर्मेन्द्र सैनी को बधाई दी।


धर्मेन्द्र सैनी

### नरोत्तम लाल शर्मा बने अध्यक्ष

**चौरु/उनियारा**, (निसं)। श्री परशुराम भगवान के जन्मोत्सव पर आगामी 10 मई को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसको लेकर विश्वकर्मा मंदिर में ब्राह्मण समाज की एक मीटिंग आयोजित की गई। मीटिंग में सर्वप्रथम सर्वसहमति से परशुराम सेवा समिति उनियारा का अध्यक्ष नरोत्तम लाल शर्मा को बनाया गया। उपस्थित सभी लोगों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। मीटिंग में मनोज चतुर्वेदी लोकेश जोशी महेश त्रिपाठी गणेश जोशी गोपाल पारीक दिनेश पारीक एडवोकेट भैरूलाल भगवान सहाय गौतम सुरेंद्र पारीक रवि दत्त शर्मा अभिषेक शर्मा राहुल पंडित पार्षद धर्म प्रकाश शर्मा आदि मौजूद थे।

### ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**देवली**, (निसं)। गैस एजेंसी संचालक पंकज शर्मा ने उपभोक्ताओं को अवगत कराया कि ई केवाईसी नहीं करवाने पर गैस सिलेण्डर की रीफिलिंग रोक दी जाएगी। मोहन गैस एजेंसी के प्रबंधक पंकज शर्मा ने बताया कि सभी गैस उपभोक्ताओं को ई केवाईसी कराना होगा। जिन्होने अब तक ई केवाईसी नहीं करवाई है, उन्हें यह अनिवार्य रूप से करानी होगी।

# पावटा में ट्रांसफार्मर से टकराई स्कूल बस, हादसा टला

**पावटा**, (निसं)। क्षेत्र में सोमवार को पावटा कस्बा स्थित नवोदय विद्यालय के पास ढाणी माछ्या वाली के बीच उस समय बडा हादसा होने से बच गया जब एक स्कूल बस अनियंत्रित होकर सडक के किनारे लगे पोलो व ट्रांसफार्मर से टकरा गई। बस सुबह के समय बच्चों को स्कूल लाने के लिए निकली हुई थी। चर्चा है कि इस दौरान बस में 15-20 बच्चे सवार थे।

जानकारी के मुताबिक गुलमोहर पब्लिक स्कूल की बस गांव बडनगर व आसपास के बच्चों को सुबह स्कूल लाने के लिए निकली थी। बस को खुद स्कूल संचालक विजय चौधरी चला रहा था। इसी दौरान पावटा कस्बा स्थित नवोदय विद्यालय के पास ढाणी माछ्या वाली के बीच बस अचानक अनियंत्रित होकर सडक किनारे लगे बिजली के पोलो व ट्रांसफार्मर से जा टकराई। इससे पोल और ट्रांसफार्मर नीचे गिर गये। गनीमत रही कि हाईटेंशन तार बस पर नहीं गिरे अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। घटना के बाद बस में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। चालक बस छोडकर भाग निकला।


पुलिस कर्मियों ने क्रेन की मदद से पोल और ट्रांसफार्मर को हटवाया। वही बस चालक को थाने ले गए व क्षतिग्रस्त बस को पावटा चौकी में खड़ा किया।

हादसे के बाद ग्रामीण पहुंच गए। किसी तरह बच्चों को बस से बाहर निकाल पुलिस को जानकारी दी। ग्रामीणों ने लिखित शिकायत देकर बस चालक के विरुद्ध कार्रवाई व विद्युत खंभे लगवाने को लेकर हंगामा किया। प्रागपुरा थाना पुलिस से एएसआई रामशरण, कांस्टेबल मनोज, धर्मेंद्र सहित पुलिस कर्मियों ने क्रेन की मदद से पोल और ट्रांसफार्मर को हटवाया। वही बस चालक विजय चौधरी को थाने ले गए व क्षतिग्रस्त बस को पावटा चौकी में खडा किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाईटेंशन के पोल सहित तार अगर बस पर गिरे होते या ट्रांसफार्मर के गिरने के दौरान विद्युत ट्रिप नहीं करती तो निश्चित ही बडा हादसा होता। विद्युत अधिकारियों की माने तो अगर बिजली के तार बस पर गिरते तो पलक झपकते ही गंभीर हादसा होता।

- बस में 15-20 बच्चे सवार थे, बच्चों में मची चीख-पुकार

बस के विद्युत पोल से टकराने की जानकारी पर अभिभावकों के होश उड गए। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने घटना स्थल की दौड लगा दी। जब अभिभावकों ने बच्चों को सकुशल देखा तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू झलक पडे। घटना के दौरान बच्चे इतने भयभीत हो गये थे कि वह एक-दूसरे से चिपककर रोने लगे। बस से नीचे उतारने के बाद ग्रामीणों ने किसी तरह बच्चों को चुप कराया। अभिभावकों को देख उनकी जान में जान आई।

### भव्य निशान पदयात्रा निकाली

**खाटूश्यामजी**, (निसं)। लखदातारी श्याम सरकार के वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला सकुशल संपन्न होने पर खाटूश्यामजी की होटल सवामणी की ओर से रींगस से खाटूश्यामजी तक निशान भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा रींगस के श्याम बाबा के मंदिर से शुरू हुई। जहां सालासर धाम के पुजारी श्रीराम पुजारी व रींगस श्याम मंदिर के पुजारी कुशाल सिंह ने रथ में विराजित बाबा श्याम की पूजा अर्चना कर रथ यात्रा को रवाना किया। आयोजक अंकित अग्रवाल डब्बू खाटू ने बताया कि बाबा श्याम का मेला से कुशल संपन्न होने के उपलक्ष में होटल सवामणी परिवार की ओर से रींगस से खाटू धाम तक की पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में नवीन गोयनका, आयुष अग्रवाल, सुजल स्वामी, शुभम शर्मा, गोविंद शर्मा, अंकित बीदावत, सोनू अग्रवाल, बबलू खान, जीतू पूनियां, नाथू, आदि मौजूद रहे। यात्रा के खाटूनगरी पहुंचने पर जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। इसके पश्चात पदयात्रियों ने बाबा श्याम के दर्शन कर मानव कल्याण की कामना की।

# चिकित्साकर्मियों से अभद्र व्यवहार पर चार घंटे कार्य का बहिष्कार

**चाकसू**, (निसं)। रविवार रात्रि को कस्बे के उपजिला अस्पताल में चिकित्साकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच हुए विवाद हो गया।

सोमवार को अस्पताल के समस्त डॉक्टर और स्टाफ को मामले की जानकारी लगने के बाद मामला गर्मा गया। घटना से नाराज़ चिकित्साकर्मियों ने 4 घंटे कार्य का बहिष्कार किया और कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दी। पुलिस थाने में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा 24 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन एवं उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद चिकित्साकर्मी मरीज के हित में वापस अस्पताल लौटकर मरीजों को सेवाएं देने में जुटे। वही इससे पूर्व चिकित्साकर्मियों के कार्य बहिष्कार के चलते यहां चिकित्सीय व्यवस्था प्रभावित हुई हुई और 4 घंटे तक अस्पताल में मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पडा। कई मरीजों को निराश होकर वापस लौटना पडा। हालांकि कार्य बहिष्कार के दौरान एमरजेंसी में डॉक्टरों ने मरीजों की सेवाएं जारी रखी है। अस्पताल के प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीना सहित चिकित्साकर्मियों का आरोप है कि बीती रात कार्यरत डॉक्टर्स व नर्सिंग स्टाफ के साथ मरीज के परिजनों ने अभद्रता की और हाथापाई की। उन्होंने डॉक्टर्स पर जबरन उपचार करवाने का दबाव भी डाला। जब सोमवार को हाथापाई और अभद्रता की जानकारी लगने पर अस्पताल में कार्यरत चिकित्साकर्मियों में रोष व्याप्त हो गया। गुस्साए चिकित्साकर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। अस्पताल के प्रभारी डॉ. ऋतुराज मीना ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस को रिपोर्ट दी गई है। पुलिस ने 24 घंटे में आरोपियों को गिरफ्तार करने एवं उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। 24 घंटे में अगर पुलिस विभाग कार्रवाई नहीं करती है तो आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान पुलिस थाने में बीसीएमएचओ डॉ. सोम्य पंडित, डॉ. रविन्द्र नारोलिया, डॉ. विनोद शर्मा, डॉ. रेखा शर्मा समेत डाक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ समेत मेडिकल स्टाफ के कार्मिक मौजूद थे।


थाने में शिकायत के बाद पुलिस द्वारा 24 घंटे में आरोपी की गिरफ्तारी के आश्वासन एवं उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद चिकित्साकर्मी मरीज के हित में वापस अस्पताल लौटकर सेवाएं देने में जुटे।

- चिकित्सीय सेवा हुई प्रभावित, मामला पहुंचा पुलिस थाने

# विवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या की

**चाकसू**, (निसं)। कोटखावदा इलाके के विमलपुरा गांव में सोमवार को 21 वर्षीय विवाहिता ने पंखे से फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया।

सुसाइड करने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। मृतका की शादी को करीब साल भर हुआ हौ सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली और घटनास्थल का मौका मुआयना किया। मृतका के चाचा शंकरलाल मीणा ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताडना का आरोप लगाया है। कोटखावदा थाना प्रभारी अब्दुल वहीद के मुताबिक निवाई थाने के ढाणी जुगलपुरा की 21 वर्षीय विवाहिता की शादी मई 2023 में विमलपुरा गांव निवासी रामोतार के साथ हुई थी। सोमवार को पूजा ने अपने कमरे में पंखे से फांसी का फंदा गले में डालकर लटक गई पूजा को फंदे से लटका देख ससुराल पक्ष के लोगो ने उसे नीचे उतारकर अस्पताल लेकर गए जंहा अस्पताल में चिकित्सकों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस व मृतका के पीहर पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दी है। फिलहाल मामले की जांच चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह कर रहे है।

- मृतका की साल भर पहले हुई थी शादी
- मृतका के चाचा ने ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया


मामले की जांच चाकसू एसीपी सुरेंद्र सिंह कर रहे है।

## श्री कृष्ण गोशाला में सत्संग व गौ महिमा भजन सरिता का आयोजन

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ परिसर में ब्रह्मलीन संत शिरोमणी नारायणदास महाराज की सद्प्रेरणा से सत्संग व गौ महिमा भजन सरिता का आयोजन किया गया।

इसमें राम नाम सत्संग मंडल के गौरी शंकर हरितवाल, विष्णु सेठी, मोहन लाल पारीक, रामजीवन टेलर, गौरव शर्मा, विष्णु कुमार, कैलाश परवाल, ओमप्रकाश टेलर, सांवर मल टेलर, गणेश फलोड आदि ने सहयोग से सत्संग रखा गया तथा उसके बाद गौ महिमा भजन सरिता में विहिप अध्यक्ष विष्णु दत्त सेठी, वयोवृद्ध गौ सेवक जगदीश स्वामी, युवा गायक गौरव शर्मा ने भक्ति रस व चेतवानी भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि गाय में समस्त देवताओं का निवास रहता है, जिसकी महत्ता के बारे में कहा गया है कि वेद बिना मति नहीं, गाय बिना गति नहीं।

वक्ताओं ने गौ भक्तो से आव्हान भी किया कि प्रतिदिन, प्रतिमाह गोशालाओं में परिवार के साथ जरूर जाना चाहिए, जहां गौवंश की सेवा कार्य में योगदान जरूर दे।

- 'वेद बिना मति नहीं, गाय बिना गति नहीं'

इस मौके पर गोशाला प्रबंधन अध्यक्ष चैतन्य मीणा, उपाध्यक्ष महेंद्र जांगिड़, रामजीवन सैनी, कोषाध्यक्ष मोहन लाल, उप कोषाध्यक्ष गोपाल मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, सह सचिव हरि सिंह मंगावा, व्यवस्थापक महेश दीवान, सह व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद स्वामी, कार्यकारिणी सदस्य पवन कुमावत, जयराम बडसीवाल, महेश रामावत, गोपाल मीणा, प्रहलाद योगी, गोपाल लाल झाडलीवाले, मोतीलाल सोती, दुर्गा प्रसाद सोनी, जेपी जाट, गोविंद नारायण शर्मा, दशरथ सिंह, करण सिंह बडगुजर, महेंद्र जांगिड, जीएल टेलर, अक्षय कुमावत, मुरारी मिश्रा, गोपालक विनोद स्वामी, मुकेश स्वामी, श्याम सुंदर सैनी समेत अनेक गौ भक्त मौजूद थे।

# 'किशनगढ़बास के 19 गांवों में टैंकरों के माध्यम से पहुंचाया जाएगा पानी'

**खैरथल**, (निसं)। जिले में पीने के पानी की किल्लत को मद्देनजर रखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव के साथ बैठक की। बैठक में अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया कि किशनगढबास ब्लॉक में पानी के टैंकर के लिए गठित उपखंड स्तरीय समिति की अभिशंषा पर पेयजल समस्या से जूझ रहे 19 गांवों में टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने अधीक्षण अभियंता से पेयजल समस्या ग्रसित गांवों में टैंकरों के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की समीक्षा की और अधिकारी को व्यवस्था को ओर सुदृढ कर पेयजल समस्या ग्रस्त क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। आरक्षण अभियंता ने जिला कलेक्टर को अवगत कराया की शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या आने पर टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। किशनगढबास ब्लॉक में टैंकर हेतु गठित उपखंड स्तरीय समिति की अभिशंषा पर पेयजल संकटग्रस्त 19 ग्रामों में टैंकरों के 63 ट्रिप से पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जून तक टैंकर के लिए स्वीकृति जारी की गई है। अधीक्षण अभियंता ने अभियंताओं को साथ ही टैंकरों में जीपीएस अनिवार्य रूप से लगाने हेतु निर्देशित किया है। जिससे समस्या ग्रसित स्थानों पर पानी पहुंचाने में कोई गडबडी नहीं हो और लोगों तक पानी पहुंच सके। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत 557 ग्रामों में से 163 ग्रामों को 100 प्रतिशत जल कनेक्शन जारी कर पेयजल से लाभान्वित किया जा चुका है। जल जीवन मिशन योजना के अन्तर्गत स्वीकृत 130692 जल कनेक्शन में 73475 जल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर पेयजल से लाभान्वित किया जा चुका है साथ ही शेष रहे कनेक्शन को त्वरित गति से करते हुए जल्द ही पूरा किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में ग्रीष्म ऋतु में पानी की आपूर्ति को पूरा करने हेतु किए गए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिए।

अधीक्षण अभियंता ने बताया कि विभाग द्वारा पेयजल व्यवस्थाओं की प्रभावी मोनेंटरिंग/समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें पेयजल समस्या की शिकायत कन्ट्रोल रूम नम्बर 01460-298735 पर प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक की जा सकती है।


कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र यादव के साथ बैठक की।

- जल जीवन मिशन पर कलेक्टर ने जल्द से जल्द कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये

## सार-समाचार

### लोकपाल ने किया औचक निरीक्षण



**पावटा**, (निसं)। ग्राम पंचायत पण्डितपुरा व प्रेमनगर में लोकपाल रामावतार ने मनरेगा के समस्त रिकॉर्ड का ओचक निरीक्षण किया और श्रम नियोजन के निर्देश दिये। इस दौरान पंडितपुरा सरपंच मनोज कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द मनरेगा कार्य स्वीकृत करवाये व मनरेगा में टेंडर भी नहीं हुए जिससे नरेगा में निर्माण कार्य नहीं हो पा रहे है। उक्त कार्य करवाने की बात कहीं ताकि ग्राम पंचायत में श्रमिकों को कार्य दिया जा सके। ग्राम विकास अधिकारी अशोक कुमार व कनिष्ठ सहायक मुकेश प्रजापति ने बताया कि ग्राम पंचायत पण्डितपुरा में मनरेगा में कार्य स्वीकृति हेतु तीन प्रपोजल तैयार कर पंचायत समिति दिए हुए है कार्य स्वीकृत होते ही मनरेगा कार्य प्रारभ कर दिए जाएंगे। वही ग्राम विकास अधिकारी चंद्रकांत शर्मा ने बताया कि आपसी कास्तकार विवाद के कारण नरेगा कार्य नही किये जा रहे है तथा व्यक्तिगत कार्य के प्रपोजल तैयार कर पंचायत समिति में दिए हुए है, कार्य स्वीकृत होते ही मनरेगा में श्रम नियोजन किया जाएगा। इन दौरान मैट दसरथ सिंह व कोमल वर्मा उपस्थित रहे।

### आरकेएसएमबीके परीक्षा का निरीक्षण

**टोंक**, (निसं)। उपखंड के दूनी तहसील मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रधान लाल मीणा ने आयोजित आरकेएसएमबीके परीक्षा आकलन-3 का आकस्मिक निरीक्षण किया। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी भंवरलाल कुम्हार ने बताया कि एसीबीईओ मीणा ने परीक्षा संचालन, बैठक व्यवस्था, अनुपस्थिति रजिस्टर, पेपर लिफाफा रजिस्टर आदि का अवलोकन किया। परीक्षा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि सोमवार को दो पारी में आयोजित परीक्षा की प्रथम पारी में मीणा ने निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रामलक्ष्मण गुप्ता, प्राध्यापक लादू लाल मीणा, त्रिलोक चंद कलाल, अशोक शर्मा मनीषा जैन मुकेश गुर्जर, रेखा मीणा सहित परीक्षार्थी एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

### गायत्री शक्तिपीठ कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**श्रीमाधोपुर**, (निसं)। गायत्री शक्तिपीठ श्रीमाधोपुर के प्रांगण में गायत्री परिवार श्रीमाधोपुर के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में शांतिकुंज हरिद्वार प्रतिनिधि व पुष्कर जॉन प्रभारी तुलसीराम शर्मा तथा शिवचरण चतुर्वेदी के दिशा निर्देश अनुसार गायत्री शक्तिपीठ श्रीमाधोपुर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। गायत्री शक्तिपीठ ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष विनोद भारद्वाज ने बताया कि मुख्य प्रबंध ट्रस्टी उमेश चुलेट व सहायक प्रबंध ट्रस्टी छाजूराम खेड़ीवाल को बनाया गया अन्य ट्रस्टियों में विनोद भारद्वाज, बीरबल भार्गव, सुरेश कुमार नारनौली, परमानंद सोनी, महावीर प्रसाद कुमावत, प्रहलाद श्यामगढ वाले तथा महिला प्रतिनिधि अंजू देवी कसेरा को सम्मिलित किया गया साथ ही देवालय प्रबंधन समिति, वित्त प्रबंधन समिति, आंदोलन प्रबंधन समिति व संगठन प्रबंधन समिति का भी पुनर्गठन किया गया। शक्तिपीठ की कार्यकारिणी में समस्त ट्रस्टियों के अलावा अशोक पूनिया, घासीराम सैनी, वीरेंद्र सिंह चौधरी तथा महिला सदस्य कांता पारीक को सम्मिलित किया गया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने जन जागरण हेतु गृह गृह गायत्री गृह गृह यज्ञ का संकल्प भी लिया।

### खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**टोंक**, (निसं)। राजस्थान उच्च न्यायालय प्लेटिनम जुबली समारोह के उपलक्ष में अजमेर, भरतपुर, कोटा, जयपुर संभाग के मध्य आयोजित राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में 27.04.2024 व 28.04.2024 को आयोजित की गई। जिसमें टोंक न्यायिक कर्मचारीयों में बेडमिंटन प्रतियोगिता में दोहरे खिताब हासिल किए। मेन सिंगल्स में ऋषभ जैन, व मेन डबल्स में शशांक तिवारी व ऋषभ जैन की जोडी ने विजेता का खिताब हासिल किया एवं केरम की सिंगल्स प्रतियोगिता में आयुषी चतुर्वेदी ने विजेता व एवं कैरम के डबल्स में पुनीत कुमार गुप्ता, न्यायालय प्रबंधक टोंक व अखलाक अहमद ने उपविजेता का खिताब हासिल किया। सभी विजेताओं का मुख्यालय पर कार्यरत समस्त न्यायिक अधिकारीगण की उपस्थिति मे अय्यूब खान, जिला एवं सेशन न्यायाधीश, टोंक द्वारा सम्मानित किया गया।

### संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता संपन्न

**खैरथल**, (निसं)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल दो दिवसीय संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी गोयल, आयुक्त नगर-परिषद, खैरथल रहे। प्रतियोगिता में जयपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली के अंबाला, टोंक, सवाई माधोपुर, अलवर, चित्तौड़गढ़, हनुमानगढ़, नागौर, झुंझुनूं और मुंगेशपुर के कुल 148 खिलाडियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य के के जोशी ने मुख्य अतिथि आयुक्त श्याम बिहारी को पुष्पगुच्छ प्रदान कर और शॉल उडा कर स्वागत किया साथ ही विभिन्न विद्यालयों से पधारे मार्गदर्शी शिक्षकों, खिलाडियों तथा बाहर से पधारे ऑफिशल्स का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन किया। इसके बाद विद्यालय के छात्रों के द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने सभी रैफरियों और मार्गरक्षियों को स्मरण चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। उन्होंने दोनों वर्गों के विजेता और उपविजेता टीमों को शील्ड प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। मुख्य अतिथि ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए संभाग स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की। विद्यालय प्राचार्य के के जोशी ने बताया कि अंडर 15 वर्ग में विजेता अंबाला और उपविजेता झुंझुनू की टीम रही साथ ही अंडर 17 वर्ग में हनुमानगढ विजेता और टोंक की टीम उपविजेता रहीं। विद्यालय के उपप्राचार्य पी सी कानव ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन हेतु सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका सुषमा यादव ने किया।

### श्रद्धालु खाटूधाम के लिये हुये रवाना

**कोटपूतली**, (निसं)। श्याम परिवार कोटपूतली के 2 वर्ष पूर्ण होने पर द्वितीय वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि मंडी परिसर से करीब 30 बसों व सैकडों की संख्या में निजी वाहनों से हजारों की संख्या में श्रद्धालू खाटू धाम के लिये रवाना हुये। कृषि मंडी सचिव प्रीति शर्मा व कृषि मंडी गल्ला व्यापार मंडल अध्यक्ष लालचंद बंसल ने हरी झंडी दिखाकर सभी बसों को रवाना किया।

## नाटक पार्क का सफल मंचन

**टोंक**, (निसं)। एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा नाटक पार्क का मंचन थिएटर ग्रुप के नए स्टूडियों एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो में किया गया।

मानव कौल द्वारा लिखित नाटक पार्क देश की उस विडंबना को दिखाने का प्रयास करता है, जहां लोग स्थिर रखी कुर्सी, स्थिर रखी बेंच पर बैठने के लिए लड रहे हैं। नाटक की लेखनी में वर्तमान स्थिति को मध्य नजर रखते हुए इस नाटक में संवादों व पात्रों को जोडा गया है। एक ऐसा पात्र इस नाटक में उजागर किया है, जो की विचार विमर्श की स्थिति में दुनिया में उसका अहम दर्जा है पात्र का नाम है लेखक। पार्क नाटक के लेखक दृष्टिकोण में किसी भी सार्वजनिक जगह की स्थिति आज कैसी है उसको भी दर्शाया गया है। इस नाटक में संवादिय शैली बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसी कारण नाटक के लेखनी से हमने हमारे लिए विचार इसमें गढ़ने की कोशिश की है ताकि हम आज के समय के अनुसार इस नाटक को और भी जीवित कर सके।

नाटक का निर्देशन युवा रंगकर्मी चितरंजन नामा के द्वारा किया गया। नाटक में अभिनय की भूमिका में शुभम मेघवंशी ने उदय तथा लेखक एक, अमन तसेरा ने मदन तथा लेखक दो, आशीष धाप ने नवाज तथा लेखक 3, यशवंत सैनी ने हुसैन, राजवंती तमोली ने इति के किरदार में अपने अभिनय से पात्रों को जीवंत किया, जिससे उनके अभिनय को लेकर दर्शकों ने बहुत सराहा। वहीं नाटक में प्रकाश संयोजन रितिक सिंह, संगीत चितरंजन नामा किया गायन नाटक में मंच परे तकनीकी सहयोग में मोहित वैष्णव, आफताब नूर, ऋतुराज गौतम, धनराज साहू, रामरतन गुगलिया, गर्वित गिदवानी, रायना राहा रजक,आदित्य वैष्णव और इस टीम का मार्गदर्शन राजकुमार रजक ने किया।



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर और सीएसके के बैटिंग कोच माइकल हसी ने गायकवाड़ की तारीफ की है। उन्होंने साथ ही कप्तानी को लेकर बहुत बडी बात कही। -माइकल हसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर, ऋतुराज गायकवाड़ के बारे में बोलते हुए।

आज का खिलाड़ी

## के.एल. राहुल



लखनऊ की बल्लेबाजी की ताकत कप्तान केएल राहुल की बेहतरीन फार्म के अलावा मार्कस स्टायनिस और निकोलस पूरन है जिनकी बल्लेबाजी में निरंतरता बनी हुयी है। कल के बड़े मैच में केएल राहुल को अपनी जोड़ीदार क्विटंन डिकॉक से भी अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी। गेंदबाजी विभाग में नजर डालें तो रफ्तार के सौदागर मयंक यादव का कल के मैच में भी खेलने में संशय है। उनकी गैर मौजूदगी में पहले की तरह यश ठाकुर, आवेश खान और मोहसिन खान के अलावा कप्तान के पास रवि विश्नोई और अनुभवी अमित मिश्रा के विकल्प होंगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अभी तक ऐसा क्रिकेटर नहीं हुआ है जिसने नंबर 1 से 11 तक हर क्रम पर बल्लेबाजी की हो।

# कोलकाता ने दिल्ली को सीजन में दूसरी बार हराया



## 16.3 ओवर में चेज किया टारगेट

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल-2024 के 47वें मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। कोलकाता ने दिल्ली को इस सीजन में दूसरी बार हराया है। टीम ने 154 रन का टारगेट 16.3 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। ईडन गार्डन्स स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कैपिटल्स ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 153 रन बनाए। से फिल सॉल्ट ने 33 बॉल पर 68 रनों की पारी खेली। उन्होंने सीजन में चौथी फिफ्टी जमाई। सुनील नरेन ने 15 और रिंकू सिंह ने 11 रन का योगदान दिया। अक्षर पटेल को 2 विकेट मिले। इससे पहले, के कुलदीप यादव ने 26 बॉल पर नाबाद 35 रन बनाए, जबकि कप्तान ऋषभ पंत ने 27 रन का योगदान दिया। वरुण चक्रवर्ती ने 3 विकेट चटकाए, जबकि वैभव अरोड़ा और हर्षित राणा को 2-2 सफलताएं मिलीं। मिचेल स्टार्क और सुनील नरेन को एक-एक विकेट मिला। इस जीत से कोलकाता की टीम पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पर बरकरार है। टीम के खाते में 9 में से 6 जीत के साथ 12 अंक हैं।

## टेस्ट कोच गिलेस्पी ने पाक टीम को दी हिदायत, कहा- वह बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धित के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है।

पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है जिनके मार्गदर्शन में 2011 में भारत ने वनडे विश्व कप जीता था। वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

पीसीबी के पॉडकास्ट में गिलेस्पी के हवाले से कहा गया, "मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो!" उन्होंने कहा, "आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है। मैं वहां जाकर कहूंगा: बस सकारात्मक, आक्रामक, मनोरंजक बनें। अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ खेलें और हमारे प्रशंसकों का मनोरंजन करें।"

गिलेस्पी ने कहा, "ऐसा समय आएगा जब आपको कड़ी मेहनत करनी होगी और यही टेस्ट क्रिकेट है। यह आपके कौशल, मानसिक क्षमता और धैर्य की परीक्षा है। इसमें ऐसा समय होता है जब आपको आक्रमण करना होता है और कभी कभी विरोधी के दबाव को भी झेलना पड़ता है। ऑस्ट्रेलिया के लिए 71 टेस्ट और 97 एकदिवसीय मैचों में क्रमशः 259 और 142 विकेट लेने वाले गिलेस्पी ने कहा कि पाकिस्तान के पास कुशल खिलाड़ी हैं लेकिन निरंतरता एक ऐसी चीज है जिस पर उन्हें काम करने की जरूरत है।

## एशियाई खेलों से बाहर होने से राष्ट्रीय टीम में वापसी की प्रेरणा मिली

कोलकाता, 29 अप्रेल। तीरंदाजी विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले तरुणदीप राय ने रविवार को कहा कि पिछले एशियाई खेलों की टीम से बाहर होने के बाद वह गुस्से में थे लेकिन उन्होंने इसे दमदार वापसी करने के लिए प्रेरणा की तरह लिया। तीन बार के ओलंपियन राय ने विश्व कप में ऐतिहासिक स्वर्ण जीतने के बाद कहा, " मैं गुस्से से भरा था लेकिन मैंने खुद को एक और मौका देने का फैसला किया।" एशियाई खेलों (ग्वांगझू 2010) में देश के लिए पदक जीतने वाले इकलौते रिकर्व तीरंदाज राय ने कहा, " मैं क्वालीफिकेशन में कुछ नियमों के कारण अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम से बाहर हो गया था।

राय, धीरज बोम्मदेवरा और प्रवीण जाधव की भारतीय तिकड़ी ने मौजूदा ओलंपिक चैम्पियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह पहली बार है जब तीरंदाजी विश्व कप फाइनल में भारतीय पुरुष टीम ने कोरिया को शिकस्त दी है। इस जीत से टीम पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल करने के मामले में अच्छी स्थिति में है। चालीस साल के राय 2010 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के भी सदस्य थे। उस विश्व कप का आयोजन भी शंघाई में हुआ था।

## मयंक यादव का साथ नहीं छोड़ रही बुरी किस्मत



नई दिल्ली, 29 अप्रेल। मयंक यादव ने लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेलते हुए आईपीएल 2024 में अपना डेब्यू किया। पहले दो मैच में ही प्लेयर ऑफ द मैच और अपनी रफ्तार से सबको चौंका दिया। हर कोई उनकी गेंदबाजी का कायल हो गया, उन्होंने लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की। साथ ही इस सीजन में सबसे तेज गेंद फेंकने का कारनामा भी किया।

उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में चना जाना करीब-करीब पक्का था, लेकिन इस दौरान उनकी बुरी किस्मत बीच में आ गई। दरअसल, वो आईपीएल के अपने तीसरे मैच में चोटिल हो गए।मयंक ने अपने आईपीएल डेब्यू मैच में ही पेस से बड़े-बड़े बल्लेबाजों के फीते खोल दिए थे। वो सटीक लाइन लेंथ के साथ 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेदंबाजी कर रहे थे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने तो यहां तक कहना शुरू कर दिया था कि वह इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं। उन्हें टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का मजबूत दावेदार तक माना जा रहा था। टी20 वर्ल्ड कप 2024 खेलना असंभव। ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के मुताबिक, सेलेक्टर्स की मयंक पर नजर थी और उन्हें टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम में जगह भी देने का मन बना लिया था। लेकिन, मयंक की चोट ने सारा खेल खराब कर दिया और बीसीसीआई को अपना प्लान बदलना पड़ा। बता दें कि ये पहली बार नहीं है, जब उन्हें चोट के कारण नुकसान हुआ है बल्कि उनका आईपीएल में डेब्यू 2022 में ही हो जाता लेकिन उस दौरान भी वो चोटिल हो गए थे।

## मुंबई को बड़े अतंर से हराने के इरादे से मैदान पर उतरेगी 'राहुल' सेना

लखनऊ, 29 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में अब तक बेहतर प्रदर्शन कर रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) मंगलवार को यहां जब इकाना के मैदान पर उतरेगी तो टीम के हर सदस्य का इरादा कमजोर दिख रही मुबंई इंडियंस के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज अंकतालिका में अपनी स्थिति को मजबूत करने का होगा।

लखनऊ को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिये अभी पांच मैच खेलने हैं जिनमें अगले दो मैच उसके अपने घरेलू मैदान पर खेले जायेंगे जिसका फायदा उठाने में केएल राहुल की टीम कोई कोरकसर छोड़ना नहीं चाहेगी। मुबंई को मौजूदा सत्र के नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है जबकि छह में हार का सामना करना पड़ा है, वहीं लखनऊ ने नौ में से पांच मैचों में जीत दर्ज की है और दस अंकों के साथ वह प्लेऑफ की दौड़ में बनी हुयी है। आईपीएल के पिछले रिकार्ड में नजर डाली जाये तो उसमें भी के एल राहुल की टीम मुबंई से भारी दिख रही है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए चार मुक़ाबलों में एलएसजी के खाते में तीन जीत आयी हैं। पिछले सत्र में लखनऊ ने इसी मैदान पर मुबंई के खिलाफ पांच रनो से रोमांचक जीत हासिल की थी।

लखनऊ की बल्लेबाजी की ताकत कप्तान केएल राहुल की बेहतरीन फार्म के अलावा मार्कस स्टायनिस और निकोलस पूरन है जिनकी बल्लेबाजी में निरंतरता बनी हुयी है। कल के बड़े मैच में केएल राहुल को अपनी जोड़ीदारी क्विटंन डिकॉक से भी अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी वहीं मध्यक्रम में देवीदत्त पड्डिक्कल को एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय देना होगा। गेंदबाजी विभाग में नजर डालें तो रफ्तार के सौदागर मयंक यादव का कल के मैच में भी खेलने में संशय है। उनकी गैर मौजूदगी में पहले की तरह यश ठाकुर, आवेश खान और मोहसिन खान के अलावा कप्तान के पास रवि विश्नोई और अनुभवी अमित मिश्रा के विकल्प होंगे। अमित मिश्रा का रिकार्ड मुबंई के हिट मैन रोहित शर्मा के खिलाफ काफी प्रभावशाली है।

उन्होंने रोहित को टी20 क्रिकेट में सात बार आउट किया है। उन्हे खेलने में रोहित खुद को खासा असहज महसूस करते हैं। मिश्रा मुबंई के नये कप्तान हार्दिक पांड्या के लिये भी मुसीबत का सबब बन सकते हैं। मुबंई के लिये तेजी से रन बटोरने की काबिलियत रखने वाले सूर्य कुमार यादव पर अंकुश लगाने के लिये लखनऊ की टीम रणनीति बना चुकी होगी वहीं बूम बूम बुमराह को लखनऊ के बल्लेबाजों संयम और सूझबूझ से खेलना होगा। हालांकि लखनऊ के कप्तान का रिकार्ड बुमराह के खिलाफ शानदार रहा है और इसे देखते हुये पहले पावर प्ले में धूम धड़ाका देखने को मिल सकता है।

लखनऊ के पास अगर मध्य प्रदेश के घातक स्पिनर अमित मिश्रा हैं तो मुबंई के पास उत्तर प्रदेश के दिग्गज स्पिनर पियूष चावला हैं जो अपने गृह राज्य में बेहतरीन प्रदर्शन के लिये लालयित होंगे और उनसे लखनऊ के बल्लेबाजों को संभल कर रहना होगा। लखनऊ का मौसम शाम पांच बजे तक खासा गर्म रहने का अनुमान है हालांकि क्रिकेट के दीवाने दर्शक इसकी परवाह नहीं करते और शायद इसीलिये शाम साढ़े सात बजे से शुरु होने वाले इस हाइप्रोफाइल मैच की सभी टिकटें बिक चुकी हैं और दर्शकों को अपने चहेते स्टार रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और जसप्रीति बुमराह को मैदान पर देखने का इंतजार है।

## धोनी की जगह लेना... ऋतुराज की कप्तानी पर कोच माइकल हसी ने कहा दी बहुत बड़ी बात

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने आईपीएल 2024 के 46 वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ कमाल की बल्लेबाजी की। बतौर ओपनर उतरे गायकवाड़ महज दो रन से शतक से चूक गए। उन्होंने 54 गेंदों में 10 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 98 रन बनाए। सीएसके ने 212/3 का स्कोर खड़ा किया और एसआरएच को 78 रन से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर और सीएसके के बैटिंग कोच माइकल हसी ने गायकवाड़ की तारीफ की है। उन्होंने साथ ही कप्तानी को लेकर बहुत बड़ी बात कही।

हसी से जब सीएसके वर्सेस एसआरएच मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूछा गया कि गायकवाड़ ने कप्तानी को किस तरह से संभाला है तो इसपर कोच ने कहा कि सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ की जगह लेना चैलेंजिंग होता है। उन्होंने कहा, उसके लिए भी चुनौतीपूर्ण था। वह ऐसे कप्तान की जगह ले रहा था जो भारत का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ कप्तान रहा है। बता दें कि एमएस धोनी ने मौजूदा सीजन शुरू होने से पहले गायकवाड़ को सीएसके की कप्तान सौंपी थी। धोनी के नेतृत्व में चेन्नई ने पांच आईपीएल ट्रॉफी जीतीं। धोनी आईसीसी की तीन ट्रॉफी (टी20 वर्ल्ड कप, वनडे वर्ल्ड कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी) जीतने वाले इकौलते कप्तान हैं।

## टीम इंडिया में सेलेक्शन आईपीएल सीजन से हो रहा, हमारे समय में घरेलू क्रिकेट सो होता था : इरफान

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने आईपीएल की शुरुआत के बाद से भारतीय क्रिकेट परिदृश्य में हुए अहम बदलावों पर प्रकाश डाला है। 2003 में भारत के लिए डेब्यू करने वाले पठान के मुताबिक, आईपीएल से पहले, खिलाड़ी राष्ट्रीय टीम में जाने के लिए रणजी ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी या अंडर 19 क्रिकेटर खेलकर टीम इंडिया तक पहुंचे थे। लेकिन आज एक आईपीएल सीजन के आधार पर भारतीय टीम में चयन हो रहा है। 180 नॉट आउट पॉडकास्ट पर बोलते हुए इरफान पठान ने अतीत और वर्तमान के बीच साफ अंतर पर जोर देते हुए कहा कि, हमारे दोर में अगर हमें बड़ौदा की तरफ से अगर रणजी ट्रॉफी खेलना होता तो एक ही तरीक था। उस समय एक ही भारतीय टीम होती थी। कोई आईपीएल नहीं था। आपको रणजी, दिलीप ट्रॉफी खेलना था और टीम इंडिया में आने का सबसे अहम दरवाजा अंडर-19 ऐज ग्रुप क्रिकेट था। तब हमारा यही एक लक्ष्य होता था। लेकिन अब चीजें बदल गई हैं। आप एक आईपीएल खेल सकते हैं, और भारतीय में प्रवेश पा सकते हैं।

## गैरी कर्स्टन का लक्ष्य अपने दो साल के कार्यकाल में कम से कम एक आईसीसी ट्रॉफी जीतना



कराची, 29 अप्रेल। पाकिस्तान के नवनियुक्त मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के लिए एक सामान्य लक्ष्य रखा है कि उसे अगले तीन साल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के तीन टूर्नामेंटों में से कम से कम एक ट्रॉफी जीतनी होगी। अब और 2026 के बीच होने वाली प्रमुख प्रतियोगिताओं में 2024 (अमेरिका और वेस्टइंडीज) और 2026 (भारत) में दो टी20 विश्व कप के साथ-साथ 2025 एकदिवसीय चैंपियंस ट्रॉफी भी शामिल है जिसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा।

भारत की विश्व कप विजेता टीम के मुख्य कोच रह चुके कर्स्टन चाहते हैं कि बाबर आजम और उनकी टीम कम से कम एक टूर्नामेंट जीते।वर्तमान में आईपीएल टीम गुजरात टाइटंस के मार्गदर्शक (मेंटर) कर्स्टन को रविवार को वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए पाकिस्तान का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज कर्स्टन के पाकिस्तान के इंग्लैंड दौरे से पहले 22 मई से अपनी नई जिम्मेदारी संभालने की उम्मीद है। कर्स्टन से उनके कार्यकाल के दौरान उनके लक्ष्यों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पॉडकास्ट में कहा, "अगर आप उन तीन आईसीसी प्रतियोगिताओं में से एक जीत सकते हैं तो यह एक शानदार उपलब्धि होगी, चाहे वह आगामी प्रतियोगिता (टी20 विश्व कप) हो या अब से दो साल बाद।"

## अगले साल होने वाली ट्रॉफी के लिये पीसीबी ने लाहौर, कराची, रावलपिंडी को चुना

लाहौर, 29 अप्रेल। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये 'हाइब्रिड मॉडल' की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। पिछली बार इंग्लैंड में 2017 में हुई चैम्पियंस ट्रॉफी अगले साल फरवरी मार्च में हो सकती है।

भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है तो।आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा ," हमने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के मैचों के लिये शेड्यूल भेज दिया है। आईसीसी के सुरक्षा दल से बैठक अच्छी रही। उन्होने इंतजामात का जायजा लिया और हमने भी उन्हें सारी जानकारी दी।" पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल पर किया गया था। भारत के मैच श्रीलंका में कराये गए थे जबकि टूर्नामेंट का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान था।

## कुलदीप यादव ने आर. अश्विन के सामने खोला अपने बचपन का राज

नई दिल्ली, 29 अप्रेल। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के स्पिनर कुलदीप यादव ने आर अश्विन के सामने अपने बचपन का एक राज खोला है। कुलदीप ने दिग्गज स्पिनर अश्विन को बताया कि वह एमएस धोनी और कई धाकड़ क्रिकेटर्स की वजह से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तगड़े फैन रहे। बता दें कि 29 वर्षीय कुलदीप आईपीएल 2024 में शानदार लय में हैं। उन्होंने सात मैचों में 12 शिकार किए हैं। वह डीसी के मौजूदा सीजन में फिलहाल सेकेंडहाईएस्ट विकेट-टेकर हैं। अश्विन ने अपने यूट्यूब टॉक शो कुट्टी स्टोरीज में कुलदीप से पूछा, आईपीएल की शुरुआत 2008 में हुई। तब आप की 14 या 15 साल उम्र होगी। उस वक्त आपका माइंडसेट क्या था? कुलदीप ने जवाब में कहा, मैंने 2008 में अंडर-15 स्टेट लेवल खेला। क्रिकेट को लेकर यह नहीं था कि मुझे इंडिया या आईपीएल में खेलना है। मैं अंडर-19 खेलने के बारे में सोच रहा था। मेरा लक्ष्य था कि अगर अंडर-19 खेलूंगा तो शायद फर्स्ट क्लास क्रिकेट खेलने का मौका मिलेगा। मैं उस टाइम ऐसा सोचता था। कुलदीप ने आगे कहा, जब आईपीएल शुरू हुआ तो ईमानदारी से बताऊं मैं सीएसके का फैन था। सीएसके मुझे बहुत पसंद थी। मैथ्यू हेडन और एमएस धोनी जैसे खिलाड़ी थे टीम में। आप (अश्विन) भी थे। टीम बहुत अच्छी थी। मैं सीएसके का फैन दिल से था। अश्विन ने इसके बाद पूछा कि क्या अब भी सीएसके के फैन हो? कुलदीप ने कहा, मैं, सीएसके का फैन तो हूं लेकिन जब कोई छोटा बच्चा होता, तब उसे सपोर्ट करने के लिए टीम चुननी होती है। मेरे लिए सीएसके थी हमेशा से। फिर अंडर-19 खेला और 2012 में मुंबई इंडियंस में चांस मिला। उससे पहले आईपीएल देखता था। उस टाइम बस सीएसके थी। गौरतलब है कि कुलदीप आईपीएल में दिल्ली के अलावा मुंबई और कोलकात नाइट राइडर्स (केकेआर) का हिस्सा रहे हैं। उन्हें केकेआर की ओर से 2016 में आईपीएल डेब्यू का मौका मिला था कुलदीप ने अब तक 80 आईपीएल मैचों में 83 विकेट चटकाए हैं। उन्होंने 2017 में इंटरनेशनल क्रिकेट में कदम रखा था। उन्होंने भारत का 12 टेस्ट (53 विकेट), 103 वनडे (168 विकेट) और 35 टी20 इंटरनेशनल (59 विकेट) में प्रतिनिधित्व किया है।

# जूडो कराटे के संस्थापक जयशंकर टाइगर को याद किया

भरतपुर, 29 अप्रेल। जूडो कराटे क्लब के संस्थापक स्वर्गीय जयशंकर टाइगर की 24 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किला स्थित टाईगर क्लब में किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। मौजूद अतिथियों में भरतपुर के खाटू श्याम जी मंदिर के महंत रोहित जी महाराज, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, क्लब के संरक्षक गिरधारी तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा, सतीश कुमार नेशनल ताइक्वांडो चौंपियन राजस्थान पुलिस, मनोज पाराशर सहायक अभियंता पीएचईडी, राजेश चौधरी महिला जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति भरतपुर, जितेंद्र गामड़ी विकास अधिकारी पंचायत समिति कुम्हेर, नवाब सिंह नेशनल जूडो चौंपियन राजस्थान पुलिस, वेद कुंतल नेशनल वूशु चौंपियन आरएसी, पवन पराशर कुंग फू चौंपियन, पोहप सिंह जादौन जूडो चौंपियन,भरतपुर की पहली महिला कराते ब्लैक बेल्ट नेहा टाईगर एवं लोकेश कुमार रिलायंस जिओ प्रबंधक ने जयशंकर टाईगर की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर व दो मिनट का मौन रख उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर क्लब के खिलाड़ियों ने जूडो, कराते एवं ताइकांडो का प्रदर्शन किया जिसमें खिलाड़ियों ने किक, पंच, ब्लाक, काता, पूम्से का प्रदर्शन किया। खाटू श्याम जी मंदिर के महंत रोहित महाराज



ने अपने उद्बोधन में जूडो कराटे के क्षेत्र में भरतपुर को आगे ले जाने में व युवा एवं युवतियों को प्रशिक्षण देने में जयशंकर टाईगर के योगदान की सराहना की। जिला महिला प्रभारी पतंजलि योग समिति की राजेश चौधरी ने भी बालिकाओं की सुरक्षा के लिए स्कूल व कॉलेज में वूमन डिफेंस प्रोग्राम चलाने पर बल दिया। सतीश कुमार नेशनल ताइक्वांडो चौंपियन राजस्थान पुलिस ने बताया कि मार्शल आर्ट खेल से खिलाड़ियों का एनर्जी लेवल एवं स्टेमिना में विकास होता है। जयशंकर टाईगर की पुण्य स्मृति में आयोजित होने वाली भरतपुर जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में एवं राजस्थान ताइक्वांडो संघ के मार्गदर्शन में 11 से 12 मई को ताइक्वांडो की प्रतियोगिता का पोस्टर विमोचन किए गए। जिसमें भरतपुर ताइक्वांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, उपाध्यक्ष विष्णु दत्त, सचिव ई दीप्ति शर्मा, चौंपियनशिप आयोजन सचिव राजेश पुष्कर ने प्रतियोगिता को सफल बनाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन सेवानिवृत्ति उप निदेशक आयुर्वेदिक विभाग के डॉक्टर सुशील पाराशर ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशलेश शर्मा ने क्लब की तरफ से सभी प्रबुद्ध नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा प्रतिभा शर्मा, सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर एनआईएस कोच, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश चंद मुद्गल, एडवोकेट भगवान सिंह लवानिया, केदार पाराशर अध्यक्ष समता आंदोलन, गायत्री परिवार से डॉ गिरीश शर्मा, देवेंद्र मोहन तिवारी, डॉ सुनील चौधरी, राजेंद्र भारद्वाज अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय मानव सुरक्षा, बृजभूषण पाराशर बीएसएनएल, योगेश लवानिया, अग्रवाल धर्मशाला के महंत प्रेमजी पंडित, उमेश पाराशर बीजेपी, नरेश कटारा, कपिल ऑप्टिकल एवं आशीष तिवारी आदि सदस्यों ने श्रद्धांजलि देते हुए क्लब के खिलाड़ियों को अपने उद्बोधन से लाभान्वित किया।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजस्थान में धुंआधार चुनाव प्रचार के बाद अब दूसरे राज्यों में चुनाव प्रचार में जुट गये हैं। सोमवार को मु. मंत्री भजनलाल ने कोलकाता के श्रीरामपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार कबीर शंकर बोस के समर्थन में रोड शो किया और उनके नामांकन कार्यक्रम में भी शामिल हुये। रोड शो के दौरान भारी भीड़ जुटी, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने कलकत्ता में भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो व नामांकन सभा को संबोधित किया

## प्रदेश भाजपा नेता देशभर में भाजपा के पक्ष में मारवाड़ी वोट बैंक साधने में जुट गए हैं

- **मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री सहित प्रदेश के 150 भाजपा नेताओं के अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार के कार्यक्रम तय।**

जयपुर, 29 अप्रेल (का.सं.)। राजस्थान की 25 लोकसभा सीटों पर चुनाव सम्पन्न होने के बाद प्रदेश के भाजपा नेता देश भर में रह रहे मारवाड़ियों को साधने के लिए अन्य प्रदेशों के दौरे पर हैं। इन नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व की ओर से मारवाड़ियों को साधने का काम दिया गया है। इसी क्रम में, प्रदेश के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केबिनेट मंत्री और अन्य प्रदेश स्तरीय नेता दौरे कर रहे हैं।

प्रदेश के नेता राजस्थानियों के बीच जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेंगे। ज्ञातव्य है कि, बड़ी संख्या में व्यापार के सिलसिले में राजस्थानी लोग देश के अलग-अलग राज्यों में बसे हैं और सालों से इन राज्यों में रहने के कारण वे वहां के स्थानीय वोटर भी हैं। पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना सहित अन्य राज्यों में, जहां राजस्थानियों की तादाद ज्यादा हैं, वहां प्रदेश के नेताओं को प्रचार के लिए भेजा जा रहा है। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज कलकत्ता की श्रीरामपुरा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा और रोड शो में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने मारवाड़ी समाज और उद्योगपतियों के सम्मेलन को संबोधित किया।

मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के धनबाद लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे प्रबुद्धजन सम्मेलन व संवाद कार्यक्रम और प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इसी दिन शाम को रांची में मारवाड़ी धर्मशाला में प्रबुद्धजन सम्मेलन व प्रवासी राजस्थानी सम्मेलन में शामिल होंगे।

बुधवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा झारखंड के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के समर्थन में जनसभा और नामांकन कार्यक्रम में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पंजाब में प्रचार के लिए आज सुबह चंडीगढ़ पहुंचे।

प्रदेश भाजपा के करीब 150 नेता अन्य राज्यों में चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे। पश्चिम बंगाल, झारखंड उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में प्रदेश के नेताओं को जिम्मदारियां दी गई हैं। इसी के तहत पूर्व नेता प्रतिपक्ष, राजेन्द्र राठौड़, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, प्रभुलाल सैनी सहित कई नेता रविवार को तेलंगाना के लिए रवाना हो गए। ये नेता वहां प्रचार के साथ-साथ चुनाव प्रबंधन का काम भी देखेंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, कैलाश चौधरी, मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, झाबर सिंह खर्रा सहित अन्य मंत्री व नेता भी दूसरे राज्यों में प्रचार के लिए जाएंगे।

## कोटा में एक और ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

10.30 बजे की है। उन्नीस वर्षीय छात्र सुमित कुमार पुत्र विजयपाल ने अपने हॉस्टल के कमरे में आत्महत्या कर ली। वह बीते एक साल से कोटा में रह रहा था।

घटना के बाद पुलिस ने उसके हॉस्टल का कमरा सीज़ कर दिया है और परिजनों को पूरे मामले की सूचना भी दे दी गई है। उत्तम रैज़िडैंसी के जिस कमरे में सुमित ने सुसाईड किया है उसमें एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं लगी हुई थी, जबकि, कोटा में सभी हॉस्टल और पीजी संचालकों को कमरों में एंटी सुसाइड रॉड लगवाना अनिवार्य किया गया है। बताया जा रहा है कि, सुमित को 5 मई को नैशनल टेस्टिंग एजेन्सी की नीट यूजी 2024, परीक्षा देनी थी। सुमित पहले भी नीट की परीक्षा दे चुका है। कहा जा रहा है कि, संभवतः वह परीक्षा के दबाव में था जिस कारण उसने आत्महत्या का कदम उठाया।

सुमित के चाचा सुरेंद्र पांचाल ने आरोप लगाया है कि, यह पूरी तरह से मर्डर का मामला है। वे हॉस्टल में जाकर भी देखेंगे क्योंकि सुमित की गर्दन पर कट का निशान था।

ऐसा घाव रस्सी से नहीं हो सकता है और उसके हाथ भी पूरी तरह से लाल पड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि, हम इसकी जांच करवाएंगे। सुमित के पिता विजयपाल का कहना है कि, सुमित से पांच दिन पहले बात हुई थी और रविवार को सुबह से शाम तक, उन्होंने कई बार कॉल किया लेकिन बातचीत नहीं हो पाई। जब उन्होंने हॉस्टल संचालक को इस संबंध में सूचना दी तब उसने कमरे में जाकर देखा तो हादसे के बारे में पता चला।

परिजनों ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम और मामले की जांच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित करने की मांग की है। कोटा शहर के पुलिस उपाधीक्षक द्वितीय, राजेश कुमार सोनी का कहना है कि, जिला प्रशासन ने भी हॉस्टल के रूम में एंटी हैंगिंग डिवाइस नहीं होने के मामले में जांच पड़ताल कर रिपोर्ट मांगी है। हॉस्टल संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# 'इंदौर में कांग्रेस के उम्मीदवार ने नाम वापस लिया व भाजपा "जॉइन" की

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- **गत 22 अप्रैल को सूरत में भी कुछ ऐसा ही हुआ। कांग्रेस के उम्मीदवार का पर्चा त्रुटियों के कारण स्वीकार नहीं किया गया तथा बाकी सभी अन्य उम्मीदवारों ने अपने-अपने नाम वापस ले लिये थे, भाजपा उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित हुआ।**

नई दिल्ली, 29 अप्रैल। कांग्रेस पार्टी को एक बड़ा झटका लगा है और इस झटके से पार्टी की राज्य इकाइयों पर कमजोर होती पकड़ जगजाहिर हो गई है, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अभी कुछ ही दिनों में आज दूसरा लोकसभा उम्मीदवार खो दिया है। मध्य प्रदेश के इंदौर से पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बाम ने अपनी सीट से नामांकन वापस ले लिया है और वे इंदौर सीट की दौड़ से बाहर हो गए और इसके बाद वे आज ही भाजपा में भी शामिल हो गए हैं जबकि इस सीट पर कुछ ही दिनों में चुनाव होने वाले हैं।

इस घटना का खुलासा मध्य प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय की एक पोस्ट से हुआ है, जिसमें उन्होंने एक कार में ली गई फोटो में अपने साथ उम्मीदवार को दिखाया है।

विजयवर्गीय ने अपनी पोस्ट में कहा कि, इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बाम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा में स्वागत है।

इंदौर सीट के लिए नामांकन पत्र भरने का आज आखिरी दिन था, इस सीट पर चुनावों के चौथे चरण में 13 मई को वोट डाले जाएंगे।

जिलाधीश आशीष सिंह ने पत्रकारों को सूचित किया कि "कांग्रेस उम्मीदवार बाम सहित तीन प्रत्याशियों ने निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर अपना नाम वापस ले लिया। इसी पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है।"

अक्षम बाम उम्मीदवारी का अपना नामांकन वापस लेने के लिए भाजपा के एम.एल.ए. रमेश मेन्दोला के साथ जिलाधीश कार्यालय गए थे।

कांग्रेस ने इंदौर में भाजपा के सांसद शंकर लालवाणी के खिलाफ 45 वर्षीय बाम को चुनाव मैदान में पहली बार उतारा था, यह निर्वाचन क्षेत्र मध्य प्रदेश में सबसे बड़ा निर्वाचन क्षेत्र है। कांग्रेस ने बाम को एक ऐसे समय में चुना जब पार्टी कार्यकर्ताओं की एक लंबी कतार थी, उनके साथ तीन निवर्तमान विधायकों ने भी कांग्रेस छोड़कर मध्य प्रदेश में भाजपा में शामिल हो गए हैं।

पिछले सप्ताह गुजरात की सूरत लोकसभा सीट पर विपक्षी पार्टी को एक प्रत्याशी का नुकसान हुआ था। क्योंकि घटनाओं की एक ऐसी नाटकीय श्रृंखला चली कि, उसमें कांग्रेस के उम्मीदवार को अयोग्य घोषित किया गया और आठ उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया गया और आठ उम्मीदवारों ने उसेक बाद उस सीट से नाम वापस ले लिये और एक के बाद दूसरे ने भी इसमें बसपा व एक निर्दलीय उम्मीदवार भी वापसी में शामिल है। इस घटनाक्रम के बाद 22 अप्रैल को भाजपा के मुकेश दलाल को सूरत लोकसभा निर्वाचन सीट से निर्विरोध विजयी घोषित कर दिया गया था।

कांग्रेस को वर्तमान लकोसभा चुनावों में यह दूसरा तगड़ा झटका लगा है, इंदौर में पार्टी के स्थानीय नेताओं ने इस घटना पर गहरी निराशा व्यक्त की है और पार्टी नेतृत्व के द्वारा श्री बम को उम्मीदवार बनाने का निर्णय पर सवाल खड़ा किया है।

पार्टी के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्थानीय कांग्रेसी नेता देवेन्द्र यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि, "मैंने हमारी पार्टी के नेताओं को अक्षय बाम का चयन करते समय आगाह किया था। मैंने सचेत किया था कि वह उसका नामांकन पत्र वापस लेगा। हमें दुःख इस बात का है कि, हमारे जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं, जो वर्षों से कांग्रेस की सेवा कर रहे हैं, उनकी अनदेखी कर उन जैसे लोगों को पार्टी ने टिकट दे दिया।"

बम के नामांकन पत्र की जांच के दौरान, भाजपा के विधि प्रकोष्ठ ने बाम के नामांकन फार्म पर इस बात को लेकर आपत्ति दर्ज कराई कि, उन्होंने आई.पी.सी. की धारा 307 के बारे में सूचना अथवा एक जमीन विवाद से संबंधित 17 वर्ष पुराने केस में हत्या के प्रयास के मुकदमे का उल्लेख नहीं किया। चुनाव अधिकारियों ने इस आपत्ति को नज़रअंदाज कर दिया था और बाम के नामांकन पत्र को स्वीकार भी कर लिया था क्योंकि उन्होंने जिस दिन नामांकन पत्र दाखिल किया था, उसी दिन उसमें आरोप जोड़ दिया था।

# कांग्रेस के आदमी पर उंगली उठाई तो जवाब उंगली काटकर दिया जाएगा-उचियारड़ा

## फलौदी थाने के बाहर धरने में दिए गए उचियारड़ा के भाषण का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल

- **धरना हालांकि समाप्त हो चुका है, पर किसी ने इस धरने और उसमें दिए गए करण सिंह के भाषण का विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया, जो वायरल हो गया।**
- **वायरल वीडियो में उचियारड़ा ने यह भी कहा कि, न हिन्दू, न मुसलमान, न सिख न इसाई, हमारा धर्म सिर्फ कांग्रेस है।**

जोधपुर, 29 अप्रेल (कासं)। कांग्रेस प्रत्याशी करण सिंह उचियारड़ा का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो, कांग्रेस के आदमियों पर उंगली उठाने वालों की उंगली काटकर जवाब देने की बात कह रहे हैं। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

लोकसभा चुनाव मतदान के दौरान फलोदी जिले के बैंगटीकला व अन्य पोलिंग बूथ पर हुई झड़प के मामले में पुलिस द्वारा 11 लोगों को पकड़ने के विरोध में रविवार को फलोदी में कांग्रेस ने धरना दिया। इस बीच नेताओं के साथ करण सिंह उचियारड़ा भी फलोदी पहुंचे और थाने के आगे जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर आई.पी.सी. की धारा 307 में प्रकरण दर्ज करने व सी.आर.पी.सी. की धारा 151 में गिरफ्तार करने वाले दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की। धरने के दौरान कांग्रेस नेता प्रकाश छंगाणी, पूर्व विधायक किशनाराम विश्नोई, कुम्भसिंह पातावत की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ताओं भी मौजूद थे।

धरने के दौरान उचियारड़ा ने कहा कि, कांग्रेस के किसी भी आदमी पर उंगली उठाई तो उसका जवाब उंगली काटकर दिया जाएगा। न तो मुसलमान, न हिंदू, न सिख, न ईसाई, हमारा एक धर्म सिर्फ कांग्रेस है। मैं राजपूत हूँ और जबान देता हूँ, किसी को नहीं छोडूंगा। अगर भगत सिंह जान दे सकते हैं तो करण सिंह लोकतंत्र को जिंदा रखने के लिए हजारों डंडे खा सकता है।

धरने को संबोधित करते हुए उचियारड़ा ने कहा, मैंने जिला कलेक्टर, एस.पी., आई.जी. व आला नेताओं से बात की मगर कोई रास्ता नहीं निकला। इसलिए हमें धरना देना पड़ा। हालांकि, धरना रविवार को हटा दिया गया मगर किसी ने करण सिंह उचियारड़ा के भाषण का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो आज दिन भर चर्चा का विषय बना रहा।

## क्या गहलोत की टीम ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

के साथ है। गहलोत के पूर्व ओ.एस.डी. सोशल मीडिया पर ट्रैंड कर रहे हैं, क्योंकि वो गहलोत को कांग्रेस पार्टी से निकालने की मांग कर रहे हैं।

गहलोत को चुनाव प्रचार के लिए बाड़मेर जाना था। उनकी इस यात्रा के लिए दो गाड़ियाँ बुक की गईं, गहलोत के नाम से तथा उत्तरलायी एयरपोर्ट पर इन गाड़ियों को प्रवेश करने की इजाज़त के लिए स्वीकृति भी प्राप्त की गई। अन्ततोगत्वा गहलोत बाड़मेर नहीं गए तथा इन गाड़ियों का उपयोग रविन्द्र सिंह भाटी ने किया। इससे इन चर्चाओं ने जोर पकड़ा कि, अशोक गहलोत उन्हें सपोर्ट कर रहे थे और कांग्रेस के अधिकारिक प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल को हराने का प्रयास कर रहे थे।

इस मामले में गंभीर रूप ले लिया है और गहलोत अपना बचाव नहीं कर पा रहे हैं। गहलोत कैम्प रक्षात्मक कार्यवाही में जुटा है, वहीं, पार्टी का गहलोत विरोधी कैम्प आक्रामक रूप से उन्हें निशाना बना रहा है।

## ट्रेन में यात्री के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

10 अगस्त, 2022 को साबरमती एक्सप्रेस के ए.सी. कोच में बैठकर मोहाली से जयपुर आ रही थी। रेवाड़ी स्टेशन पर कई बिना टिकट तथा कई जनरल कोच के यात्री उसके ए.सी. कोच में आ गए। शिकायत के बावजूद न तो मौके पर टी.टी. और कोच अटैन्डैंट आया और ना ही रेलवे पुलिस का कर्मचारी आया। इसके अलावा कोच में सुरक्षा का कोई इंतजाम भी नहीं था। इस दौरान एक व्यक्ति परिवादी का पर्स लेकर ट्रेन से कूद गया। उसके पर्स में 1.70 लाख रुपए नकद और अस्सी हजार रुपए की अंगूठी सहित अन्य सामान था। ऐसे में उसके सामान की रक्षा करने की जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन की थी। इसलिए उसे क्षतिपूर्ति दिलाई जाए। जिसके जवाब में रेलवे प्रशासन की ओर से कहा गया कि, रेलवे नियमों के अनुसार, सवारी डिब्बों में ले जाने वाली वस्तुएं मालिक की स्वयं की जोखिम पर ले जाई जाती हैं। रेलवे अधिनियम की धारा 100 के तहत "अनबुक्ड" लगेज के नुकसान के लिए रेलवे जिम्मेदार नहीं है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आयोग ने रेलवे पर हर्जाना व चोरी गई संपत्ति का मुआवजा देने का निर्णय दिया।

## 'हमने जमानत के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है।" सिंघवी विजय मदनलाल चौधरी के फैसले का हवाला देते हुए कहते हैं: "धारा 19 की व्याख्या वृहद है।"

सिंघवी ने कहा कि इसके तीन वाक्यांश हैं: (1) अपने पास मौजूद सामग्री (2) विश्वास के कारण (3) अपराध दोष। गिरफ्तार करने की शक्ति का यह मतलब नहीं है कि गिरफ्तार ही कर लिया जाए। संदेह के आधार पर नहीं बल्कि अपराध सिद्ध होना चाहिए। पी.एम.एल.ए. की धारा 45 की भी एक सीमा है। आप किसी को एक लम्बे समय तक गिरफ्तार कर रहे हैं, जबकि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है।

"या तो आपके पास दस्तावेज होते हैं या अपराध साबित करने वाले साक्ष्य होते हैं अथवा कोई आधार होता है, जिसके बारे में हम नहीं जानते। हिरासत में बंद किसी व्यक्ति से 16वीं बार बयान लिया जाता है। उसे जमानत मिलती है और बाद में वह सरकारी गवाह बन जाता है। उसका बयान आधार बन जाता है। यह पिछले वर्ष जुलाई माह की बात है। वे मेरे मुवक्किल को मार्च के महीने में गिरफ्तार करते हैं। मैं यह नहीं कह रहा कि मुख्यमंत्री को दण्ड से मुक्ति प्राप्त है, लेकिन क्या उसके पास अधिकार कम हैं?

दिल्ली के मुख्यमंत्री के दृष्टिकोण को समझाने के लिए सिंघवी उसके बाद एक अन्य त्वरित बयान देते हुए कहते हैं, "लेकिन कृपया ध्यान दें, मैं कोई आरोपी नहीं हूं। वे 24 मार्च तक यह स्वीकार करते हैं कि मैं ना तो कोई आरोपी हूं और ना ही कोई संदिग्ध।"

वह सी.बी.आई. की तीन चार्जशीट्स का भी हवाला देते हैं।

जस्टिस खन्ना ने एडवोकेट सिंघवी से कहा कि "सी.बी.आई. प्रकरण में आपका नाम अब तक नहीं है, जिस पर सिंघवी का उत्तर ना में था।

जस्टिस खन्ना ने आगे और स्पष्ट करते हुए कहा कि "बाद में केजरीवाल के नाम पर ई.सी.आई.आर. दायर की गई? इस पर सिंघवी का जवाब था- "ऐसा नहीं है। ई.डी. द्वारा केजरीवाल के खिलाफ केस बनाने के लिए पी.एम.एल.ए. की धारा 50 के अन्तर्गत गवाहों के बयानों पर भरोसा जताने से पहले ही ई.सी.आई.आर. फाइल कर दी गई थी।" सिंघवी आपराधिक केस की प्रक्रिया और पी.एम.एल.ए. प्रक्रिया के बीच के मूलभूत अंतर का उल्लेख करते हैं, खासतौर पर धारा 19 का, जो केजरीवाल के केस में लागू होती है।

जस्टिस खन्ना ने सिंघवी से पूछा कि उन्होंने जमानत याचिका दायर करने का विकल्प क्यों नहीं चुना। उन्होंने कहा कि "मतलब ये है कि आप गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ हैं। मैं जिज्ञावासश ही पूछ रहा हूँ कि आपने जमानत का आवेदन क्यों नहीं दिया? इस पर सिंघवी ने कहा कि "क्योंकि गिरफ्तारी अवैध है। पी.एम.एल.ए. की धारा 19 का दायरा बहुत व्यापक है।

आम आदमी पार्टी ने बताया है दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल की पत्नी सुनीता को तिहाड़ जेल में उनके पति से मिलने की इजाज़त दे दी गई है।

## अन्ततोगत्वा जोधपुर में गजेन्द्र सिंह ....

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हजार से अधिक वोटों के अन्तर से शिकस्त देकर जीत हासिल की थी।

इस बार के चुनाव में तो शेखावत का खुद का कद काफी बढ़ा हुआ था। हालांकि इस बार के चुनाव में भी मुख्य चेहरा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का था। मगर शेखावत की खुद की पहचान भी भाजपा के बड़े नेताओं में होने लगी थी जिसका उन्हें फायदा मिल सकता है।

**जोधपुर से अब तक के सांसद**

1951-52 महाराजा हनुवंत सिंह (निर्दलीय)
1952-57 (उपचुनाव) जसवंत राज मेहता (निर्दलीय)
1957-62 जसवंत राज मेहता (कांग्रेस)
1962-67 एल.एम. सिंघवी निर्दलीय
1967-71 एन.के. सिंघी (कांग्रेस)
1971-77 राजमाता कृष्णाकुमारी (निर्दलीय)
1977-80 रणछोड़दास गट्टानी (भारतीय लोकदल)
1980-84 अशोक गहलोत (कांग्रेस)
1984-89 अशोक गहलोत (कांग्रेस)
1989-91 जसवंत सिंह जसोल (भाजपा)
1991-96 अशोक गहलोत (कांग्रेस)
1996-98 अशोक गहलोत (कांग्रेस)
1998-99 अशोक गहलोत (कांग्रेस)
1999-04 जसवंत सिंह (विश्नोई भाजपा)
2004-09 जसवंत सिंह विश्नोई (भाजपा)
2009-14 चंद्रेश कुमारी (कांग्रेस)
2014-19 गजेंद्र सिंह शेखावत (भाजपा)
2019-24 गजेंद्र सिंह शेखावत (भाजपा)

## तीस जून को...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जुलाई को वार्षिक वेतन वृद्धि देने का प्रावधान है। याचिका में कहा गया कि, कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि अग्रिम देने के बजाए एक साल की सेवा करने के बाद में दी जाती है। ऐसे में याचिकाकर्ता एक साल की सेवा पूरी कर तीस जून को रिटायर हुए हैं। इसलिए उन्हें उस वर्ष काम करने के कारण एक जुलाई को मिलने वाली वार्षिक वेतन वृद्धि दी जाए।

याचिका में यह भी कहा गया कि, सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट पूर्व में तय कर चुके हैं कि, वेतन वृद्धि देने के लिए यह नहीं देखा जाएगा कि कर्मचारी सेवा में हैं या नहीं। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य सरकार को कहा है कि, वह याचिकाकर्ताओं को एक वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दे।

## देवेगौड़ा के पौत्र ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

लिया गया।

कांग्रेस प्रवक्ता ने प्रश्न किया कि यह जानने के बावजूद कि प्रज्वल दुनिया के सबसे बड़े एवं घिनौने यौन दुराचार का सरगना है, प्रधानमंत्री ने उसके लिए चुनाव प्रचार क्यों किया और उनके साथ मंच क्यों साझा किया।

सबसे महत्वपूर्ण यह है कि प्रज्वल को बच कर जर्मनी भागने में किसने मदद की? कांग्रेस ने उक्त प्रश्न कर अपने इरादे बिल्कुल स्पष्ट कर दिए हैं कि कर्नाटक व अन्यत्र होने वाले उसके चुनाव प्रचार में यह मुद्दा उठाया जाता रहेगा।

तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष यह मुद्दा पहले ही उठा चुकी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री को एक ट्वीट कर कहा कि "नरेन्द्र मोदी जी एवं जे.पी. नड्डा जी। आपकी कर्नाटक की सहयोगी पार्टी जे.डी. (एस.) का लोकसभा प्रत्याशी प्रज्वल रैवन्ना महिलाओं का बलात्कार और यौन उत्पीड़न करता रहा है। यहां तक कि तब भी यौन हिंसा की फिल्म बनाता रहा, और उस दौरान महिलाएं रोती रहीं। प्रज्वल अब देश से बाहर है। "नारी शक्ति" पर कृपया आपकी प्रतिक्रिया की प्रतीक्षा है।"

इस कांड के खुलासे की "टाइमिंग", न केवल कर्नाटक बल्कि पूरे देश में, भाजपा की संभावनाओं को हानि पहुंचा सकती है। सोशल मीडिया प्रचार के जमाने में, इण्डिया गठबंधन के नेता, खासकर पश्चिम बंगाल में, इस नवीनतम कांड के कारण भाजपा पर करारा प्रहार करेंगे। तृणमूल कांग्रेस, जिसे भाजपा ने संदेशखाली घटनाओं के कारण घेर लिया था, वह अब कर्नाटक सैक्स कांड और भाजपा की इस कांड पर चुप्पी को प्रभावकारी तरीके से इस्तेमाल करेगी। संयोगवश, पश्चिम बंगाल में भी अभी काफी ज्यादा सीटों पर मतदान होना बाकी है। भाजपा की चुप्पी प्रज्वल रैवन्ना जो कि विदेश भाग चुका है, के भागने को आसान बनाने में कथित मिलीभगत महिलाओं के वोट मांगने वाले उनके प्रचार को कमजोर कर सकती है।

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल (एस.) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी के कमज़ोर बचाव ने समस्या को और जटिल बना दिया है। नाराज़ कुमारस्वामी ने पूछा, "वीडियोज़" को तीन दिन पहले ही क्यों "रिलीज़" किया, उससे पहले क्यों नहीं? इस पुराने मुद्दे को चुनाव के वक्त उठाने की क्या जरूरत है? कुमारस्वामी द्वारा प्रश्न करने से ऐसा प्रतीत होता है कि वह इन वीडियोज़ की सत्यता को स्वीकारते हैं। अब जाँच के लिए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एस.आई.टी.) का गठन हो चुका है, सत्य को उजागर होने दीजिए। उन्होंने रैवन्ना के परिवार से दूरी बनाते हुए कहा, "जो भी गलती करेगा उसे देश के कानून के अनुसार नतीज़े भुगतने होंगे।" पार्टी के अंदर, अब नेतृत्व से प्रज्वल रैवन्ना के खिलाफ "एक्शन" लेने की मांग की जा रही है। जद (एस.) के विधायक, प्रज्वल रैवन्ना और उसके पिता एच.डी. रैवन्ना के पार्टी से निष्कासन की मांग कर रहे हैं क्योंकि, कथित तौर पर दोनों पर ही महिलाओं से यौन-उत्पीड़न के आरोप हैं।

इन जद (एस.) नेताओं के विरूद्ध दाखिल किए गए, एक विशेष मुकदमे में घर में काम करने वाली एक महिला ने पिता-पुत्र की जोड़ी पर, सन् 2019 से उसके यौन-उत्पीड़न करने का दावा किया है। सरकार द्वारा गठित एस.आई.टी. ने फरार नेता के खिलाफ धारा 354 डी, 506 और 509 के तहत केस दर्ज किया है।

# बी.ए.पी. की कड़ी चुनौती के बाद भी बांसवाड़ा-डूंगरपुर...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मालविया ही पाला बदल चुके हैं तो स्वाभाविक है उनके समर्थक भी उनके साथ भाजपा में चले गए हैं। क्षेत्र में अच्छी पकड़ के चलते मालविया की स्थिति, बाप पार्टी की तुलना में मज़बूत मानी जा रही है।

बीएपी के राजकुमार रोत की युवा वर्ग पर अच्छी पकड़ है। उन्होंने अब तक अलग चल रहे समर्थकों के परिजनों को भी बी.ए.पी. के समर्थन में मतदान करने पर राजी कर लिया, लेकिन इसमें भी उन्हें आंशिक सफलता ही मिल पाई है। रोत के पास युवा जोश है पर सिर्फ इसी के सहारे चुनाव नहीं जीता जा सकता है। मालविया को इस क्षेत्र में राजनीतिक विशेषज्ञ माना जाता है उसके पास धनबल है, संगठन की ताकत है लिहाजा उनका पलड़ा भारी है।

बांसवाड़ा -डूंगरपूर संसदीय सीट परम्परागत रूप से कांग्रेस-भाजपा के लिए वर्चस्व की लड़ाई के रूप में जानी जाती थी। पर पिछले कुछ समय से क्षेत्रीय दल भारत आदिवासी पार्टी (बाप) का प्रभाव बढ़ रहा है। लोकसभा चुनाव में बाप पार्टी ने क्षेत्र की आठों विधानसभा सीटों में पहले ही प्रचार शुरु कर दिया था। कांग्रेस ने पहले तो यहां प्रत्याशी खड़ा कर दिया था पर बाद में बाप से गठबंधन कर लिया और अपना प्रत्याशी वापस लेने की घोषणा कर दी पर कांग्रेस के प्रत्याशी अरविंद डामोर नामांकन वापसी की आखिरी तारीख को "लापता" हो गए। डामोर नेतृत्व के निर्देशों को दरकिनार करते हुए चुनावी मैदान में डटे रहे। इसका फायदा सीधे तौर पर भाजपा को होता लग रहा है।

असल में बाप के साथ समझौते को लेकर डूंगरपुर जिला कांग्रेस खुश नहीं थी। दूसरी ओर बाप ने भी कांग्रेस को अपने प्रचार अभियान से दूर ही रखा हुआ था। दोनों जिलों में कांग्रेस ने क्षेत्रीय दल के प्रत्याशी के समर्थन में पहले तो कोई सभा तक नहीं की लेकिन, अन्तिम दौर में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी दोनों ने बी.ए.पी. के प्रत्याशी राजकुमार रोत के समर्थन में एक जनसभा कर अपना गठबंधन धर्म निभाया था। क्षेत्र के एकमात्र कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा पहले दिन से ही इस बाप पार्टी से अपनी दूरी बनाये हुए हैं। पिछले दस वर्षों से आपसी गुटबाजी ने कांग्रेस की हालत खराब कर दी है।

पंचायती राज के चुनावों में कमल-कांग्रेस का गठबंधन कर जिला प्रमुख का पद भाजपा को सौंपा गया था। आन्तरिक कलह इस कदर बढ़ गई कि विधानसभा चुनावों में पूर्व जिलाध्यक्ष की कार्यशैली को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर खूब चला था। पार्टी चार भागों में विभक्त हो गई थी। डूंगरपुर कांग्रेस में हो रही इस तरह की गुटबाजी को लेकर कभी भी प्रदेश नेतृत्व ने कोई गंभीरता नहीं दिखाई। उसी के कारण आजादी के बाद से जो कांग्रेस इस जिले में एक छत्र रूप से छाई हुई थी। उसका आम कार्यकर्ता अपने आप को असुरक्षित समझने लगा और लोकसभा चुनावों से पहले बांसवाड़ा के कद्दावर नेता सांसद व मंत्री रह चुके मालवीया ने भाजपा का दामन थाम लिया। उनके साथ-साथ कई अन्य कांग्रेसी नेताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली और इन चुनावों में भाजपा के लिए राह आसान कर दी।

पांच महीने पहले विधानसभा चुनाव में हुए मतदान और लोकसभा चुनाव के मतदान में सबसे ज्यादा कमी इस बार कुशलगढ़ विधानसभा में आई है। यहां 89.90 प्रतिशत मतदान हुआ था जो अब 69 प्रतिशत पर पहुंच चुका है। इतनी गिरावट की वजह स्थानीय लोगों का रोजगार के लिए गुजरात और महाराष्ट्र की ओर पलायन है। भाजपा प्रत्याशी की बागीदौरा सीट पर 5.39 और बाप प्रत्याशी राजकुमार की चौरासी विधानसभा सीट पर 8.36 प्रतिशत कम मतदान हुआ है। इस संसदीय सीट पर बांसवाड़ा में 79.02, बागीदौरा में 76.66, कुशलगढ़ में 75.01, घाटोल में 80.85, गढ़ी में 75.01, सागवाड़ा में 69.05 प्रतिशत, चौरासी में 71 तथा डूंगरपुर में 65.12 प्रतिशत मतदान हुआ। इस क्षेत्र की आठ सीटों पर कुल 72.77 प्रतिशत मतदान हुआ।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा। आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908